जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**We, Mothers, caught in the crossfire** — Martin Luther King famously said," Violence corrupts the soul." Both sides have their souls corrupted and they don't care.

**'Ultra-Green' Concrete** — Researchers want to alter the formulation of concrete by adopting an "ultra-green concrete" approach.




# भाजपा हाई कमान ने ज्यादा मैच्योरिटी (समझदारी) से ''हैण्डल'' की बागियों की चुनौती

## फाइनल्स में (2024 के लोकसभा चुनाव में) यह मैच्योर हैंडलिंग भारी ''एडवांटेज'' साबित होगी भाजपा के लिये

**-विशेष प्रतिनिधि द्वारा-**

जयपुर, 20 नवम्बर। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा की आंतरिक स्थिति ज्यादा जटिल व पेचेदगी पूर्ण रही, कांग्रेस की तुलना में। कई मुख्यमंत्री पद के ''उम्मीदवार'' थे भाजपा में, और इससे भी ज्यादा बड़ी चुनौती व दुविधा थी पूर्व मु.मंत्री वसुंधरा राजे को पूर्णतया बागी नहीं होने देना, पर, यह भी स्पष्ट मैसेज देना कि, हाई कमान उनसे ''खुश'' नहीं तथा हाई कमान उन्हें संभवतया मु.मंत्री पद पर स्वीकार करने का इच्छुक नहीं।

उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट में हाई कमान ने यह भी ''इम्प्रेशन'' बनने दिया कि, वसुंधरा राजे के समर्थकों को लगभग चालीस टिकट मिले। पर, उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी होने के बाद, जब यह भी स्पष्ट हो गया कि, वसुंधरा के ''जिहादी जत्थे'' (सबसे वफादार समर्थकों) जैसे परनामी, यूनुस खान और राजपाल सिंह को टिकट नहीं मिला है तो, वसुंधरा जी के खेमे में मायूसी छायी तथा वसुंधरा जी को भी शायद स्पष्ट हो गया कि, हाई कमान उन्हें मु.मंत्री के रूप में देखना नहीं चाहता। पर, अपने चालीस समर्थक, जिन्हें टिकट मिले हैं, को जिताने के प्रयास में उन्हें जुटना ही पड़ा। लेकिन, मजे की बात यह है कि, ये चालीस समर्थक जिन्हें टिकट मिल हैं, वे पूर्णतया वसुंधरा जी के खेमे के लोग नहीं हैं। इन लोगों ने सभी बड़े भाजपा नेताओं के, हाई कमान के भी पूरे चक्कर खाये हैं टिकट पाने के लिये तथा नेताओं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आज प्र.मंत्री का जयपुर में रोड शो

जयपुर, 20 नवंबर (का.सं.)। मरुधरा का रण जीतने के लिए अब प्रदेश की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी तरह अपने हाथ में ले ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार जयपुर में रोड शो के माध्यम से जनता से वोट की अपील करेंगे।

लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने वाराणसी में रोड शो किए थे और उसके बाद हाल ही में गुजरात में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में लगभग सभी संभागों में रोड शो के आयोजन हुए थे। गुजरात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो द्वारा भाजपा को सफलता हासिल हुई थी, और अब राजस्थान की राजधानी जयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो का आयोजन मंगलवार शाम को किया जाएगा। परकोटे में लगभग पांच किलोमीटर का रोड शो होगा।

- **प्रधानमंत्री मोदी परकोटे में 5 किलोमीटर लम्बा रोड शो करेंगे।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बीकानेर में मोदी का रोड शो: लोगों ने कहीं फूल बरसाए, तो कहीं आरती उतारी

- **पाली की विशाल आमसभा में मोदी ने कहा, पाली के भाजपा कार्यकर्ता और सोजत की मेहंदी का रंग कभी उतरता नहीं है।**
- **पीलीबंगा की विशाल आमसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने, श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले के नशे के तस्करों को जेल भेजने की गारंटी दी।**

बीकानेर, 20 नवम्बर (कासं)। बीकानेर में प्रधानमंत्री मोदी रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी। जूनागढ़ से शुरु हुआ साढ़े चार किलोमीटर का रोड शो, एक घंटा चला। खुली जीप में सवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों और खड़े भारी जनसमूह का अभिवादन किया लोगों ने मोदी -मोदी के नारे से आसमान गुंजा दिया। रोड शो जुनागढ़ के आगे से शुरू होकर सादुल सर्किल, हैड पोस्ट आफिस, जस्सूसरगेट, एम.एम. ग्राउण्ड होते गोकुल सर्किल पहुंचा। रास्ते भर में रोड शो का जगह जगह पर स्वागत किया गया। लोग प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए घंटों तक इंतजार में खड़े रहे।

रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री मोदी पर कहीं पुष्प वर्षा की गई तो कहीं दीपकों से सजी थाली से महिलाओं ने मोदी की आरती उतारी। रोड शो में वाहन पर सवार मोदी कुछ नहीं बोले, केवल हाथ हिलाते लोगों का कभी हाथ हिलाकर कभी हाथ जोड़कर अभिवादन करते रहे। रोड शो के दौरान मोदी के पास पार्टी का सिम्बल कमल का फूल और केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ही रहे। सड़क के दोनों और लगे बैरिकेड्स को भाजपा के झंडे के रंग के कपड़ों से सजाया गया था तथा हरे-केसरिया गुब्बारे लगाए गए थे।

मोदी ने सोमवार को पाली-सोजत राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाडन गांव स्थित ओम विश्वदीप गुरुकुल आश्रम में विशाल सभा को संबोधित किया। मोदी सोमवार अपरान्ह लगभग 12.05 बजे आर्मी के तीन हैलिकॉप्टर घेरे में जाडन पहुंचे। उन्होंने कहा कि ''पाली का भाजपा कार्यकर्ता और सोजत की मेहंदी का रंग नहीं उतरता।'' मोदी ने कहा, राज्य के लोग भाजपा को सत्ता में लाने के लिए आतुर हैं। भाजपा राज्य के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )









## विचार बिन्दु

अपनी करनी कभी निष्फल नहीं जाती। –कबीर

# राजस्थान के मतदाता से अपील

25 नवंबर 2023 को राजस्थान की विधानसभा के लिए मतदान होगा। इस मतदान के माध्यम से यह तय होगा कि आगामी 5 वर्ष तक राजस्थान का प्रतिनिधित्व कौन से 200 विधायक करेंगे और वे बहुमत से निर्णय लेंगे कि राज्य में आगामी 5 साल तक किसका शासन होगा?

राजस्थान में कुल 5.26 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से 2.51 करोड़ महिला एवं 2.75 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। औसतन एक विधायक लगभग 4 लाख लोगों या 2.6 लाख मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करता है। 25 नवंबर को मतदाता जब मतदान स्थल तक जाएगा तो उसे किन बातों का ध्यान रखकर मतदान करना चाहिए, इस संबंध में कुछ बिंदु प्रस्तुत हैं, ताकि उसे सर्वाधिक उपयुक्त व्यक्ति का चयन करने में सहायता मिल सके।

सर्वप्रथम, तो यह सुनिश्चित करना है कि सभी मतदाता अवश्य ही मतदान करें। कई लोग यह समझते हैं कि मतदान करने से क्या फायदा और एक वोट से होगा क्या? उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि वह मतदान न करके भी उस व्यक्ति की सहायता करेंगे जो उनके अनुसार सही नहीं है। छोटी-मोटी कोई भी समस्या हो, प्रत्येक को मतदान केंद्र तक जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना ही है। यह उल्लेखनीय है कि गत चुनाव में ऐतिहासिक मतदान प्रतिशत होने के बावजूद 75 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसका अर्थ यह हुआ कि अपना प्रतिनिधि चुनने में 25 प्रतिशत लोगों ने अपनी भागीदारी नहीं निभाई। सामान्यतया जीत - हार में अधिकतम अन्तर कुल मतदाताओं का 5 प्रतिशत होता है। कई बार तो यह अन्तर 1000 वोट से भी कम, यानि कुल मतदाताओं का 0.5 प्रतिशत या इससे भी कम होता है। यदि शेष 25 प्रतिशत मतदाता भी अपने अधिकार का प्रयोग करते, तो परिणाम क्या होता, कहा नहीं जा सकता। कहने का तात्पर्य यह कि प्रत्येक मतदाता का मत बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वह परिणाम को बदलने की क्षमता रखता है। अतः सभी मतदाताओं से आग्रह है कि वे मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और राजस्थान में आगामी 5 वर्ष के लिए सरकार चुनने में अपनी भागीदारी निभाएं।

अब प्रश्न यह उठता है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय किन बातों का उसे ध्यान रखना चाहिए। सामान्यतः उम्मीदवार या तो किसी राजनीतिक दल के टिकट पर चुनाव लड़ रहा होगा अथवा कोई निर्दलीय हो सकता है। आपके क्षेत्र का उम्मीदवार या तो पूर्व से राजनीति में होगा या कोई पहली बार राजनीति में प्रवेश कर रहा होगा। पहली परिस्थिति में यदि कोई व्यक्ति, पहले से किसी राजनीतिक दल में है, उसके टिकट पर चुनाव लड़ रहा है तो आप उस दल की विचारधारा के अनुसार मतदान कर सकते हैं। साथ ही यह भी अवश्य देखिए कि आपके क्षेत्र का प्रतिनिधित्व जो व्यक्ति करेगा उसकी क्षमता एवं गुण क्या हैं? आप कोई वस्तु खरीदते हैं तो उसकी गुणवत्ता, कीमत सबका ठोक बजाकर आकलन करने के बाद ही अपना निर्णय लेते हैं। यहाँ तो आप आगामी पाँच साल के लिए अपना विधायक चुन रहे हैं तो आपको अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

सर्वप्रथम, तो यह सुनिश्चित करें कि आपराधिक छवि वाले व्यक्ति को आपका मत नहीं मिले। प्रत्येक उम्मीदवार के विरुद्ध आपराधिक प्रकरणों की जानकारी सार्वजनिक रूप से चुनाव आयोग की वेब साइट पर उपलब्ध है। यह उल्लेखनीय है कि मतदाताओं द्वारा अपने कत्तर्व्य का निर्वहन नहीं करने के कारण ही आपराधिक पृष्ठभूमि के विधायकों की संख्या बढ़ती गई है।

दूसरा गुण उस व्यक्ति में आप देख सकते हैं, वह उसकी ईमानदारी है। जो व्यक्ति पहले से राजनीति में है, उसके बारे में आपको स्वयं को पता होगा अथवा न पता हो तो जानकारी अवश्य करिए कि वह ईमानदार है या नहीं? उसकी संपत्ति में किस प्रकार वृद्धि हुई है एवं उसकी आय के साधन क्या हैं? अपनी आय प्राप्ति के लिए वह किस प्रकार के साधनों का प्रयोग करता रहा है? यदि किसी व्यक्ति की सम्पत्ति उसकी आय के ज्ञात साधनों से अधिक है तो उसे अपने मत का समर्थन मत दीजिए। जो व्यक्ति अब तक अनैतिक, गैर कानूनी तरीकों से अथवा अपने पद के प्रभाव के कारण धन का संचय करता रहा है तो अचानक वह ऐसा करना बंद कर देगा, ऐसा सोचना सही नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति ईमानदार है तो उसे आपके क्षेत्र का प्रतिनिधि बनने का अधिकार होना चाहिए।

यदि कोई व्यक्ति अब तक राजनीति में नहीं था और पहली बार राजनीति में प्रवेश कर रहा है, तो उसके बारे में यह पता कीजिए कि सार्वजनिक जीवन में उसका रिकॉर्ड क्या रहा है? यदि कोई अधिकारी था तो क्या उसने ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ जन समस्याओं को हल करने का काम किया है अथवा लोगों के साथ असंवेदनशील और भ्रष्ट तरीके अपनाते हुए अपने धन का संचय किया है? क्या उसने सेवा काल में नेताओं की चापलूसी करके तथाकथित मलाईदार पोस्टिंग प्राप्त करने में ही पूरी ऊर्जा लगा दी? यह पता करना कोई मुश्किल काम नहीं है कि किसी भी अधिकारी की छवि क्या रही है? यदि आपको न पता हो, तब भी इस बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करके ही मताधिकार का प्रयोग करेंगे तो आप अधिक उपयुक्त व्यक्ति अपने क्षेत्र के लिए चुन पाएंगे।

**समाज में महिलाओं एवं कमजोर वर्ग के प्रति आपके उम्मीदवार का किस प्रकार का दृष्टिकोण रहा है, यह भी आपके निर्णय का आधार होना चाहिए। कई व्यक्ति ऐसे होते हैं जो महिलाओं को एक वस्तु की तरह समझते हैं एवं उसी प्रकार उनका उपभोग करते हैं। ऐसे व्यक्तियों को अपना प्रतिनिधि चुनने से परहेज करेंगे तो अधिक अच्छा होगा।**

तीसरी कसौटी किसी उम्मीदवार के सम्बन्ध में यह हो सकती है कि वह, क्या केवल अपनी जाति, धर्म और अपने ही परिवार के लोगों के लिए पूरे समय काम करता रहा है या उसने बिना भेदभाव के अपने क्षेत्र के सभी लोगों के साथ मिलकर काम करने का प्रयास किया है? देश हित में और आपके क्षेत्र के हित में भी यही है कि निर्वाचित व्यक्ति, जाति- धर्म- वर्ग - परिवार से ऊपर उठकर केवल सार्वजनिक हित को सर्वोपरि रखे एवं उस व्यक्ति का हित सबसे पहले देखे जो जिसका और कोई सहारा ना हो एवं जो स्वयं अपने लिए रास्ता बनाने में सक्षम न हो। यदि किसी व्यक्ति ने साधारण जनता की कीमत पर कुछ बाहुबलियों और धनाढ्य, प्रभावशाली व्यक्तियों के हित को आगे बढ़ाने का काम किया हो तो ऐसे व्यक्तियों को आपका समर्थन नहीं मिलना चाहिये। आपका मत उसे मिलना चाहिए जिसका चरित्र उत्तम हो। जिस व्यक्ति में चरित्र का नैतिक बल नहीं होगा, वह गलत नीतियों और असंवेदनशील अधिकारियों का विरोध करने का साहस नहीं जुटा पाएगा। अपने उम्मीदवारों के बारे यह जानकारी जुटाना कठिन नहीं है। क्या उम्मीदवार केवल अपने स्वयं के परिवार के एवं जाति, रिश्तेदारों के लिए ही पूरा समय काम करता है अथवा अपने क्षेत्र के सार्वजनिक हित के लिए भी अपना पूरा समय देता है?

चौथी कसौटी यह होनी चाहिए कि क्या उम्मीदवार सरल जीवन यापन करता है अथवा दिखावे के जीवन में विश्वास करता है? क्या वह बहुत ही वैभवशाली तरीके से अपना जीवन यापन कर रहा है? यदि वह ऐसा करने के लिए किसी को अनुचित लाभ पहुंचा कर बदले में लाभ प्राप्त करने की दृष्टि से ऐसा करता रहा है तो ऐसे व्यक्ति से सावधान रहने की आवश्यकता है। ऐसे व्यक्ति कभी भी साधारण नागरिक के साथ अपने आप को नहीं जोड़ पाएंगे। यदि चुनाव के दिनों में ऐसा कर भी रहे हैं तो वह केवल मतदान के दिन तक होगा और जीतने के बाद वह साधारण जनता की ओर कभी रुख भी नहीं करेंगे। ऐसा व्यक्ति आपके क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का सही अधिकारी नहीं है।

पांचवां मापदंड यह कि, उसका व्यवहार किस प्रकार का है? क्या सामान्य व्यक्ति के लिए उससे मिलना पहले संभव रहा है एवं जब भी आपने उससे मिलने का प्रयास किया तो आप सफल हो पाए या नहीं? यदि पहले वह आपके क्षेत्र का विधायक रह चुका है, तो इसका आकलन करना आपके लिए और भी सरल है। जो व्यक्ति जनता से दूर रहेगा वह व्यक्ति आपके क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का अधिकारी हो नहीं सकता। अपने मतदान का प्रयोग करते समय इस बात पर अवश्य ध्यान दें कि कौन सा उम्मीदवार जनता को सहजता के साथ उपलब्ध है एवं क्या सामान्य जन, अपनी समस्या से अवगत कराने के लिए उसके पास पहुंच सकता है?

अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय यह भी देख सकते हैं कि कोई व्यक्ति केवल चुनाव के कुछ दिनों पूर्व ही दल बदल कर किसी नए दल में तो नहीं आया है, और वहां से टिकट प्राप्त कर के उम्मीदवार बन गया है? ऐसे व्यक्ति सामान्यतया किसी विचारधारा में विश्वास नहीं रखते हैं एवं दल बदल का मुख्य कारण ही यह होता है उन्हें उनके दल ने उन्हें टिकट नहीं दिया। ऐसे व्यक्ति आपके क्षेत्र का सही तरह से प्रतिनिधित्व कर पाएंगे, इसकी संभावना कम ही है। वे किसी नीति या निर्णय का विरोध केवल स्वयं के स्वार्थ के लिए ही करेंगे। दल बदल की प्रवृत्ति पर रोक भी तभी लगेगी जब इस प्रकार के लोग चुनकर विधानसभा में नहीं जाएंगे। अपने क्षेत्र के बारे में इसका आकलन करने के पश्चात ही अपने मताधिकार का प्रयोग करें तो दल बदलने वालों को सबक सिखाने का यह एक अच्छा अवसर होगा।

मताधिकार का निर्णय करते समय एक महत्वपूर्ण बिंदु ध्यान में रखने योग्य यह है कि आपका प्रतिनिधि कितना शिक्षित और कितना जानकार है? शिक्षा का अर्थ केवल औपचारिक शिक्षा ही नहीं अपितु अपने विवेक एवं ज्ञान के आधार पर क्या वह नीतियों के प्रभाव का आकलन करने में समर्थ है या नहीं? जब कोई व्यक्ति विभिन्न प्रकार की नीतियों का सामान्य मतदाता पर क्या प्रभाव होगा, इसका आकलन करने में ही सक्षम नहीं है, तो वह किस प्रकार विधानसभा में अपना पक्ष पुरजोर तरीके से प्रस्तुत कर पाएगा? किसी भी व्यक्ति की शैक्षिक योग्यता के साथ ही उसमें सार्वजनिक क्षेत्र से संबंधित बिंदुओं को समझने एवं उनका विश्लेषण करने की तथा उनके सामान्य जनजीवन पर प्रभाव का आकलन करने की कितनी क्षमता है, इसको देखकर ही अपना मत उसे दें। मतदाताओं को यह स्पष्ट होना चाहिए कि आपके 25 नवंबर के मतदान के माध्यम से राज्य की सरकार चुनी जाएगी न कि स्थानीय निकाय की एवं न ही केंद्र सरकार की। कई बार मतदाता अपने मत का प्रयोग करते समय इस बात को भूल जाता है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार स्थानीय निकाय या पंचायती राज संस्थायें सबकी अपनी अलग अलग भूमिका है, किन्तु 25 नवंबर को होने वाले मतदान के आधार पर, राज्य के सरकार के स्तर पर लिए जाने वाले निर्णय लिए जाने के लिए ही सरकार का गठन किया जाएगा। सरकार उसी की बनेगी जिसे आपके द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों में से बहुमत का समर्थन प्राप्त होगा। वैसे भी सामान्य नागरिक के जीवन को प्रभावित करने वाले अधिकांश निर्णय राज्य स्तर पर ही लिए जाते हैं।

जिस दल के द्वारा आपके जीवन को प्रभावित करने के संबंध में निर्णय लिए जाएंगे, उनके बारे में सोच-समझकर अपने अधिकार का प्रयोग कीजिएगा। क्या आपके क्षेत्र के उम्मीदवार ने अथवा उसके दल ने, आपके जीवन को अधिक सुगम एवं सरल बनाने हेतु कार्य किया है अथवा परेशानियां और बढ़ाई हैं? आप जब अपना वोट दें, तो इस कसौटी पर भी अपने उम्मीदवार को कसकर अवश्य देखें कि किसने आपके जीवन में सुगमता और सुविधा बढ़ाने का कार्य किया है? समाज में महिलाओं एवं कमजोर वर्ग के प्रति आपके उम्मीदवार का किस प्रकार का दृष्टिकोण रहा है, यह भी आपके निर्णय का आधार होना चाहिए। कई व्यक्ति ऐसे होते हैं जो महिलाओं को एक वस्तु की तरह समझते हैं एवं उसी प्रकार उनका उपभोग करते हैं। ऐसे व्यक्तियों को अपना प्रतिनिधि चुनने से परहेज करेंगे तो अधिक अच्छा होगा। जो भी जनप्रतिनिधि महिलाओं एवं समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध न हो, वह आपके क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए कतई उपयुक्त नहीं है।

कुछ बिंदु यहां पर लिखे गए हैं एवं इसके अतिरिक्त भी आप चुनाव करते समय अपने पूरे विवेक और जिम्मेदारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें। आपके द्वारा चुना गया विधायक पांच वर्ष तक आपके क्षेत्र लिए आवंटित करोड़ों रुपए का उपयोग (या दुरुपयोग?) करने के लिए जिम्मेदार होगा। यदि आपने 25 नवंबर को यह सावधानी बरती और पूरे विवेकपूर्ण तरीके से उपरोक्त बिंदुओं की कसौटी पर कसते हुए अपने उम्मीदवार का चयन किया और उसे विजेता बनाया तो आगामी पांच वर्ष तक आपका क्षेत्र अधिक तेजी से विकास की गति पर आगे बढ़ पाएगा और समाज में अधिक समन्वय और सहयोग की भावना आपके क्षेत्र में बनी रहेगी। आपके प्रतिनिधि का संपर्क भी आपसे केवल चुनाव के दिन ही नहीं अपितु 5 वर्ष तक निरंतर बना रहेगा। आप अपने क्षेत्र के लिए सर्वाधिक उपयुक्त व्यक्ति का समर्थन करते हुए उसे विजय प्राप्त करने में सहायक बनेंगे, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ, आपसे एक बार पुनः आग्रह है कि अपने मत के अधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# किसान-ग्रामीण भारत और चुनाव



महावीर सिंह

**राजस्थान** की विधान सभा के लिए, मतदाताओं द्वारा विधायकों का चुनाव करने के लिए 25 नवम्बर, 2023 को वोट डाले जाएंगे। मतदान का अधिकार संविधान द्वारा प्रदत्त वह अधिकार है जिसके द्वारा मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार को मत देगा। जिस उम्मीदवार को सर्वाधिक मत मिलेंगे, वह व्यक्ति आगामी 5 साल के लिए विधान सभा में और सरकार के समक्ष जनता की मांगे, कठिनायों को रखेगा और समाधान के प्रयास करेगा।

मतदाताओं के विभिन्न समूहों की अलग अलग दिक्कतें है, आकांक्षाएं है और स्वस्थ लोकतंत्र में उन्ही सब बातों को ध्यान में रख कर मतदाता से मतदान की अपेक्षा की जाती है। युवाओं के लिए सरकारी, गैर सरकारी रोजगार, स्वरोजगार की शीघ्र व सहज उपलब्धता का मुद्दा होगा। महिलाओं के लिए आम सुरक्षा, गृहणियों के लिए मंहगाई, विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति करने-आगे बढ़ने के अवसर और अपनी पहचान के मुद्दे होंगे।आम गरीब जन के लिए सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, बच्चो की शिक्षा आदि अहम मुद्दे है। यह बात अलग है कि मतदाता अपने मुद्दों को ध्यान में रख कर वोट डालेगा या धर्म, जाती, क्षेत्र, जातीय जनगणना, आरक्षण जैसी बातों को महत्व देगा। 60 प्रतिशत के लगभग किसानों, ग्रामीणों के लिए अहम मुद्दे क्या है? वैसे तो हमेशा से ही किन्तु वर्ष 2000 के बाद, प्रायः, हर पार्टी और उनके बड़े नेता को किसानों को खुशहाल करने की बात बड़े जोर सोर से कहते रहे है किन्तु अफसोस, आज भी औसतन ग्रामीण भारत/किसानों की प्रतिदिन औसत आय मात्र 27 रु के करीब है।

दोनों बड़ी पार्टियां चुनाव से पहले वोटर्स को लुभाने के लिए आने वाले 5 साल में किस वर्ग के लिए क्या करेंगी, इसकी घोषणाएं करती हैं। भाजपा नें 16 नवम्बर, 23 को अपना घोषणा पत्र जारी किया है। कांग्रेस नें पिछले 6 माह से नई-नई योजनाओं की घोषणा-क्रियान्वयन किया है और अब 7 गारंटियों की घोषणा की है। आओ किसानों की दृष्टि से, उनकी आशाओं - मांगों पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के अब तक के रवैये, उनकी घोषणाओं के मध्यनजर उन पर विचार करें ::--

कृषि के सम्बंध में कोई चर्चा करने से पहले, चौधरी चरण सिंह जी का यह कथन याद रखना होगा कि भारत की उन्नति का रास्ता खेत-खलिहान में से होकर गुजरता है। किसानों की वर्षों से मांग रही है कि-

(1) उन्हें उनकी फसल/पैदावार का लाभकारी मूल्य मिले। इसके लिए सरकार पारदर्शी तरीके से फसलों पर होने वाली लागत-- फसल, बुवाई, खाद, बीज, कीटनाशी दवाएं, निराई, कटाई, निकलाई, भंडारण और ढुलाई की वास्तविक लागत निकलाई जाए। इस लागत पर स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसा के अनुसार 50 प्रतिशत लाभ किसान को मिले,वह न्यूनतम समर्थन मूल्य तय हो। कृषि लागत निर्धारित करने वाले आयोग-कमेटियों में किसानों का कानून के अनुसार प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो। भजपा हो या कांग्रेस दोनों की सरकार रही है और दोनों नें अब तक इस मुद्दे को नहीं स्वीकार किया।

(2) लाभकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने मात्र से किसान का भला नहीं हो सकता। इस मूल्य से नीचे सरकारी व खुले बाजार में खरीदी नही हो, इसके लिए भी बाध्यकारी कानून की वर्षों से मांग किसानों की रही है। दोनों ही बड़ी पार्टियां अब तक इस से कन्नी काटती रही है।

(3) समय-समय पर किसानों को सलाह दी जाती रही है अधिक पानी की आवश्यकता वाली फसलें यथा गन्ना, गेंहू, धान आदि न बो कर, कम पानी वाली फसलें बोयें। कृषि का विविधीकरण हो। फल, सब्जी, मसाले आदि कोमर्सियल क्रॉप्स बोयें। सलाह सही है किंतु किसान पारम्परिक फसलों से हट कर हॉर्टिकल्चर या अन्य फसल पर जाएगा तो उसे उन्हें अपनाने में समय लगेगा, उसे इस अवधि में आय का नुकसान भी होगा। इस अवधि में पारम्परिक खेती से होने वाली आय व आय में अंतर को, कुछ समय के लिए कम्पनसेट करना आवश्यक है। इसके लिए यह भी आवश्यक है कि बड़े पैमाने पर 2-4 पंचायतों के मध्य,सरकार मॉडल फार्म्स तैयार करे। प्रत्यक्ष को क्या प्रमाण वाली उक्ति के अनुसार किसानों को फल-सब्जी-मसालों की खेती के लाभ दिखाए और उसके लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही व्यापक स्तर पर कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी कृषकों को समझाइश कार्यक्रम शुरू करें, जिनका अत्यंत अभाव है। दोनों ही बड़ी पार्टियों के पास इस सम्बंध में कोई स्पष्ट योजना नहीं है।

(3) किसानों की जोतें पारिवारिक विभाजनों के चलते काफी छोटी हो गई है व कई स्थानों पर बिखरी हुई है। इसके लिए व्यापक स्तर पर जोत एकीकरण कार्यक्रम शुरू किया जाना कृषि व कृषकों के हित में होगा। किसी भी राजनीतिक दल का इस सम्बंध में कोई स्पष्ट नीति नहीं है, जो होनी चाहिए।

(4) किसानों की मांग रही है कि जिस प्रकार सामान्य रुप से आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं के लिए मंहगाई सूचकांक निकाला जाता है, उसी प्रकार कृषि में प्रयुक्त ईनपुट्स का भी, तिमाही मंहगाई सूचकांक निकाला जाए और उसे लाभकारी न्यूनतम मूल्य के साथ जोड़ा जाए। सभी राजनीतिक दल इस पर मोन साधे है।

(4) किसानों की लंबे समय से मांग रही है कि खाद्य पदार्थों के आयात-निर्यात के लिए मात्रा और समय से सम्बंधित निर्णयों में किसानों, उनके संगठनों के माध्यम से भागीदारी की जाए, उनकी राय ली जाए। कई बार आयात ऐसे समय किय्या जाता है जिस से खुले बाजार में किसानों की फसलों भाव गिरते है।

(5) आवारा पशु पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए सरदर्द बने हुए है। लगातार बढ़ते जा रहे है। सरकार चाहती है कि अवर पशुओं को रखने, देखभाल-खाने पीने का बंदोबस्त ग्रामीण ही करें। सरकार नमात्र सी सब्सिडी दे देगी। अगर आवारा पशुओं के लिये सरकारें इतनी दरियादिल है तो सरकारी बजट से,-- गोशालों के लिए भूमि, बाउंड्री, शेड्स व दैनिक चारे और पानी की व्यवस्था, देखभाल करने वालों की व्यवस्था की सारी व्यवस्था सरकार करे।

(6) ग्रामीणों के हित में, राजस्व कानूनों में संसोधन भी आवश्यक है। ग्राम पंचायत स्तर पर तहसील स्तर के कुछ अधिकार दे देने चाहिए यथा सीमा ज्ञान, रास्तों को विवाद, आपसी सहमति के बंटवारे व भूमि की अफल बदली आदि। उपखण्ड अधिकारी व उस से ऊपर के अधिकार भी एक एक नीचे के स्तर पर दे देने चाहिए जिस से न्याय के लिये ग्रामीणों को सुविधा हो।

(7) अनावृष्टि, अतिवृष्टि व प्राकृतिक आपदाओं से किसानों की रक्षा करना बहुत जरूरी है। इसके लिए बीमा का प्रावधान तो है किंतु उसका क्रियान्वयन अत्यंत क्लिष्ट है। समय पर पारदर्शी तरीके से खराबा रिकार्ड नहीं होता और बीमा क्लेम या तो मिलता नही या खराबे की तुलना में अत्यंत कम मिलता है और देरी से तो मिलता ही मिलता है। तहसील-पंचायत समिति स्तर पर अधिकांशतः तो बीमा कंपनियों के कार्यालय-कर्मचारी हैं ही नही या दफ्तर बंद मिलते है। उनके कर्मचारी तो ढूंढने से भी नहीं मिलते। सेटेलाइट पिक्चर्स के आधार पर तुरंत खराब रिकार्ड करने की व्यवस्था इसमें सहायक हो सकती है। बीमा कंपनियों के लिए सेटेलाइट इमेजरीज के आधार पर खराबे अनुमान लगाना लाजमी किया जाए। स्वयं बीमा कम्पनी अपने स्तर पर गिरदावरी की पहल करे। देरी की स्थिति में अपने कर्मचारियों से करवाए। मौके की पटवारी गिरदावरी आवश्यक है किंतु यह तुरन्त करवाना बहुत जरूरी है ताकि क्लेम्स का भुगतान शीघ्र हो।

किसान जब ऋण लेता है तब एक फसल अंकित करवाता है किंतु मौषम की या खाद-बीज आदि की उपलब्धतता की परिस्थियों के अनुसार उसे दूसरी फसल बोनी पड़ती। इसके आधार पर बीमा क्लेम रिजेक्ट करने के मामले भी सामने आते हैं। यह अनुचित है। यदि मौके पर बोई ग़ज़ल के लिए प्रीमियम ज्यादा होता है तो अंतर राशि किसान से वसूल कर लें किन्तु खराबे का क्लेम रिजेक्ट करना घोर अन्याय है। अभी तक का अनुभव तो यह है कि कृषि बीमा करने वाली कम्पनियां बेलगाम हैं।

(8) कृषि से सम्बंधित निर्णय लेने वाले स्तरों पर कृषि विशेषज्ञ व ग्रामीण पृष्ठभूमि के अधिकारी लगाए जाएं। कई बार सरकारों द्वारा लिए जाने वाले फैसलों से लगता है कि कोई खेती-किसानी का जानकार आदमी ऐसे फैसले कैसे कर सकता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तीन काले कृषि कानून थे। किसी नही पता आनन फानन में, बिना व्यापक चर्चा के, बिना संसद में बहस करवाए अध्यादेश किस इमरजेंसी के चलते लाए गए। इनका कोई औचित्य सरकार बता नही पाई और अंततः वापिस लेने पड़े। किसानों को दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए फूहड़ मध्यकालीन तरीके अपनाए गए और उनके शांतिपूर्ण आंदोलन को अनेक अशोभनीय विशेषणों से अलंकृत करने का असफल प्रयास किया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त, किसानों, ग्रामीण क्षेत्रो के मुद्दे तो ओर बहुत सारे है। किसान दोनों बड़ी पार्टियों की गारंटियों व घोषणापत्रों को देख लें। उनकी समस्याओं पर उनमें क्या वादे किए जा रहे है और अब तक विभिन्न पार्टियों की सरकारों नें क्या दिया उन पर विचार कर ले। अब चुनाव के लिए मतदान का दिन आएगा। किसान भी वोट डालेगा। किसानों को निर्णय करना है कि वे अपने वर्ग हित को ध्यान में रख कर मतदान करें या जाती, रिश्तेदारी, अपने-पराए आदि छोटी-मोटी बातों को ध्यान में रख कर करे। किसानों, ग्रामीणों को यह स्मरण रखना चाहिए कि उनके हित-अहित के फैसले बनने वाली सरकार करेगी। इसलिए अपने प्रतिनिधि ऐसे व्यक्तियों को चुनें जो उनकी समस्याओं को समझते हैं, उन्हें विधान सभा और सरकार के समक्ष बिना डर-हिचक-निजी स्वार्थों से ऊपर उठ कर रख सकें। जिस भी पार्टी में ऐसे उम्मीद्वार हों उन्हें चुने। आनावयशयक पार्टियों के बन्ध कर मुसलों को धज्जा न बन्धें। मारवाड़ी शब्द है धुंधी, जिसका अर्थ है बिना विचार किए आवेग-आवेश में आकर जोर-सोर से कोई काम करना। इसलिए धुंधी चढा कर वोट मत डालना-सोच समझ कर, अपने बड़े हितों को ध्यान में कर डालना।

**– महावीर सिंह, पूर्व आईएएस**

# उम्मीदवारों को चुनाव के दौरान भीतरघात का डर क्यों सताता है



राजेन्द्र जोशी

**विधानसभा** चुनाव में राजनीतिक पार्टी के उम्मीदवारों को अपनी ही पार्टी के समर्थको से भितरघात का इतना अधिक डर क्यों सता रहा है। अपने लोगों से जहां समर्थन की उम्मीद होती है वही अपने ही दल के लोगों से खतरा क्यों सताता है। यह एक विचारणीय प्रश्न है। बडे राजनैतिक दलो के उम्मीदवार विरोधियों से परेशान नहीं है, इस बात से अधिक दुखी है कि उनके अपने लोग पार्टी के साथ तो है लेकिन मुझ उम्मीदवार के लिए भरोसेमंद कितना रहेंगे, कहीं भितरघात ना कर दें। इसके विपरीत उम्मीदवार अपने दल के लोगों के बजाय दूसरी पार्टी के समर्थकों पर ज्यादा भरोसा रखते है। जबकि अपने लोगों से डर क्यों है, कभी राजनीतिक दलो के नेताओ ने इस पर विचार ही नहीं किया। कुछ लोग तो टिकट न मिलने के कारण खुद ही ताल ठोक देते हैं, वह तो स्पष्ट है, ऐसे में बहुत से समर्थक बगावत करके ताल ठोकने वाले के साथ हो जाते हैं। परंतु अधिकतर भितरघाति अंदर खाने दूसरी पार्टी के साथ चले जाते हैं, उन्हें पता है कि अपने वाले उम्मीदवार को हराने के लिए हमें जिताऊ के पास जाना चाहिए। यह समस्या किसी अकेली पार्टी में नहीं है बल्कि कांग्रेस और भाजपा दोनों में देखी जा सकती है।

भीतरघात का मुख्य कारण क्या है, कार्यकर्ता पूरे पांच साल अपने ही नेताओं से नाराज रहते हैं, ऐसे सक्रिय कार्यकर्ताओं का कहना तो यहां तक है कि हम हमारे नेताओ को जिताकर भेजते है और जीतने के बाद उनका व्यवहार बदल जाता है, उनके लिए परिवार के लोग अथवा विरोधी प्रमुख हो जाते है, हम पार्टी कार्यकर्ता से सामान्य नागरिक की तरह भी व्यवहार नहीं करते। नाराजगी तो उनकी तब बढ़ जाती है जब उनके सामने खुल्लम-खुल्ला विरोधी कार्यकर्ता अपना काम हमारे नेताओं से कराते हैं। हमारे नेता भी कार्यकर्ताओं का फोन तक नहीं उठाते और तो और पूरे पांच साल सरकार की ओर से बनाई जाने वाली समितियों में भी विरोधी दल के लोग स्थान प्राप्त कर जाते हैं। भीतरघात करने की मनसा कार्यकर्ताओं में एक दिन में नहीं हुआ करती। पांच साल कार्यकर्ता भीतर-भीतर परेशान रहकर ही भितरघात करते हैं। राजनैतिक दल और नेतागण चुनाव जीतने के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं की खबर नहीं लेते, कुछ कार्यकर्ताओं का तो यहां तक कहना है कि सत्ता में लगातार आ रहे नेता धीरे-धीरे पार्टी संगठन के भरोसे रहते भी नहीं, उन्होंने अपने परिवार और रिश्तेदारों को ही पार्टी और चुनाव की जिम्मेदारी सुपुर्द कर दी जिससे भितरघात बढ़ता जाता है और यही कारण है कि कार्यकर्ता निरंतर विचारधारा से विमुख होते जा रहे हैं।

**– राजेन्द्र जोशी,**
**कवि-कथाकार**

# विद्यार्थियों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली

**बीकानेर,** (निसं)। मतदाता जागरूकता के सतरंगी सप्ताह के पांचवे दिन सोमवार को मेजर पूर्ण सिंह राजकीय फोर्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय में युवा मतदाता रैली का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी, एनसीसी, स्काउट, गाइड, एनएसएस से जुड़े विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य मौजूद हुए। राजकीय फोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह भाटी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली फोर्ट स्कूल से रवाना होकर राजीव गांधी मार्ग, अणचा बाई हॉस्पिटल, लेडी एल्गिन स्कूल, पुरानी जेल परिसर के आगे से होते हुए पुनः फोर्ट स्कूल में संपन्न हुई। रैली के दौरान 'वोट करेंगे, वोट करेंगे' के नारे लगाते हुए विद्यार्थियों ने आसपास के क्षेत्र को गुंजा दिया। 'नाचेंगे गायेंगे, वोट देने जाएंगे', 'एक दो तीन चार, लोकतंत्र की जय-जयकार' जैसे नारे लगाते हुए आम जन को मतदान के प्रति जागरूक किया। निर्वाचन आयोग की ओर से सतरंगी सप्ताह के पांचवें दिन के कार्यक्रम पीले रंग की थीम और स्लोगन 'मताधिकार का उपयोग करेंगे, वोट करेंगे, वोट करेंगे' के साथ आयोजित हुए। डीईओ भाटी ने विद्यार्थियों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए आम लोगों को जागरूक करने का आव्हान किया। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार कम मतदान वाले क्षेत्रों के लिए हेला टोली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान स्थल तक लाने की प्रक्रिया भी बताई। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोड़ा ने हेला टोली से जुड़े विद्यार्थियों को मतदान समयावधि में सजग रहने की अपील की। इससे पहले माने खां एण्ड पार्टी से जुड़े कलाकारों ने कठपुतली के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया एवं चुनाव आयोग की ओर से तैयार किए गए विभिन्न ई-टूल्स और उनके कार्यों के बारे में गीतों के माध्यम से जानकारी दी। जागरूकता रैली में मैं भारत हूं चिरमी जैसे गीत भी मतदाता जागरूकता रथ में पूरे रास्ते बजते रहे। इस अवसर पर सहायक निदेशक भैरुसिंह राठौड़, ओम प्रकाश गोदारा, प्रिंसिपल मंजू वर्मा, अंशु माला गोदारा, संजय सांखला, सुभाष जोशी आदि मौजूद रहे। सतरंगी सप्ताह के छठे दिन मंगलवार को जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला रंगोली और महिला मार्च कार्यक्रम होंगे। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा स्वीप प्रभारी नित्या के. ने बताया कि जिला स्तर पर यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में होगा। जहां ऑरेंज कलर थीम तथा 'वोट करूंगी तभी तो बढ़ूंगी' स्लोगन के साथ महिलाओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान कासंदेश दिया।

## राशिफल मंगलवार 21 नवम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, मंगलमवार, विक्रम संवत 2080, शतभिषा नक्षत्र रात्रि 8:01 तक, व्याघात योग सांय 5:40 तक, बालव करण दिन 2:13 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-वृश्चिक, बुध-वृश्चिक, गुरू-मेष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

रवियोग रात्रि 8:11 से आरम्भ होगा। कुमार योग रात्रि 1:01 से आरम्भ होगा। आज आंवला नवमी, अक्षय कुष्माई नवमी, श्री हरि जयन्ती, कृत युगादि, जमंधात्री पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:34 से 10:53 तक, लाभ-अमृत 10:53 से 1:72 तक, शुभ 2:51 से 4:11 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:55, सूर्यास्त 5:30




### मेष

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।




### वृष

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा।




### मिथुन

नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक/वित्तीय कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।




### कर्क

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी हो सकती है।




### सिंह

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




### कन्या

स्वास्थ्य में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




### तुला

घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है और उचित परामर्श मिलेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




### वृश्चिक

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।




### धनु

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।




### मकर

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिककार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



### कुंभ

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### मीन

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

# कांग्रेस पूरे देश की समस्या, भाजपा ही समाधान : योगी आदित्यनाथ

## ‘कांग्रेस ने सनातन के अस्तित्व पर उठाए सवाल, अब मतदान के दिन कांग्रेस के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करने का मौका’



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ सोमवार को आमेर विधानसभा में आयोजित सतीश पूनिया की चुनावी सभा में शामिल हुए। इस दौरान गदा देकर उनका सम्मान किया गया।

**जयपुर।** कांग्रेस पार्टी राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश की समस्या है और इस समस्या का समाधान भाजपा ही है। ये कांग्रेस के लोग अब तक राम और कृष्ण के अस्तित्व पर सवाल उठाते रहे और अब चुनाव सामने देख इनको राम भगवान याद आ रहे हैं। इन लोगों ने सनातन के अस्तित्व पर सवाल उठाए है।, ऐसे में अब मतदान के दिन कांग्रेस के अस्तित्व पर सवाल उठाने का मौका है। यह बात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

■ **‘राजस्थान में माफियाराज कांग्रेस नेताओं ने पनपाया’**

योगी आदित्य नाथ ने सोमवार को आमेर विधानसभा में आयाजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान पिछले पांच वर्षों में अपराध, अराजकता, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, गौकशी, महिला उत्पीडन और साइबर अपराध में नंबर वन बन गया है। इस राजस्थान को भाजपा ने देश के पर्यटन के सबसे बडे केंद्र के रूप में स्थापित ने किया था। भाजपा के शासनकाल में प्रदेश को विकास की नई उचाइयों पर लाने का प्रयास किया गया था और हर गांव, हर गरीब, हर किसान, हर नौजवान तक पहुंचाने के लिए बडे कार्यक्रम व योजनाएं बनाई गई थी। लेकिन अब बीते पांच साल में राजस्थान बीमारू प्रदेश बनकर रह गया है।

आमेर विधानसभा क्षेत्र में गरजते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक तरफ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन रहा है। भारत की वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा बढ़ रही है, सम्मान बढ़ रहा है। मोदी को विदेशों में मिलने वाला सम्मान भारत की 142 करोड़ जनता का सम्मान है। आज कोई दुश्मन भारत की ओर नहीं देख सकता। भारत के जवान दुश्मन के घर में घुसकर मार सकते हैं। वहीं देश में सबसे बडी समस्याओं की जननी भी कांग्रेस ही है। कांग्रेस ने ही आतंकवाद की समस्या पैदा की थी और पीएम मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में 370 समाप्त कर आतंकवाद की समस्या समाप्त कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब केन्द्र में सत्ता में थी तो इनके लोग कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, लेकिन पीएम मोदी ने कहा कि नहीं, देश के संसाधनों पर पहला हक गांव, गरीब, किसान और नौजवान का है। इस दौरान उन्होंने आव्हान किया कि जिस प्रकार पांच वर्ष पहले जिस प्रकार जनता ने सतीश पूनिया को विजयी बनाया था उसी प्रकार इस बार भी आमेर में ही कमल खिलाएं। आमेर में सतीश पूनिया ने विपक्ष में रहते हुए जो कर सकते थे, वो कार्य किया। राजस्थान में 5 साल में खनन, भू माफिया, जंगल माफिया, गौ माफिया पनपे। यहां पेपर लीक होता है और नकल माफिया पनपता है।

इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी सतीश पूनिया ने कहा कि 20 सालों बाद आमेर की धरती पर कमल खिला था। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के नेतृत्व में हम सब ने 1500 करोड़ की लागत से आमेर की दशा और दिशा बदली थी। आपके वोट से ही मुझे भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने का मौका मिला था। राजस्थान की सरकार कुर्सी बचाने में लगी हुई थी। सरकार के काले कारनामे उजागर करने पर पिछले पांच साल में उन्हें 7 बार जेल भेजा गया, 2 बार पुलिस की लाठियों से पिटवाया गया लेकिन यह सब उनका हौंसला नहीं डिगा पाए।

पूनिया ने कहा कि आप सबसे मेरा निवेदन है कि अपने-अपने बूथ पर 25 नवंबर को भाजपा के पक्ष में भारी मतदान कर मुझे आशीर्वाद दीजिये, यह वोट सनातन धर्म की रक्षा के लिये होगा, यह वोट अराजक कांग्रेस सरकार के खिलाफ होगा, यह वोट आमेर की तरक्की का होगा।

इस दौरान मंच पर जयपुर महापौर सौम्या गुर्जर, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, हरदेव यादव सहित कई नेता मौजूद रहे।

## ‘गैंगरेप आरोपियों की कार के पीछे कांग्रेसी का स्टीकर लगा है’

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर महिला उत्पीड़न बढ़ती दुष्कर्म की घटनाओं, पेपर लीक और तुष्टिकरण की घटनाओं को लेकर कड़ा प्रहार किया। डॉ. पात्रा ने कांग्रेस

■ **भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने जयपुर में प्रेसवार्ता को संबोधित किया**

द्वारा राम को काल्पनिक बताने पर कहा कि जो लोग राम को काल्पनिक बताते हैं, राम जन्म का प्रमाण पत्र मांगते हैं उन्हें बताना चाहूंगा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी और हिंदु आस्था का सबसे बड़ा पर्व मनाया जाएगा। पात्रा ने कहा कि वीरों और बलिदानियों वाला राजस्थान आज देश में दुष्कर्म के मामलों में नंबर एक पर आ गया। प्रदेश में पिछले पांच सालों में नारी उत्पीड़न के 2 लाख केस दर्ज हुए हैं। वहीं दुष्कर्म के 35 हजार से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं जिसमें से 15 हजार दुष्कर्म के मामले नाबालिगों के साथ हुए हैं। बीती रात नागौर के लाडनूं में एक 15 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप हुआ, लेकिन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई। इससे भी ज्यादा शर्मनाक तो यह है कि पुलिस ने आरोपियों की जो कार पकड़ी है उसके पीछे कांग्रेस प्रत्याशी का स्टीकर लगा हुआ है। प्रदेश में बेटियों को भट्टियों में डाला जाता है, कहीं तेजाब डालकर जलाया जाता है।

## भर्ती में अपात्रों को शामिल करने पर मांगा जवाब

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सहायक रेडियोग्राफर भर्ती-2023 की चयन प्रक्रिया में अपात्रों को शामिल करने पर चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक और राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल के रजिस्ट्रार से जवाब तलब किया है। जस्टिस गणेशराम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश दिलशाद अहमद व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने पूछा है कि क्यों ना चयन प्रक्रिया से अपात्र अभ्यर्थियों को बाहर कर याचिकाकर्ताओं का चयन कर लिया जाए।

■ **राजस्थान हाईकोर्ट ने सहायक रेडियोग्राफर भर्ती-2023 की चयन प्रक्रिया में अपात्रों को शामिल करने का मामला**

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने गत 31 मई को सहायक रेडियोग्राफर के 1067 पदों के लिए भर्ती निकाली। जिसमें रेडियोग्राफर डिप्लोमा के अंकों के साथ ही अनुभव के अंकों के आधार पर चयन किया जाना है। अभ्यर्थियों को अनुभव के आधार पर अधिकतम तीस अंक दिए गए। वहीं भर्ती प्रक्रिया के दौरान शॉर्टलिस्ट किए अभ्यर्थियों के गत 22 अगस्त व 23 अगस्त को दस्तावेज सत्यापन किए गए। जिसमें याचिकाकर्ता सहित अन्य अभ्यर्थियों को शामिल किया गया। याचिका में कहा गया की दस्तावेज सत्यापन में कई अपात्र अभ्यर्थियों को शामिल कर लिया गया। इनमें से कई अभ्यर्थियों ने प्रदेश के बाहर से फर्जी तरीके से रेडियोग्राफर का डिप्लोमा लिया है। वहीं कुछ अभ्यर्थियों के डिप्लोमा को पैरामेडिकल कौंसिल ने मानने से इनकार कर दिया। इसके अलावा कई अभ्यर्थियों ने ऊपरी आयु सीमा पार कर ली। इसके साथ ही कुछ ऐसे अभ्यर्थी भी दस्तावेज सत्यापन में शामिल किए गए, जिनके पास वास्तविक रूप से अनुभव प्रमाण पत्र ही नहीं है। इसके बावजूद भी ऐसे अभ्यर्थियों को बोनस अंक दिए गए। याचिका में गुहार की गई है कि इन अपात्र अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर किया जाए और याचिकाकर्ता का सहायक रेडियोग्राफर पद पर चयन किया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## दुष्कर्म करने वाले युवक को सजा

**जयपुर।** जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ कई महीनों तक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त परमेश्वर को चौदह साल की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख चालीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 20 फरवरी, 2020 को पीड़िता के पिता ने फागी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी 17 साल पांच माह की बेटी एक माह पहले पीपला से कालवाड़ के लिए कह कर गई थी। इस दौरान अभियुक्त उसे बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता की ओर से अदालत को बताया गया कि उसका बचपन में ही विवाह हो गया था। करीब चार साल पहले वह उसकी बड़ी बहन के पास गई थी। जहां उसकी अभियुक्त से जानकारी हुई थी। करीब डेढ साल पहले वह कालवाड से पीपला जा रही थी। इस दौरान अभियुक्त उसे जबरन अपने साथ किशनगढ़ ले गया। जहां उसने करीब चार माह तक उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद पुलिस आकर उसे ले गई। इसके बाद करीब छह माह पहले अभियुक्त उसे फिर से जबरन अपने साथ ले गया।

## ‘अंग्रेजी बोलना नहीं आता, गृहमंत्री ने बेटे को बी.सी.सी.आई. सचिव बनाया’

### कांग्रेस सी.डब्ल्यू.सी. सदस्य कन्हैया कुमार ने जयपुर में बोला भाजपा पर हमला

**जयपुर, (का.प्र.)।** सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य कन्हैया कुमार ने मीडिया से बात करते हुए प्रदेश की अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की नीतियों की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि राजस्थान में कांग्रेस ने जो जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, उसकी गूंज न केवल भारत बल्कि दुनियाभर में सुनाई दे रही है। जो लोग आज दुनिया में वेलफेयर और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर बहस कर रहे हैं उनके बीच राजस्थान एक मॉडल के रूप में उभरा है।

■ **‘पी.एम. मोदी का फेवरेट सब्जेक्ट विभाजन, नफरत और जाति-धर्म की बात है’**

राजस्थान की अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का जिक्र करते हुए कन्हैया बोले, कुछ लोग कहते हैं कि अंग्रेजी पढ़ने की क्या जरूरत है। मंत्री का बेटा पढ़ने के लिए ऑक्सफोर्ड-कैम्ब्रिज जाएगा तो क्या इस देश के दलितों, आदिवासियों, गरीबों और किसानों के बच्चों को अंग्रेजी पढ़ने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी बोलना भी नहीं आता है तो भी गृह मंत्री ने अपने बेटे को बीसीसीआई का सचिव बना दिया, लेकिन हर कोई तो देश का गृह मंत्री नहीं है कि उसका बेटा बीसीसीआई का सचिव बन जाए।

कन्हैया कुमार ने कहा कि पीएम मोदी राजस्थान में प्रचार के दौरान अब योजनाओं की बात कर रहे हैं। हालांकि, उनका फेवरेट सब्जेक्ट यह नहीं बल्कि विभाजन, नफरत और जाति-धर्म की बात है। दंगे की बात है, लेकिन वो भी योजनाओं की बात करने लगे। आप देखिए उनको किस तरह से अपना मैदान छोड़ना पड़ा। वो किसी भी चुनाव में जाते थे तो नफरत और विभाजन की बात करते थे। यहां आकर वो भी कह रहे हैं कि हम 450 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे। ये जनता की बहुत बड़ी जीत है। कन्हैया कुमार ने भाजपा से सवाल पूछा कि हमने पुरानी पेंशन योजना का लाभ देना शुरू कर दिया है, आप इसे लागू करेंगे कि नहीं।

जातिगत जनगणना से समाज का बंटवारा होने के सवाल पर कन्हैया कुमार ने कहा, देश के भीतर लोगों की क्या स्थिति है। उसकी जानकारी जुटाना सरकार की जिम्मेदारी है। गिनने में क्या परेशानी है, इसे हम बंटवारा क्यों कह रहे हैं। यह तो एक्स-रे है कि देश के अंदर सभी जातियों की क्या स्थिति है? हम यह नहीं कह रहे हैं कि गिनने के बाद किसी का छीनकर किसी और को दे देंगे। उन्होंने आगे कहा, यह किसी के खिलाफ नहीं बल्कि हम सबके पक्ष में है।

## सिपाही ने खुद का गला रेता

**जयपुर (कासं)।** कानोता इलाके में चुनाव ड्यूटी में तैनात आई.टी.बी.पी. के सिपाही ने सोमवार को खुद का गला रेत दिया, जिसे गंभीर हालत में कानोता स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सिपाही को एस.एम.एस. अस्पताल में रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सिपाही मनोज विश्वास ने सोमवार सुबह परिवार से फोन पर बात करने के बाद आत्महत्या करने का प्रयास किया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। परिवार को भी घटना की जानकारी दे दी हैं। वहीं आईटीबीपी के कमांडेंट भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने बताया कि सिपाही का नाम मनोज विश्वास है, जो पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। सिपाही मनोज के मोबाइल की जांच की जा रही है। वहीं मनोज के साथ रहने वाले जवानों से भी घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है।


झूठे वादे, भ्रष्ट इरादे, हाल बदहाल

जनता पूछे कांग्रेस से सवाल?

? राजस्थान में पेट्रोल-डीजल सबसे महंगा क्यों?

? किसानों की कर्जमाफी के वादे का क्या हुआ?

? 5 साल में 17 बार पेपर लीक क्यों हुआ?

? 35,000 बेटियों के साथ दुष्कर्म क्यों?

? राजस्थान में 7,800 निर्दोष नागरिकों की हत्या क्यों?

? ड्रिल मशीन से शिवलिंग और बुलडोजर से राम दरबार क्यों तोड़ा?

? डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ के 50,500 पद खाली क्यों?

? 13,000 स्कूल बंद हुए, शिक्षा व्यवस्था के प्रति इतनी लापरवाही क्यों?

? जल जीवन मिशन में ₹20,000 करोड़ का घोटाला क्यों?

? पीएम किसान सम्मान निधि में से 2.5 लाख किसानों के ₹170 करोड़ रुपए किसने गायब किए?

इस कुशासन का जवाब देंगे इस बार भाजपा को चुनेंगे

कमल का बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं

भाजपा, राजस्थान

# प्रदेश में 30 साल की परम्परा टूटेगी और कांग्रेस की सरकार बनेगी : पायलट

## चाकसू में कांग्रेस प्रत्याशी सोलंकी के समर्थन में सचिन पायलट ने जनसभा की

**चाकसू,** (निसं)। पूर्व पीसीसी चीफ सचिन पायलट ने सोमवार को चाकसू विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विधायक वेदप्रकाश सोलंकी के समर्थन में चाकसू कस्बे के टोंक रोड के सामने स्थित दरगाह मैदान में जनसभा को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी सोलंकी को जिताने की अपील की। भाषण के दौरान पायलट ने भाजपा और केंद्र मोदी सरकार पर भी जमकर हमला बोला। इस से पूर्व पायलट का 51 जेसीबी व 51 किलो की माला से भव्य स्वागत किया गया। युवाओं ने पायलट आई लव यू के नारे भी लगाए। इस दौरान पायलट को सुनने के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जिससे सभा स्थल भी छोटा पड़ गया।

पायलट ने कहा कि अब चुनाव में दो-चार दिन रह गए हैं, वेदप्रकाश सोलंकी ने अपने कार्यकाल के कामकाज के बारे में खूब बता दिया है, मैं तो आपसे अनुरोध करने आया हूं राजस्थान में सरकार सिर्फ दो ही पार्टीयों की बनती है भाजपा की या कांग्रेस की। मैं यह बात इसलिए बोल रहा हूं कि बहुत सारे दल, लोग चुनाव लड़ते और बहुत सारे भाषण देते हैं। वे दल और लोग ऐसा जीतने के लिए नहीं करते हैं वे सिर्फ वोट काटने के लिए चुनाव लड़ते हैं। जो भी हमारे साथी हैं उनका स्वागत है। आप समझदार लोग हो। आपको अपना वोट खराब नहीं करना है। दो पार्टीयां हैं भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों का आंकलन करो नीतियों का नियत का और नेतृत्व का।

पायलट ने कहा कि राहुल गांधी प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूरे प्रदेश में प्रचार कर रहे हैं और चुनौतियां दे रहे हैं 30 साल की परंपरा टूटेगी और कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में वोट पड़ गए हैं दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा नेता डलब इंजन की सरकार की बात करते हैं। हिमालच और कर्नाटक में भाजपा का एक-एक इंजन सीज हो गया था। जो नेता यहां मंडरा रहे हैं, वो वहां भी खूब प्रचार कर रहे थे। लेकिन, जीत कांग्रेस पार्टी की हुई।



सचिन पायलट का 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया।

- सचिन पायलट ने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी वेदप्रकाश सोलंकी को जिताने की अपील की
- भाषण के दौरान पायलट ने भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर भी जमकर हमला बोला

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप 25 नवंबर को कांग्रेस का बटन दबाओ, अगले साल दिल्ली वाला इंजन भी सीज कर देंगे। चाकसू विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी वेद प्रकाश सोलंकी हर परिस्थिति में जबान के पक्के और सभी के सुख दुख के साथी रहे हैं आप आप लोग मेरे साथ सोलंकी को भी जिताकर विधानसभा भेजिए। पायलट के भाषण से पहले विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने कहा कि जो काम 20 साल में नहीं हुए वे सभी काम 36 कोमों को साथ में लेकर पांच साल में करके दिखा दिया।

# दुष्कर्म पीड़िता ने आत्महत्या की

## परिजन सहित ग्रामीण थाने में धरने पर बैठे

- कांग्रेस, भाजपा व आरएलपी के प्रत्याशी भी ग्रामीण क्षेत्र में जनसम्पर्क कार्यक्रम को बीच में ही छोड़कर धरना स्थल पर पहुंचे
- लोगों ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि पुलिस में मामला दर्ज होने के बाद भी न्याय नहीं मिलने पर पीड़िता ने आत्महत्या कर ली

**चाकसू,** (निसं)। कोटखावदा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक दुष्कर्म पीड़िता के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। वहीं दुष्कर्म पीड़िता की आत्महत्या करने के समाचार कस्बे में फैलने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में परिजनों सहित अन्य लोग कोटखावदा में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि पुलिस में मामला दर्ज होने के बाद भी न्याय नहीं मिलने पर सोमवार की शाम को आत्महत्या कर ली, जिससे परिजनों ने पीड़िता के शव को पुलिस थाने में रखकर ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए।

पीड़िता की आत्महत्या की खबर के बाद कांग्रेस प्रत्याशी वेदप्रकाश सोलंकी, भाजपा के रामवतार बैरवा व आरएलपी के विकेश खोलिया भी ग्रामीण क्षेत्र में जनसम्पर्क कार्यक्रम को बीच में ही छोड़कर धरना स्थल पर पहुंच गए और पीड़िता के परिजनों को ढांढस बंधवाया। इस दौरान आरएलपी के खोलिया ने कोटखावदा थाना प्रभारी सीताराम खोजा को जमकर आड़े हाथों लेते हुए खरी-खोटी सुनाई। मौके पर कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीना, सरपंच मक्खन बड़गुर्जर भी परिजनों के साथ धरने पर बैठे हुए थे। ग्रामीण पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे।

जानकारी के अनुसार पीड़ितों की आवाज उठाने वाले डॉ. किरोड़ी लाल मीना की कल ही कोटखावदा में जनसभा थी उसके दूसरे दिन ही एक बड़ी घटना हो गयी जिसकी क्षेत्र में चर्चा है। देर शाम तक मौके पर ग्रामीण बैठे हुए थे। इस दौरान पुलिस पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी भी मौके पर जमे हुए हैं।

# युवती का बदमाशों ने अपहरण किया

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर में बीती रात गाड़ी में सवार होकर आए बदमाश एक युवती को गाड़ी में डाल ले गए। पीड़ित पिता ने युवती के साथ दुष्कर्म होने का अंदेशा जताया है। मामला छत्तरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र का है। इस आशय की रिपोर्ट पीड़ित पिता ने छत्तरगढ़ थाने में दी है। मामले में तीन जनों को नामजद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक पीड़ित पिता ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि 17 नवम्बर की रात को उसकी बेटी को आरोपी गाड़ी में डालकर अपहरण कर ले गए। पीड़ित पिता ने युवती के साथ दुष्कर्म व सामूहिक दुष्कर्म होने का अंदेशा जताया है। यही नहीं पिता ने युवती की हत्या करने की भी आशंका जताई है। पुलिस ने पीड़ित पिता की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी आनन्द नायक पुत्र राजूराम, रुपाराम पुत्र त्रिलोकाराम व राजूराम पुत्र पूर्णाराम के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भीनमाल सीट पर पूराराम चौधरी का जनसभाओं में विरोध



भीनमाल के बिजलीया ग्राम में भाजपा प्रत्याशी पुराराम चौधरी के खिलाफ ग्रामीणों ने नारेबाजी की।

- भीनमाल में ''मोदी तुझसे बैर नहीं, पूराराम तेरी खैर नहीं'' के गूंज रहे नारे
- इसका सोशल मीडिया पर बागोडा क्षेत्र के बिजलीया गांव की जनसभा का एक वीडियो वायरल

**भीनमाल,** (निसं)। भीनमाल से भाजपा प्रत्याशी पूराराम चौधरी की चुनावी सभाओं में ''मोदी तुझसे बैर नहीं पूराराम तेरी खैर नहीं'' के नारे लगे। लोगों ने विधायक से 15 साल का हिसाब मांगा व प्रत्याशी मुर्दाबाद के नारे लगाये गये।

भीनमाल विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों विधानसभा चुनावों को लेकर प्रत्याशी जीतने के लिए ऐडी चोटी का जोर लगा रहे है लेकिन वहीं दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी पूराराम चौधरी की जनसभाओं में मोदी तुझसे बैर नहीं पूराराम तेरी खैर नहीं के नारे लग रहे है। ज्ञातव्य रहे कि पिछले 15 साल से भीनमाल विधानसभा सीट पर पूराराम चौधरी के लगातार जीतने के बाद इस बार चुनावी जनसभाओं में उनके प्रति विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं। कई जगहों पर ग्रामीणों की ओर से विधायक पूराराम को 15 साल में करवाए गए विकास को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर बागोडा क्षेत्र के बिजलीया गांव की जनसभा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक शख्स भाजपा प्रत्याशी पूराराम चौधरी से कह रहा है कि ''नरेन्द्र मोदी से हमारा बैर नहीं पूराराम तेरी खैर नहीं।''

उसने कहा कि आपने पिछले 15 साल में हमारे गांव बिजलीया में क्या विकास करवाया है। उसका जवाब दो हमें। इस पर जनसभा को सम्बोधित करते भाजपा प्रत्याशी पूराराम शख्स को साइड में आकर विकास के कार्य गिनवाने की धमकी दे रहे है। इसके बाद जनसभा का माहौल गरमा गया। भाजपा प्रत्याशी के साथ आए कार्यकर्ताओं ने भी उस शख्स को धमकाया। इसके बाद माहौल गरमा गया और ग्रामीणों के साथ हाथापाई तक की कोशिश भी हो गई और फिर ग्रामीणों ने पूराराम मुर्दाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिया। शख्स कहता है कि सवाल तो करेंगे ही उसका जवाब भी मांगेंगे। इसके लिए हथापाई करनी है तो हम तैयार है। हालांकि हम वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करते है।

# हथियारों का जखीरा पकड़ा, दो गिरफ्तार

## क्षेत्र के गांव डोमई में कार्रवाई को अंजाम दिया

**धौलपुर** (निसं)। धौलपुर जिले की सरमथुरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों का जखीरा पकड़ा है। साथ ही अवैध हथियार ले जाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से एक टुपियाई बंदूक, एक 315 बोर सिंगल शॉट बंदूक, एक पोना व दो कारतूस भी बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी कृपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार देर रात सरमथुरा थाने के कांस्टेबल चेतन सिंह की सूचना पर कार्यवाही को अंजाम दिया गया। जहां क्षेत्र के गांव डोमई मंदिर से 40 वर्षीय आरोपी ल्होरे पुत्र गंगाराम कोली निवासी गांव डोमई सरमथुरा को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे एक टुपियाई बंदूक जब्त की। वहीं अन्य 67 वर्षीय आरोपी रामखिलाडी पुत्र हजारी मीना निवासी गांव डोमई सरमथुरा को भी पकड़ लिया। जिसके कब्जे से एक बंदूक, एक पौना एवं दो जिंदा कारतूस भी जब्त किए हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से हथियारों को भी जब्त कर लिया गया। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। इस दौरान कार्रवाई पुलिस टीम में थाना प्रभारी के साथ एएसआई जगदीश प्रसाद, कांस्टेबल हरेन्द्र, चेतन सिंह आदि शामिल रहे।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुशील शर्मा भाजपा में शामिल

**करौली,** (निसं)। करौली विधानसभा का चुनाव रोचक होता जा रहा है। मंगलवार को कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा और वरिष्ठ नेता सुशील शर्मा कांग्रेस को छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। जिनका सांसद सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। करौली विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे करौली के पूर्व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर कांग्रेस पार्टी से थे लेकिन उनको पार्टी द्वारा टिकट नहीं दिए जाने पर उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी कुछ कमजोर हुई। पूर्व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को भाजपा ने टिकट देकर चुनाव मैदान में उतार दिया। कांग्रेस में दर्शन सिंह गुर्जर से जुड़े लोग असमंजस की स्थिति में आ गए कि अब पार्टी का क्या करें नेता तो भाजपा में चला गया लेकिन अब धीरे-धीरे लोगों का रुझान भाजपा की ओर होता दिखाई दे रहा है।

# लाखों की स्मैक के साथ एक महिला गिरफ्तार



आरोपी महिला तस्कर

**देवली,** (निसं) निकटवर्ती हनुमान नगर थाना पुलिस ने लाखों रुपए कीमत की स्मैक के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। मामला यह सामने है कि चुनावी दौरान हनुमान नगर थाना पुलिस क्षेत्र में वाहनों की तलाशी कर रही थी कि इसी दौरान हनुमान नगर थाना पुलिस ने रोडवेज बस की तलाशी ली। बस की तलाशी लिए जाने के दौरान पुलिस जब बस में बैठी एक महिला के पास पहुंची ही तभी उक्त महिला पुलिस को देखकर घबराई और बस से उतरने लगी। पुलिस को संदिग्ध महिला पर शक हुआ।

इस दौरान पुलिस अधिकारी ने महिला कांस्टेबल को उक्त महिला की तलाशी लिए जाने के आदेश दिए। महिला कांस्टेबल ने संदिग्ध महिला की तलाशी लेना शुरू किया तभी उक्त महिला के पास से 110 ग्राम स्मैक पुलिस ने बरामद की जिसकी कीमत लगभग 20 से 22 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्मैक को जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की पूछताछ में महिला का नाम सरोज सामने आया है। पुलिस ने लगभग 20 से 22 लाख रुपए की स्मैक बरामद कर महिला को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

# महिला तस्कर से पूछताछ में जुटी पुलिस

- एक करोड़ की स्मैक बरामद कर महिला को गिरफ्तार किया था

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शाहपुरा जिले की हनुमान नगर थाना पुलिस ने रविवार शाम एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक करोड़ रुपए मूल्य की 110 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस महिला से तस्करी नेटवर्क से जुड़ी अन्य जानकारियां जुटाने में लगी है।

आगामी विधानसभा चुनाव के मध्यनजर अवैध मादक पदार्थों और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए क्राइम ब्रांच की टीम प्रदेश के अलग-अलग शहरों में भेजी गई है। इनपुट सूचना के आधार पर हनुमान नगर थाना पुलिस को सूचित किया। इस पर थाना पुलिस की टीम ने नेशनल हाईवे 12 पर हनुमान नगर तिराहे पर नाकाबंदी के दौरान जयपुर निवासी महिला तस्कर सरोज कंवर पत्नी रविंद्र सिंह 57 को हिरासत में लिया। महिला के पास से 110 ग्राम स्मैक बरामद हुई है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में क़ीमत एक करोड़ रुपये बताई गई है।

प्रारंभिक पूछताछ में महिला ने अकलेरा से स्मैक लेकर जयपुर निवासी मनोज शर्मा व सीमा शर्मा के लिए लाना बताया है। तस्करों ने नशे के कारोबार के लिए अधेड़ उम्र महिला को भेजा जिससे पुलिस को शक ना हो। पुलिस ने स्मैक जब्त कर महिला तस्कर सरोज को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया।

# सूर्यकांता व्यास की तबियत नाजुक

- एमडीएम हॉस्पिटल से एम्स में किया रैफर

**जोधपुर,** (कासं)। सूरसागर से बीजेपी की विधायक सूर्यकांता व्यास की अब तबियत नाजुक होने के चलते एमडीएम हॉस्पिटल से एम्स रैफर किया गया है। जीजी के हार्ट और किडनी के इन्फेक्शन बताया जा रहा है। फिलहाल एम्स के डॉक्टरों की टीम जीजी के स्वास्थ्य की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार सूरसागर क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की विधायक सूर्यकांता व्यास को रविवार को अचानक तबियत बिगड़ने के चलते जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में लाया गया था। उनके हार्ट और किडनी में प्रॉब्लम होने की वजह से एडमिट किया गया था। यहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद इलाज शुरू किया था लेकिन आज तबीयत नाजुक होने के चलते उन्हें अस्पताल से एम्स रेफर किया गया है। इधर जीजी के शुभचिंतक और कार्यकर्ताओं ने भी उनके जल्द स्वस्थ होने की मंगल कामना की है।

सूर्यकांता व्यास 1990 से लेकर अब तक लगातार सात बार विधायक का चुनाव लड़ चुकी है। जिसमें से 6 बार चुनाव जीती है। वह तीन बार जोधपुर शहर और तीन बार सूरसागर सीट से विधायक रही। इस बार उनकी जगह सूरसागर सीट से देवेंद्र जोशी को भारतीय जनता पार्टी ने इस विधानसभा चुनाव में टिकट दिया है।

# राजस्थान की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल : सबिंत पात्रा

## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सबिंत पात्रा ने प्रदेश की गहलोत सरकार पर हमला बोला

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान में चुनावी सरगर्मियां तेज हो चुकी है तथा आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज गति से चल रहा है। इसी के तहत सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सबिंत पात्रा ने प्रदेश की गहलोत सरकार जमकर हमला बोला। उन्होने पत्रकार वार्ता में कहा कि राजस्थान के बारे में जब चुभने वाले विषय उठते है तो दर्द होता है।

सबिंत पात्रा ने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि, शहीदों की भूमि है, महिला स्वाभिमान के लिए न्यौछावर होने वाले इस राज्य में महिला अत्याचारों के मामले में राजस्थान इस समय पहले नम्बर है। रेप केस के मामले में राजस्थान पहले नम्बर है। अजमेर संभाग के लाडंनू और पुष्कर में गैंगरेप के जो मामले हुए है, उसमें एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। पेपरलीक जैसी घटनाएं घटित हुई है। लाखों पढे लिखे बेरोजगार युवक-युवतियों के साथ नाइंसाफी हुई है।आरपीएससी जैसी संवैधानिक संस्थाओं में पैसे देकर सदस्य बनाए जाएगें तो पेपर लीक जैसी घटनाएं होना स्वभाविक है।

राजस्थान की कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति के अलावा कुछ नही किया है। उन्होंने कहा कि इकबाल की मौत पर कांग्रेस पचास लाख रूपए की आर्थिक सहायता, एक सरकारी नौकरी व एक डेयरी बूथ देती है तथा कन्हैयालाल की मौत पर आर्थिक सहायता देकर इतिश्री कर ली जाती है। इस प्रकार की तुष्टिकरण की नीति बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परशुराम जयंती, हनुमान जयंती पर रैली निकालने की अनुमति नहीं दी जाती है, लेकिन अन्य समुदाय के लोग जो कि पीएफआई से संबंधित होते है। उन्हें शीघ्र अनुमति दे दी जाती है, जो कि बर्दास्त के बाहर है।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सबिंत पात्रा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

अजमेर में पानी की समस्या पर बोलते हुए कहा कि उर्स में 24 घंटे में पानी की व्यवस्था करवाने के लिए अधिकारियों को सख्त हिदायतें दी जाती है, लेकिन दीपावली पर्व पर अजमेर के लोगों को चार पांच दिन तक पानी नहीं मिलता है। इस बारे में कांग्रेस सरकार मौन है। राजस्थान में 24 साधु संतों की मौत हो जाती है, लेकिन उन्हें किसी प्रकार कि कोई सहायता नहीं दी जाती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने पर एन्टी रोमियों स्क्वाइड का गठन यूपी की तर्ज पर किया जाएगा। पेपरलीक मामलों के लिए एसआईटी का गठन किया जाएगा ताकि सभी मामलों की जांच की जा सके, ताकि जो भी दोषी हो उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके। पत्रकार वार्ता में शहर जिला अध्यक्ष रमेश सोनी, अरविंद शर्मा, रचित कच्छावा, चन्द्रेश सांखला, अमित जैन सहित कई भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वाहन चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार




गंगापुर थाना पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की गंगापुर थाना पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किये गए वाहन बरामद किए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह के नेतृत्व में जिले में हो रही वाहन चोरियों की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए गठित विशेष टीम ने वाहन चोरी गैंग का खुलासा किया है। इनके पास से पुलिस ने एक पिकअप, एक ट्रैक्टर, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक मोटरसाइकिल बरामद की है। थाना प्रभारी नरेंद्र जैन ने बताया कि पोटला निवासी पप्पू लाल ने 16 अक्टूबर को एक रिपोर्ट दी जिसमें बताया कि उसकी पिकअप गाड़ी उसके बाड़े में रखी थी जिसे रात को कोई चुरा ले गया। इस पर पुलिस ने अनुसंधान करते हुए तकनीकी सहायता व इनपुट का इस्तेमाल करते हुए वाहन चोरी करने वाली गैंग के सदस्य अर्जुन पिता सुरेश चंद्र पार्क निवासी पोटला, बालू नाथ उर्फ बाला पिता नैन नाथ योगी निवासी देवगढ़, उपनाराम उर्फ विनोद पिता अर्जुन लाल गाडोलिया निवासी नयागांव पाली, पारस पिता नेहरू लाल कुमावत निवासी रूपा खेड़ा भीलवाड़ा, गुलाम गोश्त रंगरेज पिता अब्दुल मुनीम रंगरेज निवासी राजसमंद को गिरफ्तार किया है।


# जयपुर परकोटे में प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए यातायात की विशेष व्यवस्था

**सुरक्षा के लिहाज से सोमवार को परकोटे में प्रवेश के कई रास्तों को बंद कर दिया गया है, जिससे दिनभर एम.आई. रोड व टोंक रोड सहित कई रास्तों पर ट्रेफिक डायवर्ट करने के कारण जाम की स्थिति बन गई**





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो के लिए तैयार रथ



जयपुर परकोटे में मंगलवार को होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो के चलते सोमवार को एम.आई. रोड से जौहरी बाजार जाने वाला रास्ता बंद किया। इसके चलते एम.आई.रोड, अजमेरी गेट और टोंक रोड पर भारी ट्रेफिक जाम लगा रहा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जयपुर ( कासं )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलवार को जयपुर में होने वाले रोड शो को लेकर पुलिस और एसपीजी ने मोर्चा संभाल लिया है। वहीं यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिहाज से सोमवार को परकोटे में रिहर्सल के दौरान कई रास्तों को बंद कर दिया गया है। इससे एमआई रोड और टोंक रोड सहित कई रास्तों पर ट्रेफिक डायवर्ट करने से जाम की स्थिति बन गई।

प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को शाम साढ़े पांच बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से जेएलएन मार्ग होते हुए जवाहर सर्किल, ओटीएस चौराहा, गांधीनगर सर्किल, जेडीए सर्किल, अल्बर्ट हॉल और एमआई रोड होते हुए 5 बजकर 50 मिनिट पर सांगानेरी गेट पहुंचेंगे। यहां से शाम 6 बजे रथ में सवार होकर रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री का रोड शो बापू बाजार, नेहरू बाजार होते हुए शाम 6 बजरक 20 मिनिट पर किशनपोल बाजार पहुंचेगा। इसके बाद 6 बजकर 40 मिनिट पर छोटी चौपड़ और 6 बजकर 50 मिनिट पर त्रिपोलिया बाजार गेट पहुंचेगा। 7 बजे रोड शो बड़ी चौपड़ और फिर जौहरी बाजार होते हुए शाम 7 बजकर 20 मिनिट पर सांगानेरी गेट पहुंचकर समाप्त होगा। प्रधानमंत्री शाम 7 बजकर 25 मिनिट पर जयपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। 7 बजकर 40 मिनिट पर दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

पीएम के दौरे से पहले सोमवार को एसपीजी और जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने पूरा प्लान डिस्कस किया। पीएम के सांगानेरी गेट से रैली शुरू करने और फिर बड़ी चौपड़ पर खत्म करने के प्लान के दौरान क्या व्यवस्था रहेगी, इसको लेकर भी चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने जयपुर पुलिस के साथ वीसी के जरिए तैयारियों का जायजा भी लिया। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर परकोटे में यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्था की है। जौहरी बाजार,

■ **रोड शो को लेकर पुलिस व एसपीजी ने मोर्चा संभाला**

हवामहल बाजार, रामगंज बाजार, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता, किशनपोल बाजार, बापू बाजार, नेहरू बाजार में मुख्य मार्गों पर वाहनों की पार्किंग नहीं होगी। ये मार्ग नो व्हीकल जोन रहेंगे।

इसके अलावा गलता गेट चौराहा से रामगंज चौपड़ की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को गलता गेट चौराहे से दिल्ली रोड पर डायवर्ट कर संचालित किया जाएगा। वहीं आमेर, जलमहल की तरफ से आने वाले लोग सुभाष चौक, चार दरवाजा, घोड़ा निकास रोड, रामगंज चौपड़ होकर अपने गन्तव्य स्थान पर जा सकेंगे। यातायात का अत्यधिक दबाव होने पर रामगढ़ मोड़ से धोबी घाट की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जाएगा। रामगंज चौपड़ से बड़ी चौपड़ की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को डायवर्ट कर समानांतर मार्ग से संचालित किया जाएगा। फुटा खुर्रा से बड़ी चौपड़ की तरफ किसी भी प्रकार का यातायात नहीं आ सकेगा। ब्रह्मपुरी बस स्टैण्ड से चौगान चौराहा होकर छोटी चौपड़ आने वाले सामान्य यातायात को ब्रह्मपुरी बस स्टैंड से माउंट रोड की तरफ और चौगान चौराहा से 12 भाइयों के चौराहा की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जाएगा। संजय सर्किल से चांदपोल बाजार में आने वाले सामान्य यातायात को संजय सर्किल से संसार चंद्र रोड पर डायवर्ट कर संचालित किया जाएगा। यातायात का अत्यधिक दबाव होने पर झोटवाड़ा रोड से संजय सर्किल की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को दूधमंडी से माधोसिंह सर्किल, पानीपेच तिराहा से जयसिंह हाईवे पर डायवर्ट किया जाएगा। गवर्नमेंट हॉस्टल से अजमेरी गेट की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार पांच बत्ती से सेंट जेवियर चौराहा की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जाएगा। यातायात का अत्यधिक दबाव होने पर गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा से गवर्नमेंट प्रेस चौराहा की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जाएगा। अजमेरी गेट से किशनपोल बाजार में जाने वाले सामान्य यातायात को अजमेरी गेट तिराहा से यादगार तिराहा की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जाएगा।

घाटगेट से चारदीवारी में प्रवेश करने वाले सामान्य यातायात को घाटगेट चौराहा से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गों से संचालित किया जाएगा। गणगौरी बाजार से सार्दुल सिंह को नाल, नगर परिषद को मोरी, जनानी ड्योढ़ी से गोविन्द देव जी मंदिर की तरफ चलने वाले सामान्य यातायात को डायवर्ट कर संचालित किया जाएगा। गुरुद्वारा मोड़ से घाटगेट चौराहा की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को अत्यधिक दबाव होने पर गुरुद्वारा मोड़ से गोविंद मार्ग पर आवश्यकतानुसार डायवर्ट कर संचालित किया जाएगा। गांधी सर्किल से रामनिवास बाग की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को त्रिमूर्ति सर्किल से गोविंद मार्ग, नारायण सिंह तिराहा की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जाएगा। आरोग्य पथ तिराहा से सामान्य यातायात को सूचना केन्द्र की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।

टोंक रोड से आने वाले सामान्य यातायात को अत्यधिक दबाव होने पर पृथ्वीराज टी. पॉइंट से पृथ्वीराज रोड, अशोका टी. पॉइंट से अशोका मार्ग पर डायवर्ट कर संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अजमेरी गेट से घाटगेट तक सभी प्रकार का सामान्य यातायात बंद रहेगा। माल वाहक वाहनों साइकिल ट्रॉली, ठेले, बैलगाड़ी व ठेलों में लंबे पाइप सरिए आदि से भरे हुए वाहन का परकोटा, संसार चन्द्र रोड, एमआई रोड, अशोका मार्ग, यादगार तिराहा से रामबाग चौराहा, एमडी रोड में प्रवेश पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा।

# कहासुनी के बाद युवक की पीट-पीटकर हत्या

**भट्टा बस्ती थाने के बाहर शव रखकर परिजनों ने किया विरोध-प्रदर्शन**

**जयपुर** (कासं)। भट्टा बस्ती इलाके में रविवार देर रात आपसी कहासुनी में एक युवक से जमकर मारपीट कर हत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। इधर युवक की मौत के बाद सोमवार सुबह परिजन शव लेकर थाने पहुंच गए और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। परिजनों का आरोप था कि कुछ लोग रात को मृतक को घर से लेकर गए थे। उन्हीं ने मारपीट कर हत्या की है। मृतक की पत्नी ने पुलिस को मृतक के कुछ रिश्तेदारों के बारे में जानकारी दी है। इनसे मिलने के लिए युवक रविवार शाम को घर से निकला था। उसके बाद मौत होने के बारे में जानकारी मिली।

पुलिस ने बताया कि मृतक मुस्तफा, मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और पिछले कुछ समय से जयपुर में रह रहा था। वह रविवार शाम

■ **पुलिस ने मृतक के कई रिश्तेदारों को डिटेन कर पूछताछ शुरू की**

भट्टा बस्ती में रहने वाले अपने कुछ रिश्तेदारों से मिलने के लिए आया था। इस दौरान उसका विवाद हो गया, इसके बाद रिश्तेदारों ने उसे बुरी तरह से पीट दिया। जिसके बाद में उसे देर रात अचेत हालात में कांवटिया अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत होने के बाद शव अस्पताल छोड़कर रिश्तेदार फरार हो गए। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के परिवार को सूचना देकर जानकारी दी गई। पुलिस की ओर से जांच पड़ताल की जा रही है और साथ ही कुछ लोगों को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द से जल्द आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

## सार-समाचार

### कमल चुने, सुशासन चुने : रवि नैय्यर

**जयपुर, (का.सं.)।** आदर्श नगर विधानसभा के आर्य समाज भवन में आयोजित महिला सम्मेलन और कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी रवि नैय्यर ने कहा कि मेरे सभी बहन भाइयों का उत्साह देखकर स्पष्ट है कि लग रहा चुनाव परिणाम शानदार आएगा। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि आदर्श नगर विधानसभा में इतनी बड़ी संख्या में जनसमूह जनकल्याण को लेकर कार्य करता है। अपने घर परिवार और निजी कार्यों को छोड़कर आप सभी लोग भाजपा के लिए आपके बेटे आपके भाई रवि नैय्यर के लिए प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। मेरी कर्म भूमि जवाहर नगर रही है और वहां पानी का बहुत अभाव था। टैंकर की भी सुविधा नहीं थी मैंने अखबारों में एक खबर देखी थी जिसमें महिला गंदे पानी को छानकर एक डिब्बे में भर रही थी। उस खबर ने मुझे झकझोर कर रख दिया था। नैय्यर ने कहा कि जयपुर की सबसे बड़ी कच्ची बस्ती का उद्धार करने के लिए भगवान ने मुझे मौका दिया है मैं इसके लिए कटिबद्ध हूं। यहां ढाई ढाई फीट की छोटी गलियां है। मेरे लिए यह सुनहरा अवसर है कि इन लोगों के लिए कुछ कर सकूं। केंद्र में मोदी सरकार और राजस्थान में भी भाजपा की सरकार बनने जा रही है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि मेरी सबसे पहली प्राथमिकता होगी मेरी विधानसभा की इन बस्तियों के उत्थान के लिए काम करना। विधानसभा की सड़कों को जाम से मुक्त करना और आगरा रोड पर बसे लोगों को पट्टे दिलाना, लेकिन यह तभी संभव है जब आपका विधायक होगा और सरकार होगी।

### 'क्षेत्र के काम के लिए भटकना नहीं पड़ेगा'

**जयपुर ।** किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के निवासियों और व्यापारियों को उनकी बात समझने वाला और समाधान करने वाला चेहरा अब मिल गया है। अब किसी को अपने क्षेत्र के काम करवाने के लिए इधर उधर नही भटकना पड़ेगा। भाजपा किशनपोल क्षेत्र से प्रत्याशी चंद्र मनोहर बटवाड़ा ने आज वार्ड 74 एवं 75 जनसंपर्क के दौरान लोगों को विश्वास दिलाया। उन्होंने भाजपा के समर्थन पत्र की जानकारी सहित नरेंद्र मोदी सरकार की जानकारी लोगों को दी। आज किशनपोल में जनसंपर्क के दौरान जनता ने हर जगह माला साफा पहनाकर स्वागत किया तथा महिलाओं ने फूल बरसा कर स्वागत किया। चन्द्र मनोहर बटवाड़ा का जनसंपर्क कार्यक्रम में वार्ड 57 से प्रात 9 बजे प्रारंभ होकर वॉर्ड 58 गोपीनाथ मंदिर बगरू वालों का रास्ता, नामदेव छिपा समाज बगरू वालों का रास्ता आखिरी चौराहा से होते हुए वार्ड 74 एवं 75 हल्दियों का रास्ता, घी वालों का रास्ता आदि क्षेत्र में हुआ एवं विभिन्न व्यापार मंडलों और समितियों के साथ बैठक में उनकी समस्याओं पर चर्चा हुई।

### संजय बियानी ने किया जनसंपर्क

**जयपुर** (कासं)। विद्याधर नगर विधानसभा से आम आदमी प्रत्याशी डॉ. संजय बियानी ने भव्य रैली का आयोजन किया। रैली में सदस्यों और समर्थको ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं आप पार्टी को सपोर्ट करने और रैली को और खास बनाने के लिए महिलाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होनें सभी लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित किए व जोश के साथ रैली में आम आदमी की स्थिति को बताते हुए आप पार्टी के विकास के संकल्प को उजागर किया। रैली का शुभारंभ निवास स्थान सी 1, सी 2 से खेतान हॉस्पिटल ,प्रताप नगर चौराहा, मुरलीपुरा केडिया पैलेस से बुडानिया चौराहा, मैजर योगेश अग्रवाल मार्ग से नाडी का फाटक, दादी का फाटक फ्लाई ओवर से निवारू पुलिया लक्ष्मी नगर होते हुए शालीमार चौराहा, गोल्डन बैकरी, श्री शिव हनुमान मंदिर, ब्लॉक ऑफिस संजय नगर के सामने से जोशी मार्ग, कांटा चौराहा, लता सर्कल से होते हुए प्रधान कार्यालय अंबाबाड़ी से बियानी गर्ल्स कॉलेज के प्रारगण में समाप्त हुई। रैली के दौरान डॉ.संजय बियानी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसका शासन जिस भी राज्य में रहता है वहां सिर्फ विकास के कार्य होते है, इस पार्टी में भ्ष्ट्राचार और अपराधों पर लगाम लगाई जाती है व युवाओं को बेहतर शिक्षा व नौकरी मिलती है, आज केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली-पंजाब का चहुमुखी विकास हुआ है।

### 'हार के डर से बौखला गई है कांग्रेस'

**जयपुर ।** भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नारायण पंचारिया ने कांग्रेस पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के बढ़ते जनाधार को देखकर कांग्रेस बौखला गई है। आज प्रदेश में कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। खुद कांग्रेस पार्टी के विधायकों और मंत्रियों ने अपनी सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा, पेपर लीक और अवैध खनन को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। इन सभी आरोपों से घिरी कांग्रेस पार्टी की बौखलाहट हर दिन बढ़ती जा रही है, और अब तो कांग्रेस ने हार के डर से समाचार पत्रों और डिजीटल प्लेटफॉर्म पर प्रोपेगेंडा चलाना शुरू कर दिया है। 16 नवंबर के समाचार पत्रों में कांग्रेस की सात गारंटियों का चला जादू 156 सीटों पर कांग्रेस की जीत पक्की टाईटल के नाम से भ्रामक विज्ञापन छपवाया था। इन विज्ञापनों में कहीं भी विज्ञापन या इम्पेक्ट फीचर अंकित नहीं किया गया। पंचारिया ने कहा कि कांग्रेस द्वारा प्रोपेगेंडा के साथ इस तरह के विज्ञापनों से आम जनता को भ्रमित करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है जो कि आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह उल्लंघन है। कांग्रेस द्वारा निरंतर भ्रामक ढंग से मतदाताओं को प्रभावित करने के कुत्सित प्रयास के खिलाफ भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

### सुरंग के नाले में युवक की लाश मिली

**जयपुर ।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में सुरंग के नाले में सोमवार सुबह एक युवक की लाश पड़ी मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक के हाथ में नशे का इंजेक्शन लगा हुआ था। पुलिस प्रथमदृष्टया नशे की ओवर डोज से युवक की मौत होना मान रही है। पूरा खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह ट्रांसपोर्ट नगर सुरंग के नाले में युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। लाश मिलने का पता चलने पर लोगों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौका-मुआवना कर सबूत जुटाए गए।

# राजनेताओं, खिलाड़ियों व फिल्मी सितारों ने ''सहाराश्री'' को अर्पित की श्रद्धांजली

**जयपुर ।** सहारा इंडिया परिवार के प्रबंध कार्यकर्ता और चेयरमैन सुब्रत रॉय सहारा, जिन्हें प्यार से सहाराश्री कहा जाता है, को हर क्षेत्र के लोगों से भावभीनी श्रद्धांजलियां प्राप्त हुई हैं। उन्हें राजनेताओं, खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों ने श्रद्धांजलि दी। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहाराश्री के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है जबकि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उनके निधन को राज्य और देश की भावनात्मक क्षति बताया क्योंकि सहाराश्री केवल एक सफल व्यवसायी ही नहीं बल्कि एक बड़े ह्रदय के इंसान थे जिन्होंने अनगिनत लोगों की सहायता की और उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान किया।



सहाराश्री के निधन के तत्काल बाद अभिनेता अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन व श्वेता बच्चन ने मुंबई के सहारा स्टार होटल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सहाराश्री का निधन 14 नवंबर को रात 10.30 बजे मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल एवं मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट में दिल का दौरा पड़ने से हो गया था। सहाराश्री मेटास्टेटिक कैंसर उच्च रक्तचाप और मधुमेह से पीड़ित थे। उनका पार्थिव शरीर 15 नवम्बर को लखनऊ लाया गया एवं 16 नवंबर को उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। दुख की इस घड़ी में उनकी पत्नी स्वप्ना रॉय उनकी पुत्रवधुएं बड़े बेटे सुशांतो रॉय की पत्नी ऋचा रॉय तथा छोटे बेटे सीमांतो रॉय की पत्नी चांदनी रॉय को हजारों शोकाकुल लोगों से भावनात्मक संवेदनाएं और शोक संदेश प्राप्त हुए। सहारा इंडिया परिवार के प्रवक्ता ने कहा कि शोक के इस समय में सहारा इंडिया परिवार के दोनों उपप्रबंध कार्यकर्ता ओपी श्रीवास्तव और जेबी रॉय जो कि सहाराश्री के छोटे भाई भी हैं ने परिवार के लोगों और समूचे सहारा इंडिया परिवार को पितृवत संबल प्रदान किया। मुंबई में सहाराश्री के निधन के तत्काल बाद जो लोग सबसे पहले स्वप्ना रॉय से मिलने पहुंचे, वे थे अमिताभ बच्चन उनके पुत्र अभिषेक बच्चन और उनकी पुत्री श्वेता बच्चन नंदा। इन्होंने मुंबई के सहारा स्टार होटल में उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। अमिताभ ने अपने ब्लॉग पर सहाराश्री के निधन को एक गहरी क्षति बताया।

## पुलिस जीप को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी

**जयपुर ।** मालपुरा गेट थाना इलाके में गश्त कर रही पुलिस टीम की बोलेरो को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बोलेरो में बैठे चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद फॉर्च्यूनर ड्राइवर गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने गंभीर घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। दो पुलिसकर्मियों की हालत खराब होने पर उन्हे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज कर दुर्घटना थाना पुलिस को जांच सौंप दी है। सड़क दुर्घटना थाना पुलिस ने बताया कि मालपुरा गेट पुलिस की टीम रविवार देर रात बोलेरो में गश्त कर रही थी। इस दौरान बोलेरो में ड्राइवर रामचंद्र, कांस्टेबल देशराज, अमीचंद और बाबूलाल बैठे थे। इस दौरान सेक्टर-35 के पास सांगा सेतू के नजदीक पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने पुलिस टीम की बोलेरो को टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद फॉर्च्यूनर का चालक गाड़ी को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।

# खदान में मजदूर पर गिरा पत्थर, मौत

■ **हरमाड़ा इलाके में टोड़ी मोड के नजदीक पत्थर की खदान में सोमवार सुबह हुआ हादसा**

■ **यहां बड़ी चट्टान को तोड़ने के लिए विस्फोटक लगाया गया था, लेकिन पत्थर पहले ही नीचे आ गिरा**

**जयपुर** (कासं)। हरमाड़ा थाना इलाके में सोमवार सुबह खदान में पत्थर गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई,जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। वहीं दो अन्य घायल मजदूरों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि थाना इलाके में स्थित टोड़ी मोड के नजदीक पत्थर की खदान में बड़ी चट्टान को तोड़ने के लिए विस्फोटक लगाया गया था। जहां विस्फोट से पहले ही अचानक चट्टान नीचे आ गिरी। चट्टान जहां गिरी वहां तीन मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई। शव के तीन टुकड़े हो गए और दो अन्य मजदूर गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया गया। मृत मजदूर और अस्पताल में भर्ती मजदूरों के बारे में फिलहाल जानकारी जुटाई जा रही है।

साथ ही खदान में काम बंद करा दिया गया है। अन्य श्रमिकों से भी पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस खदान में करीब 40 से 50 फीट ऊंचाई पर पहाड़ से लगी बड़ी चट्टान को तोड़ने का काम चल रहा था। चट्टान तोड़ने के लिए छोटे छेद कर उनमें विस्फोटक लगाना होता है। इससे चट्टान का वही हिस्सा टूटता है, जिसे तोड़ना चाहते हैं। चट्टान तोड़ने के लिए छेद बनाने के दौरान ही चट्टान टूट गई और नीचे आ गिरी।

# कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज पर भू-माफिया होने का आरोप लगाया

**जयपुर ।** राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान जयपुर शहर की सांगानेर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में पुष्पेन्द्र भारद्वाज चुनाव मैदान में है। प्रचार के दौरान भारद्वाज स्वयं को जनसेवक होने का दावा कर रहे हैं लेकिन कुछ ऐसे लोग मीडिया के सामने आए हैं जो पुष्पेन्द्र भारद्वाज को भूमाफिया बता रहे हैं। जयपुर के श्याम नगर निवासी नरेन्द्र जैन और सीकर निवासी श्रीराम शर्मा (लाटा) सोमवार को मीडिया से रूबरू हुए। जैन का आरोप है कि पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने वैशाली नगर स्थित उनकी पूरी इमारत पर अवैध कब्जा कर लिया है। जैन की पत्नी के नाम से गांधी पथ वैशाली नगर में एक इमारत है। इस इमारत की पहली मंजिल पर बना एक फ्लैट पुष्पेन्द्र भारद्वाज को बेचा गया था। एक फ्लैट खरीदने के बाद पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने राजनैतिक पहुँच और गुंडागर्दी के चलते पहली मंजिल के संपूर्ण 4 हजार वर्ग फीट के एरिया पर कब्जा कर लिया। साथ ही 4 हजार वर्ग फीट की छत पर भी अवैध कब्जा करके 4 फ्लैट का निर्माण करा लिया। नरेन्द्र जैन का कहना है कि पहली मंजिल और छत पर निर्माण कार्य शुरू करने के दौरान जून 2016 को वे मौके पर गए तो पुष्पेन्द्र

■ **जयपुर के श्याम नगर निवासी नरेन्द्र जैन और सीकर निवासी श्रीराम शर्मा ने सोमवार को मीडिया से रूबरू होकर यह आरोप लगाये हैं**

भारद्वाज और उसके गुंडों ने जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी।

सीकर के बजाज नगर निवासी श्रीराम शर्मा (लाटा) का आरोप है कि उन्होंने वर्ष 1995 में जयपुर के विद्याधर नगर स्थित जैम्स कॉलोनी में एक प्लॉट 13 बी खरीदा था। वर्ष 2014 में उनके प्लॉट पर पुष्पेन्द्र भारद्वाज द्वारा कब्जा कर लिया गया। दरअसल पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने जैम्स कॉलोनी में किसी महेश नामक व्यक्ति से प्लॉट नंबर 13 एक खरीदा था। बाद में भारद्वाज ने प्लॉट नंबर 13 बी पर भी कब्जा कर लिया। 15 मार्च 2014 में पीड़ित श्रीराम शर्मा ने जेडीए थाने में पुष्पेन्द्र भारद्वाज, उनके पिता अभिनंदन भारद्वाज सहित अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# 'सांगानेर में भाजपा प्रत्याशी भजनलाल शर्मा बाहरी नहीं, बल्कि भारी प्रत्याशी'

**जयपुर ।** भाजपा नेता एवं सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बयान जारी कर कहा कि सांगानेर में भाजपा प्रत्याशी भजनलाल शर्मा बाहरी नहीं, बल्कि भारी प्रत्याशी है। उन्होंने यह बात कांग्रेस उम्मीदवार पुष्पेन्द्र भारद्वाज के उस बयान पर कही, जिसमें उन्होंने भजनलाल को बाहरी प्रत्याशी बताते हुए निशाना साधा था। साथ ही यह कहा था कि भजनलाल को सांगानेर की गलियों की जानकारी भी नहीं है, वे गूगल मैप से जनसंपर्क के लिए घूमते हैं।

सुरेश मिश्रा ने पुष्पेन्द्र भारद्वाज के बयान पर पलटवार करते हुए साथ ही अगर भजनलाल बाहरी है तो पुष्पेंद्र भी वैशाली नगर में निवास करते है, बाहरी कोई मुद्दा नहीं है। सांगानेर में मानसरोवर, प्रताप नगर, पत्रकार कॉलोनी और पृथ्वीराज नगर के सभी निवासी बाहर से आकर बसे है। उन्होंने कहा कि मैंने 15 वर्ष सांगानेर विधानसभा में आम जनता की सेवा की है। कोई मेरे ऊपर जमीने खरीदने व बेचने का आरोप नहीं लगा सकता। ना ही मेरे आस पास इस प्रकार के लोग है जो कि भूमाफिया हो। उन्होंने कहा

■ **कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेन्द्र भारद्वाज द्वारा भजनलाल को बाहरी बताने पर पं.सुरेश मिश्रा का पलटवार**

कि मैंने वर्ष 2008 में सांगानेर से जब चुनाव लड़ा, तब सांगानेर में कांग्रेस का संगठन ना के बराबर था और मेरे सामने उस समय भाजपा के दिग्गज नेता घनश्याम तिवाड़ी सामने थे। उसके बाद भी मुझे 45 हजार मत मिले जो कि कुल मतदान का 38 प्रतिशत था। उसके बाद उम्मीदवार संजय बापना को 24 प्रतिशत मिले। उसके बाद वर्ष 2018 में पुष्पेन्द्र भारद्वाज को कुल मतदान का 34 प्रतिशत मिला। जो कि मेरे से कम रहा, क्योंकि मतदाता बढ गये थे, इसलिए वह अपने वोट ज्यादा बताते हैं। इस प्रकार से परिसीमन के बाद हुये 3 चुनाव में मुझे सबसे ज्यादा मत मिले। कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज का यह कहना सरासर गलत है कि उन्हे मेरे से ज्यादा वोट मिले।



## World Television Day

On December 1996, the United Nations General Assembly proclaimed the 21st of November as World Television Day, the same year the first World Television Forum was held. According to the United Nations, this decision was taken in order to give recognition to the increasing impact television has had on decision-making by bringing various conflicts and threats to peace and security, to the world's attention. World Television Day is rather a celebration of the philosophy which it represents–a philosophy of openness and transparency of world issues.

#SUSTAINABILITY

# 'Ultra-Green' Concrete

Researchers want to alter the formulation of concrete by adopting an "ultra-green concrete" approach.






Concrete is the most widely used building material worldwide, providing a foundation of our modern society's infrastructure. It is partially recyclable and can even absorb $CO_2$ from the atmosphere during the curing process.

However, the amount of $CO_2$ released during the manufacturing process far exceeds the amount that can be reabsorbed later. This is why the concrete industry generates around 8% of global $CO_2$ emissions—more than the aviation and shipping industry combined.

Franco Zunino, a senior scientist at the Institute for Building Materials at ETH Zurich, hopes to change that with a new project.



### Two-Fold strategy for better concrete

Concrete consists of a mixture of cement, aggregates, and water. Traditional cement is composed of about 95% clinker and 5% gypsum. To produce cement, limestone and clay are burned into clinker in a kiln, heated to 1,450°Celsius (about 2,642 Fahrenheit), which inevitably releases $CO_2$ due to chemical decomposition of limestone. The huge amount of energy required by the kiln further worsens cement's carbon footprint.

EPFL has already launched its Limestone Calcined Clay Cements (LC3) project, in which Zunino is actively involved and which has set a new standard in cement production. It has developed a cement formulation using 50% clinker and a combination of calcined clay and limestone that has cut $CO_2$ emissions by around 40%.

However, improving the formulation of concrete can bring about a significant increase in these environmental benefits. This is where Zunino's Ultra-Green Concrete (UGC) project at the ETH civil, environmental, and geomatic engineering department (D-BAUG) comes in.

Zunino pursues a two-fold strategy for the new green concrete: first, reducing clinker content, i.e. the amount of clinker per unit of cement; second, lowering the ratio of cement in the concrete. This dual strategy offers flexibility in tailoring low-carbon concrete compositions to individual markets.

"The ideal would be to implement both at the same time but the individual components are independent of each other. In some markets, it may be difficult to implement both aspects of the dual strategy, as production capacity and infrastructure need to be put in place. However, it is possible to implement at least one of them and still reduce $CO_2$ emissions," Zunino says.

### Cost effective concrete

One reason for the reluctance might be that the concrete industry is not particularly innovative. Concrete has proven to be highly successful due to its cost-effectiveness, safety, and being user-friendly. According to Zunino, "Green Concrete" could be even cheaper than conventional concrete. The proportion of expensive components is lower, while the quality and thus price of the concrete remain the same. This creates financial incentives for using more environmental friendly material.

### "Safety aspects are also important, of course." Zunino says

"Anyone who builds a house wants to use a material that ensures that it will stand for a hundred years. But we have to ask ourselves whether this really makes sense, in view of the enormous $CO_2$ emissions involved. Can we instead use a material that meets the structure's required life cycle but emits significantly less $CO_2$? In a climate-crisis scenario, one tonne of $CO_2$ saved today is more valuable than the same tonne saved in 50 years."

# We, Mothers, caught in the crossfire




Dr Pavan Shorey
*Vitreo retinal surgeon, author*


Here are a series of poems on the conflict. Two poems are from the Israeli point of view and two are from the Palestinian point of view. The unifying poem is, 'We, Mothers, caught in the crossfire.' It is based on interviews by Parent Circle, a grassroots organisation, trying for a process of reconciliation between mothers on both sides of the fence, who are unable to cope with the loss of their children in this ongoing saga of violence.



#POEMS

The Israeli- Hamas/ Palestine conflict is already a devastating human tragedy. The heinous killing of innocent people by Hamas deserves the severest condemnation. In all this, it is the civilian population which is bearing the consequences.

Here are a series of poems on the conflict. Two poems are from the Israeli point of view and two are from the Palestinian point of view. The unifying poem is, 'We, Mothers, caught in the crossfire.' It is based on interviews by Parent Circle, a grassroots organisation, trying for a process of reconciliation between mothers on both sides of the fence, who are unable to cope with the loss of their children in this ongoing saga of violence.

The poem, Burning Conscience, is based on interviews given by former soldiers of IDF, who have formed an organisation of the same name. They call out the lies of the Israeli Army, the Israeli Government and the Israeli press.

Martin Luther King famously said," Violence corrupts the soul." Both sides have their souls corrupted and they don't care. Hamas must know that violence begets violence and the only path forward is peace and negotiations. Israel must know that it can erase a race but it cannot erase the idea of a free Palestinian state.

## Show no mercy, finish them!



**I** am Aron, I am an IDF soldier,
My family, Holocaust survivors,
came to this promised land,
Our land stolen by Arabs,
The illiterate and dumb race,
This race must be taught a lesson,
Show no mercy, finish them!

We are the occupation force
in the West Bank,
We do as we please,
Suspicious activity in one house,
We raid it at 2 am, line up
the family outside,
And blow up the house,
This race must be taught a lesson,
Show no mercy, finish them!

A group of Palestinians
have lined up,
They are stone pelters,
The moment they start
pelting stones,
We fire at them,
I aim at the chest of one
man and fire,
He crumbles down in a heap,
The crowd scatters away,
This race must be taught a lesson,
Show no mercy, finish them!

A procession of two
funeral caskets,
Heads towards the funeral ground,
A large crowd follows,
chanting slogans,
We fire tear gas, shoot in the air,
The crowd starts pelting stones,
We fire at the crowd,
some are dead,
The people flee,
Two caskets on the ground
And two dead bodies besides them,
This race must be taught a lesson,
Show no mercy, finish them!

All Palestinian leaders
inciting violence,
Show no mercy, kill them!
All young Palestinians are
potential terrorists,
Show no mercy, kill them!
All journalists reporting
from their side
are anti-Zionists,
Show no mercy, kill them!
The idea of a free state
of Palestine,
Show no mercy, kill it!

## Burning Conscience



**I** am just back from
my stint in IDF,
My imma(mom), she is so
proud,
All welcome me for
protecting Israel,
I am a hero in our communi-
ty,
At night, I look myself
in the mirror,
A hardened face of
a 21 year old,
I can't look at myself for
what I have done,
My conscience burns
slowly, bit by bit.

Hebron was my first posting,
My gear: 6 Ammo packs, 2
grenades and a machine
gun,
I could feel the power
in my hands,
We were there to enforce a
curfew,
Shoot to kill if anyone broke
it,
A young boy ran in front of
me,
I aimed and shot him dead,
My first killing to protect
my people,
My conscience burns slowly,
bit by bit.

We would set up roadblocks
anywhere,
Barbed wire on roads
to create traffic jams,
Search cars, be cruel to peo-
ple,
Once I ordered everyone out,
An old woman expressed
her helplessness,
I pulled her out with brutal
force,
She collapsed to the ground,
She looked at me, her face in
pain,
You have a mother,
Will you treat her like this?
My conscience burns slowly,
bit by bit.

We rush at midnight
Into a suspected terrorist's
house,
Go to his room
I put a gun on his temple,
He shouts in fear, I blow
up his brains,
I executed him in self
defence,
Our way of getting around
the Court order,
No summary executions,
My conscience burns slowly,
bit by bit.

We, the occupying forces,
create fear in them,
Make sure they have no
rights like us,
Make sure they know
we kill at will,
Make sure they know we
are not accountable,
Make sure they know we, the
Jews, are the superior race,
My conscience burns,
slowly bit by bit.

At night, I suffer pangs of
guilt,
I thought I was a good per-
son,
Does a good person shoot to
kill?
Does a good person harass
defenceless people?
Does a good person
blow up homes
And make people homeless?
Does a good person not know
that what we practice is
apartheid?
My conscience burns slowly,
bit by bit.

## We, mothers, caught in the crossfire



**The** pain of loss of a child,
Sears the heart of many a
mother,
She may be Jewish, she
may be Palestinian,
There is no healing, there
is no closure,
We, mothers, caught in
the crossfire.

I am Noor from East
Jerusalem,
My toddler son was
bombed
out of this world,
I hide the pain in a recess
of my heart,
And live with it, day in,
day out,
We, mothers, caught
in the crossfire.

I am Nua from West
Jerusalem,
My teenage son was
knifed
out of this world,
His laughter rings in my
ears,
His infectious smile,
I can't forget,
We, mothers,
caught in the crossfire.

We brought our children
to this world,
To nurture them and
make them good human
beings,
They were killed and
we buried them,
When will you feel the
anguish
of a mother's heart?
When will you stop this
senseless violence?
We, mothers, caught in
the crossfire.
An organisation
approaches us,
There is a way forward,
A path to healing,
A path to understand
each other's pain,
A path to find closure
to our sorrow,
We, mothers, caught
in the crossfire.

We will meet to support
each other,
We will not be asked to
forgive,
We will not be asked to
love each other,
We will just respect each
other,
We, mothers, caught
in the crossfire.

For the first time we
look at each other,
We hear each other's
story of child loss,
We try to understand each
other's pain,
We aim to reconcile,
We aim to take a small
step towards peace,
We, mothers, caught in
the crossfire.

There is hope,
There is hope this flow
of tears will cease,
There is hope the dark
clouds
of sorrow will part,
There is hope the sun-
shine of peace will break
through,
We, mothers can only
hope,
There will be peace,
Our children will live
normal lives,
Let us not be caught in
the crossfire.

## Love in an Open Jail



**I** am Adil; my land is an
open jail,
All gates are shuttered
and guarded,
All movements
monitored,
How can love
blossom here?
The shadow of
oppression is
for all to see.

My school friend,
Fatima, I adore,
We go out for strolls
at night,
Steal kisses in dimly
lit streets,
She wants to marry me,
Unspoken, I have other
goals in life,
The shadow of
oppression
is for all to see.

I was picked up by the
enemy when I was 13
years old,
Put in a one square metre
jail, couldn't sit or lie
down,
No water, food or toilet
They wanted me to
confess,
I stoned the Israeli army,
I refused, was jailed
without trial,
They released me after
10 months,
I was scarred and a
changed person,
The shadow of
oppression
is for all to see.

I hate the people
on the other
side of the fence,
A rage smoulders in me,
I want revenge for my
brother killed in raids,
I want revenge for my
unjust jail term,
The shadow of
oppression
is for all to see.

I have been
indoctrinated,
I have been tutored to kill,
Kill innocent people on
the other side of fence, as
they kill our own,
Kill women and children,
as kill our own,
Destroy their homes,
as they destroy our own,
The shadow of
oppression
is for all to see.

I must tell Fatima today,
Our love is doomed,
I will ask her to forget me
And move on in life,
It will not be easy for me,
but I have been tutored
to forget family, personal
relations,
The shadow of oppres-
sion
is for all to see.

At night, they bomb our
locality,
In the dense smoke,
I tell Fatima
She sobs and tries to
reason with me,
You will be killed,
she says,
I am ready for anything,
I tell her,
This is my goodbye and
you may never see
me again,
The oppressor will be
revenged for all to see.

## Holocaust redux



**Picking** up young me,
Summarily putting them in jail,
Without trail, unaccounted,
unanswerable,
If this is not oppression,
What is?

Razing a terrorist's home
to ground,
Pushing the family to the
street and elements,
While friends and others watch
in helpless rage,
If this is not tyranny,
What is?

Mowing the lawn,
Mowing down the men,
women and children,
All so 'that one' is killed,
If this is not massacre,
What is?

Grabbing our ancient land,
Grabbing our water resources,
Rendering us landless in the
land of our forefathers,
If this is not injustice,
What is?

Ordering one million people out
of their homes in one day,
Closing their water,
food and power,
Bombing their homes to dust,
Killing innocent people
and children,
If this is not genocide,
What is?

You lost six hundred thousand
in the Holocaust,
We lost in the same proportion,
The preachers of human
rights look on,
Our Arab brothers look on,
History replays itself,

If this is not Holocaust redux,
What is?


rajeshsharma1049@gmail.com


#AFFORESTATION

# A Biodiversity Boost

The forest carbon potential has been a highly controversial topic.



Natural forest recovery can capture approximately 226 gigatonnes of carbon, but only if we also reduce greenhouse gas emissions, a new study shows.

The study highlights the critical importance of forest conservation, restoration, and sustainable management in moving towards international climate and biodiversity targets.

The researchers stress that this potential can be achieved by incentivizing community-driven efforts to promote biodiversity.

The forest carbon potential has been a highly controversial topic. Four years ago, a study published in the journal Science found that the restoration of forests can capture over 200 gigatonnes of carbon—which could draw down approximately 30% of excess anthropogenic carbon.

While this study elevated a discussion about the role of nature in fighting climate change, it also raised concerns around the adverse environmental impacts of mass tree plantations, carbon offsetting schemes, and greenwashing. While some scientific studies have supported the scale of this finding, others argued that this forest carbon estimate could be up to 4 or 5 times too high.

To address this controversial topic, researchers led by the Crowther Lab at ETH Zurich joined forces to build an integrated assessment using a comprehensive range of approaches, including vast ground-sourced data and satellite data.

### Forest Carbon Capture

**Due** to ongoing deforestation, the total amount of carbon stored in forests is ~328 Gt below its natural state.

Of course, much of this land is used for extensive human development including urban and agricultural land. However, outside of those areas, researchers found that forests could capture approximately 226 Gt in regions with a low human footprint, if they were allowed to recover. Approximately 61% of this potential can be achieved by protecting existing forests, so that they can recover to maturity. The remaining 39% can be achieved by reconnecting fragmented forest landscapes through sustainable ecosystem management and restoration.



"Most of the world's forests are highly degraded. In fact, many people have never been in one of the few old growth forests that remain on Earth," says Lidong Mo, a lead author of the study published in the journal Nature. "To restore global biodiversity, ending deforestation must be a top priority."

The dataset revealed that biodiversity accounts for approximately half of the global forest productivity. As such, the researchers highlighted that, to achieve the full carbon potential, restoration efforts should include a natural diversity of species. In addition, sustainable agricultural, forestry, and restoration practices that promote biodiversity have the greatest potential for carbon capture.

### 'A Fundamentally Social Endeavour'

**The** authors stress that responsible restoration is a fundamentally social endeavour. It includes countless actions such as conservation, natural regeneration, rewilding, silviculture, agroforestry, and all other community-driven efforts to promote biodiversity. It requires equitable development, driven by policies that prioritize the rights of local communities and Indigenous people. "We need to redefine what restoration means to many people," says senior author Thomas Crowther, a professor at ETH Zurich. "Restoration is not about mass tree plantations to offset carbon emissions. Restoration means directing the flow of wealth towards millions of local communities, indigenous populations, and farmers that promote biodiversity across the globe. Only when healthy biodiversity is the preferred choice for local communities will we get long-term carbon capture as a bi-product."


The researchers conclude that ecologically responsible forest restoration does not include the conversion of other ecosystems that would not naturally contain forests.

"Global restoration is not only about trees," says Constantin Zohner, a senior researcher at ETH Zurich. "We have to protect natural biodiversity in all ecosystems including grasslands, peatlands, and wetlands that are equally essential for life on Earth."

This study brings to light the critical importance of natural, diverse forests in contributing to 30% of carbon drawdown potential. However, forests cannot be a substitute for cutting fossil fuel emissions. The study warns that if emissions continue to rise, then on-going droughts, fires, and warming will threaten forests and limit their ability to absorb carbon.

"My biggest fear is that corporations misuse this information as an excuse to avoid cutting fossil fuel emissions. The more we emit, the more we threaten nature and people. There can be no choice between reducing emissions and protecting nature because we urgently need both. We need nature for climate, and we need climate action for nature!" says Crowther.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# धर्म के नाम पर वोट मांगने वालों से पूछो, बच्चों के भविष्य के लिए क्या किया : प्रियंका गांधी

## कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पंडेर में जनसभा की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और जहाजपुर से प्रत्याशी धीरज गुर्जर के समर्थन में सोमवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पंडेर में जनसभा को संबोधित किया।

संबोधन के दौरान गांधी ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बिकी हुई है भाजपा में अब तक भी मुख्यमंत्री का चेहरा साफ नहीं है। झूठे वादे झूठे दिखावे पर जोर देते हैं जबकि गहलोत सरकार ने जो वादे किए उन्हें पूरा किया है और आने वाला चुनाव हम साथ गारंटी के बल पर लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार लंबी बीमारी में पशुपालकों को 40 हजार रुपए मुआवजा राशि दी। यही नहीं राजस्थान में यदि सरकार वापस आती है पशुपालकों से गोबर खरीद कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जाएगा। गांधी ने गहलोत सरकार की महत्वपूर्ण चिरंजीवी योजना, निशुल्क पानी, बिजली और



**कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट व धीरज गुर्जर ने जनसभा को संबोधित किया।**

शिक्षा के विषय में भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जनता से संकल्प लिया कि भाजपा को भगाना है राजस्थान को बचाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ धर्म की राजनीति करती है, लेकिन एक नेता का कोई धर्म नहीं होता वो 36 ही कौम का नेता होता है।

- **कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और जहाजपुर से प्रत्याशी धीरज गुर्जर के समर्थन में वोट मांगे**

प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार ने जो काम किए हैं या साथ जो गारंटी हम दे रहे हैं उन्हें याद रखें क्योंकि हम कम करने में विश्वास रखते हैं झूठे वादे करने में नहीं। मुझे मालूम पड़ा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां एक सभा को संबोधित करने आने वाले हैं मैं जनता से चाहूंगी वह उनसे सवाल करें कि उन्होंने अब तक अपनी सरकार में क्या काम किए हैं सिवाय झूठे वादे के। मोदीजी की सरकार ने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मेरे पूर्वजों ने जो लड़ाई लड़ी है वह आपके और आपके बच्चों के भविष्य को सुनहरा बनाने का काम करती है। सोच समझकर विवेक के साथ आने वाली 25 तारीख को मतदान करें और जो नेता धर्म की बात कर कर वोट मांगते हैं उनसे पूछें कि उन्होंने आपके लिए किया क्या है।

जन सम्मान सभा को पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने संबोधित करते हुए कहा कि धीरज गुर्जर में लड़ने और भिड़ने की काबिलियत है यह जनता के काम के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और जहाजपुर क्षेत्र का विकास करने की महत्वाकांक्षा भी रखते हैं। धर्म की राजनीति करने वालों से बचकर आपके और आपके बच्चों के भविष्य के लिए काम करने वाले नेता को चुने। जनसभा को संबोधित करने के बाद प्रियंका गांधी जहाजपुर के बारह देवरा मंदिर पहुंची, जहां उन्होंने गुर्जर के साथ प्राचीन मंदिर के दर्शन कर यह के इतिहास को जाना।

# फर्जी दस्तावेज से पट्टा जारी करने का मामला दर्ज

**अजमेर,** (कासं)। ग्राम पंचायत बड़लिया के पूर्व सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी पर फर्जी दस्तावेज के आधार पर खाली भूमि का पट्टा जारी करने का मामला दर्ज हुआ है। फर्जी दस्तावेजों में पट्टा धारक ने जो शपथ पत्र दिया उसमें 50 साल से उक्त स्थान पर रहना दर्शाया है, जबकि पट्टा धारक की उम्र 47 साल ही है। ग्राम पंचायत बड़लिया के सरपंच ने आदर्श नगर थाने में मामला दर्ज कराया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आदर्श नगर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़लिया के सरपंच ज्ञान सिंह पंवार पुत्र लाडू सिंह रावत ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन का पट्टा जारी करने के मामले में पूर्व सरपंच सरजू देवी व ग्राम विकास अधिकारी प्रताप सिंह सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि ग्राम पंचायत बड़लिया की पूर्व सरपंच सरजू देवी व ग्राम विकास अधिकारी प्रतिप सिंह ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर पंचायत की आबादी भूमि पर षड़्यंत्र पूर्वक धोखाधड़ी से बेईमानी पूर्वक फर्जी दस्तावेज तैयार कर रमेश सिंह पुत्र नाथा रावत को 20 नवम्बर 2019 को पट्टा जारी किया गया, जो कि नियमानसुार गलत है। पट्टा जारी करने के लिए सरजू देवी, प्रताप सिंह ने जो शपथ पत्र रमेश से लिया, उसमें 50 वर्ष से अधिक समय का रहवासी कब्जा बताया गया है, जबकि उसकी आयु ही

- **फर्जी दस्तावेजों में पट्टा धारक ने जो शपथ पत्र दिया उसमें 50 साल से उक्त स्थान पर रहना दर्शाया है, जबकि पट्टा धारक की उम्र 47 साल ही है**
- **पूर्व सरपंच व विकास अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

47 वर्ष है, साथ ही वहां पर आज दिनांक तक कोई मकान (घर) नहीं बना हुआ है।

रिपोर्ट पर बताया कि उक्त खाली जगह में पट्टा जारी कर रमेश सिंह को लाभ पहुंचाया गया है। भौतिक निरीक्षण में भी मकान होना अंकित किया, जबकि आज भी वहां पर भूखंड खाली पड़ा है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पट्टा जारी कर राज्य सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाई तथा अपने लोक सेवक पद का दुरुपयोग किया है। सरजू देवी व प्रताप सिंह के कार्यकाल में हुई धोखाधड़ी, सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाना,फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच सीआई चेनाराम बेड़ा को सौंपी है।

# भाजपा-कांग्रेस ने पूंजीपतियों को दिया बढ़ावा : मायावती

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ीनगर के नेहरु मैदान में सोमवार को बसपा प्रत्याशी के समर्थन में आम सभा का आयोजन किया गया। बसपा सुप्रीमो मायावती ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में ऐसा ट्रेंड चल रहा है कि एक बार बीजेपी तो एक बार कांग्रेस की सरकार बन रही है, जो हर 5 साल में प्रदेश की जनता को लूटने का काम कर रही है।

भाजपा और कांग्रेस की सरकार में पूंजीपतियों को बढ़ावा मिला है, लेकिन आमजन को ऐसी कोई राहत नहीं दी की जनता अपने सुख मय जीवन यापन कर सके। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने दलित व शोषित वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए आरक्षण प्रथा को लागू किया था, लेकिन अब इस आरक्षण व्यवस्था को इन सरकारों की ओर से खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। दलित, शोषित, अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को आगे

- **बसपा बिना इनके समर्थन लड़ रही है चुनाव, केंद्र सरकार की गलत नीतियों से देश की जनता परेशान : बसपा सुप्रीमो मायावती**

बढ़ाने की बजाय उन्हें और कमजोर करने के प्रयास किया जा रहे हैं, जिसे कभी सहन नहीं किया जाएगा।

बसपा पार्टी कांग्रेस व भाजपा के समर्थन के बिना ही प्रदेश में अपने उम्मीदवार उतार कर चुनाव लड़ रही है। उत्तर प्रदेश में जब बसपा की सरकार बनी तो सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय के तहत प्रदेश के विकास में भागीदारी निभाई थी, लेकिन अब भाजपा में कांग्रेस की ओर से उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य को प्रगति पथ पर ले जाने की बजाय पूंजीपत्तियो की और ले जाने का काम किया जा रहा है। इस दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती ने झुंझुनू, सीकर, चूरू, नीम का थाना जिले में बसपा से उतरे प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने का आ ान किया।

कार्यक्रम के दौरान बसपा प्रत्याशी मनोज घुमरिया ने चांदी से बना हाथी भेंट कर बसपा सुप्रीमो मायावती का सम्मान किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, सुभाषचंद्र मारीगसर, प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह बाबा, प्रेम बारूपाल, डॉ इंद्राज सिंह मेघवाल, मधु मनोज घुमरिया, केसी घुमरिया, शंकर सिंह सेफरागुवार, सुरेंद्र फौजी, भागीरथ सिंह, राजवीर यादव, हनुमान जाखड़, कृष्ण कुमावत, हरमेंद्र चनानिया, गोकुलचंद मेहरड़ा, ओमप्रकाश, श्योराम, आशीष कुमार, नरेंद्र सैनी, सुरेश सैनी, बाबूलाल सैनी, रविंद्र सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## दरगाह में जायरीन से मारपीट

**अजमेर,** (कासं)। उत्तरप्रदेश से ख्वाजा साहब की दरगाह जियारत करने आए एक जायरीन के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित जायरीन ने दरागह थाने में दरगाह के खादिम पर जबरन पैसे मांगने और नहीं देने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जायरीन की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बकैनिया हरैया महाराजगंज (उत्तर प्रदेश) निवासी फरीद खान पुत्र गुलाम हुसैन पठान ने सोमवार को दरगाह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें बताया कि 18 नवम्बर को वे दरगाह जियारत करने के लिए अजमेर आया था और 19 नवम्बर को दरगाह के जियारत के लिए गया। दरगाह के आस्ताना में एक खादिम ने जियारत करने का पैसा मांगा। बचत का जकात गल्ले में डालना चाहता था, लेकिन खादिम इस बात पर नाराज हो गया और धमका कर 1400 रुपए खुद ने ले लिए और मेरे साथ मारपीट करने लगा।

# "विद्यार्थी स्पोर्ट्स मीट" में खेल प्रतियोगितायें हुई

## उत्कर्ष फिजिक्सवाला विद्यापीठ की विद्यार्थी स्पोर्ट्स मीट आयोजित

**जोधपुर,** (कासं)। फिजिक्सवाला-विद्यापीठ, जोधपुर पावर्डबाय उत्कर्ष क्लासेस द्वारा आयोजित 'विद्यार्थी स्पोर्ट्स मीट' में विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने अलग-अलग खेल प्रतिस्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

विद्यापीठ, जोधपुर के प्रमुख दिनेश वैष्णव ने बताया कि सोमवार को दी-उम्मेद स्कूल के खेलकूद प्रांगण में आयोजित इन खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्यापीठ के कक्षा 9 से 12 एवं 12वीं पास, नीट तथा जे.ई.ई. के विद्यार्थियों ने बतौर प्रतिभागी विभिन्न कैटेगरी के खेलों जैसे क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल, 100 मीटर रेस, खो-खो इत्यादि के विभिन्न मैचों में उत्साह से हिस्सा लिया। दिनभर चली इन प्रतियोगिताओं के समापन समारोह में उत्कर्ष के फाउंडर एवं चेयरमैन डॉ. निर्मल गहलोत तथा सभी शिक्षकों की उपस्थिति में अलग-अलग खेलों की विजेता टीमों को पारितोषिक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।




**खेलों की विजेता टीमों को पारितोषिक प्रदान किये।**

इस अवसर पर डॉ. निर्मल गहलोत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा अर्जन के साथ ही खेलकूद जैसी सह-शैक्षणिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ये गतिविधियाँ विद्यार्थियों के मानसिक विकास सहित शारीरिक विकास में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यार्थी स्पोर्ट्स मीट के सफल आयोजन में सहयोग के लिए डॉक्टर गहलोत ने विद्यालय प्रशासन का आभार प्रकट किया।

# ड्रग्स के मुख्य सप्लायर का सहयोगी गिरफ्तार

## तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है पुलिस

**हनुमानगढ़,** (निसं)। 1.40 करोड़ रुपए कीमत के चिट्टे की बरामदगी मामले में टाउन पुलिस ने मुख्य सप्लायर के सहयोगी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नीरज मेघवाल (30) पुत्र शेर सिंह निवासी वार्ड 23, भभूतासिद्ध कॉलोनी टाउन से पूछताछ में पुलिस जुटी हुई है। यह इस प्रकरण में चौथी गिरफ्तारी है। इससे पहले पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

टाउन थाना प्रभारी वेदपाल ने बताया कि अनुसंधान के दौरान मुख्य सप्लायर के सहयोगी नीरज को शनिवार रात गिरफ्तार किया गया। उसे रविवार को कोर्ट में पेश किया गया। इस मामले में पुलिस अब तक पाब्लो उर्फ पीटर पुत्र जॉन निवासी लोगास सिटी नाइजीरिया हाल किराएदार विपिन गार्डन गली नम्बर 6, दिल्ली, बाबू खान पुत्र नानू खान निवासी वार्ड 39 प्रेमनगर, टाउन तथा प्रकाश भाट पुत्र बनवारी लाल भाट निवासी वार्ड 46, बरकत कॉलोनी टाउन को गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

गौरतलब है कि टाउन पुलिस ने तीन नवम्बर को प्रकाश भाट को 700 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी ने चिट्टा दिल्ली में नाइजीरियन पीटर से खरीद कर लाना बताया। पुलिस ने वांछित नाइजीरियन पाब्लो गिरफ्तार कर पूछताछ की। जांच के दौरान तस्करी में संलिप्तता पाए जाने पर मुख्य आरोपी बाबू खान को गिरफ्तार किया। प्रकाश भाट के साथ बाबू खान भी था।

# बहू ने बुजुर्ग सास-ससुर से की मारपीट

## आरोपी बहू का पति के साथ मनमुटाव चल रहा था

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। बहू ने पीहर वालों के साथ मिलकर बुजुर्ग सास-ससुर पर हमला कर दिया। मारपीट से सास के सिर में गंभीर चोटें आई है। वहीं ससुर भी घायल है। घटना रविवार शाम को हिण्डौन सिटी के नई मंडी थाना क्षेत्र के मंडावरा फाटक के पास हुई। इस संबंध में घायलों ने मामला दर्ज कराया।

आरोप लगाया कि आरोपी बहू का पति के साथ मनमुटाव चल रहा था। घायल अतर सिंह चौबदार व उसकी पत्नी सोहन देई ने बताया कि उनके बेटे मनोज व बहू प्रीति के बीच काफी दिनों से मनमुटाव चल रहा था। जिसे लेकर कई बार घर में झगड़ा हो गया। इस दौरान बुजुर्ग माता-पिता ने दोनों से समझाइश की। घायलों का आरोप है कि उसका बेटा मनोज अपने बच्चों को लेकर किसी रिश्तेदार के यहां गया था। इस दौरान उसकी बहू व उसके पीहर पक्ष के करीब 4-5 लोग घर पर आ गए। उन्हें धमकाते हुए लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें महिला के सिर पर गम्भीर चोट आई।

आरोप है कि मारपीट के बाद उनकी बहू पीहर चली गई। घटना के बाद हिंडौन रह रहे अन्य रिश्तेदार घर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉ. अवधेश सोलंकी ने बताया झगड़े में पति-पत्नी घायल है। जिसमें महिला के सिर पर चोट है। प्राथमिक उपचार कर दोनों को वार्ड में भर्ती किया गया है। मेडिकल रिपोर्ट के बाद पुलिस द्वारा घायलों से पर्चा बयान लिया जाएगा।

## सड़ी-गली अवस्था में शव मिला

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर के दंतौर पुलिस थाना क्षेत्र में कई दिन पुराना तथा सड़ी-गली अवस्था में शव मिलने के बाद हड़कम्प मच गया। दंतौर में केएचएम नहर की 100 आरडी के निकट एक व्यक्ति का शव मिला है। इस आशय की रिपोर्ट कालूराम बावरी ने थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि सड़ी गली अवस्था में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है तथा बुरी तरह से सड़ गल गया है। जिसकी वजह से आसपास का वातावरण प्रदूषित हो गया है।

# एफ.एस.टी. टीम ने 50 हजार के कपड़े जब्त किए

**छबड़ा** (निसं)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एफएसटी व पुलिस टीम ने कांग्रेस प्रत्याशी की प्रचार-प्रसार सामग्री तथा छबड़ा निवासी एक व्यक्ति से 50 हजार रूपए की कीमत के कपड़े जब्त किए।

निर्वाचन अधिकारी सुनील पंवार के अनुसार विधानसभा चुनाव के तहत एफएसटी टीम प्रभारी रामबिलास मीणा एवं प्रभारी पुलिस अधिकारी कम्पोटर सिंह की टीम द्वारा धरनावदा रोड, रेल फाटक पर जांच के दौरान गाड़ी को चैक करने पर छबड़ा निवासी एक व्यक्ति से कपड़े जिसमें विमल, कम्बोपैक, साड़ी, स्टॉल सूट आदि जप्त किए। जिनकी कीमत लगभग 50 हजार रूपए बताई गई है। उक्त सामग्री के बारे में संतोषजनक दस्तावेज तथा बिल बाउचर आदि नहीं दिखाने पर चुनाव कार्य में उपयोग की आंशका के मद्देनजर जब्त कर वाणिज्य कर विभाग बारां के सहायक आयुक्त हरिओम व कर अधिकारी विमल जैन को उचित कार्यवाही के लिए सौप दिया।

वहीं, एसएसटी टीम द्वारा बमोरीघाटा में चौंकिंग के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी की चुनाव प्रसार सामग्री, पोस्टर्स आदि बिना अनुमति के पाए जाने पर जब्त किए गए। इसी प्रकार, रविवार को गांव भावपुरा में 187 लीटर, गणेशपुरा में 5 लीटर, हरनावदी में 96 क्वार्टर देशी व अंग्रेजी शराब जब्त की।

## बोरवेल मशीन जब्त

**छबड़ा** (निसं)। वन विभाग की टीम ने वन भूमि में सोमवार को अवैध रूप से बोर करते पाए जाने पर बोरवेल चालक को गिरफ्तार कर मशीन को जब्त कर लिया। क्षेत्रीय वन अधिकारी दीपक चौधरी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि वनखंड दिलोद में वन भूमि पर अवैध रूप से ट्यूबवेल लगवाया जा रहा है।

इस पर उनके नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वन भूमि पर बोर कर रही बोरवेल मशीन जब्त कर चालक रवि पी को गिरफ्तार किया। चालक ने वन भूमि पर उक्त बोर दिलोद निवासी राकेश गुर्जर द्वारा करवाए जाने की बात कही। जब्त की गई बोरवेल मशीन को सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्रीय वन अधिकारी कार्यालय में खड़ा करवाया तथा चालक को जमानत पर रिहा कर दिया।

# राज्य की जनता के कष्ट अब कुछ दिनों के लिए रह गये हैं : त्रिवेदी

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी सोमवार को विशेष विमान से जैसलमेर आए। त्रिवेदी भाजपा कार्यालय में प्रेस से रुबरु हुए। उन्होंने बताया कि आगामी 25 नवम्बर को मतदाताओं द्वारा भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयीश्री दिलाकर वर्तमान गहलोत सरकार के कष्ट से मुक्ति पा ली जायेगी।

- **भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी जैसलमेर पहुंचे**




**भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पत्रकार वार्ता की।**

उन्होंने बताया कि जीवंत इंसानों की नगरी जैसलमेर में विकास की अनदेखी और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा, कानून व्यवस्था को ध्वस्त करने का कीर्तिमान बनाने का काम गहलोत सरकार के विधायक ने किया है। उन्होंने बताया कि जैसलमेर में भूमि आवंटन में घोटाला, बिजली कनेक्शन घोटाला,भू माफियाओं द्वारा जमीनों पर अवैध कब्जा अशोक गहलोत की सरकार की पहचान बन गई है। उन्होंने बताया कि जिले की कोपरेटिव बैंक द्वारा किसानों के फसल बीमा में जिसके नाम बीमा था उसे पता ही नहीं और उसका पेमेंट अन्य लोगों को कर के बड़ा घोटाला कर दिया। उन्होने बताया कि राहुल गांधी ने एक से 20 गिनते ही किसानों का कर्जा माफ करने का बोला था, युवाओं को रोजगार भता देने का बोला था आज तक नहीं दिया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार आते ही जैसलमेर में हुए सभी घोटालों की जांच करवाएगी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शारदा और जिला चुनाव प्रभारी जयप्रकाश तथा बाबूलाल शर्मा उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला : देशी और विदेशी पर्यटकों के बीच कबड्डी मैच हुआ

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर मेले के तीसरे दिन पर्यटकों के लिए विशेष देशी और विदेशी पर्यटकों के बीच राजस्थान का खेल कबड्डी मैच रखा गया। सात समंदर पार पुष्कर मेला देखने आए विदेशी पर्यटकों ने बढ़-चढकर भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला दिन-ब-दिन परवान चढ़ता ही जा रहा है। मेला मैदान में संतरंगी छटा देखने को मिल रही है। हजारों की संख्या में विदेशी पर्यटक ही पर्यटक नजर आ रहे हैं।

पुष्कर मेला मैदान पर में विदेशी पावणे व देशी छोरों के बीच कबड्डी मेच खेला गया, जिसमें देशी छोरों ने विदेशियों को धूल चटा दी। हांलाकि इस मैच को जीतने के लिए विदेशियों ने पूरा दमखम दिखाया इसके बावजूद देशी छोरोंके सामने विदेशियों को मात खानी पड़ी। फ्रांस से पुष्कर



**पुष्कर मेले में पर्यटकों के लिए देशी-विदेशी पर्यटकों के बीच कबड्डी मैच हुआ।**

घूमने आए कबड्डी मैच 65 वर्षीय फ़ासकल ने बताया पुष्कर मेला बहुत आनंदित वाला है। पुष्कर मेले देशी ओर पर्यटकों बीच शानदार राजस्थानी कब्बडी मैच रहा हालाकि विदेशी पर्यटक मैच हार गए इसका कोई गम नही है। कब्बडी मैच बहुत अच्छा अनुभव रहा।

- **कबड्डी मैच में देशी छोरों ने विदेशियों को हराया**

देशी टीम के खिलाड़ी योगेंद्र ने बताया कि देसी और विदेशी पर्यटकों के बीच में कबड्डी मैच आयोजित हुआ जिसमें विदेशी खिलाड़ियों ने देसी खिलाड़ियों को खूब पसीने आए। अगर विदेशी खिलड़ियों को ट्रेनिंग देकर खिलाया जाता तो यह विदेशी खिलाड़ी इन देसी टीम को हरा सकते थे। विजेता खिलाडियों और उप विजेता खिलाड़ियों को प्रशासन की ओर से पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए और अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले में विदेशी पर्यटकों को दोबारा आने के लिए निमंत्रण दिया गया।

## संक्षिप्त

### मीना जाटव का भव्य स्वागत

**अलवर** । अलवर ग्रामीण विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी मीना कुमारी जाटव ने सोमवार को ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसम्पर्क कर समर्थन मांगा । मीना कुमारी जाटव ने आज ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में घर-घर पहुंचकर जनसभ्पर्क किया और अपने लिए समर्थन मांगा लोगों ने जाटव का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें पूर्ण समर्थन से जीताने का आश्वासन भी दिया वहीं मीना जाटव को महिला प्रत्याशी होने के कारण साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की बेटी होने के नाते हर घर में उनको बेटी जैसा सम्मान मिल रहा है ।

### बसपा को मिल रहा जन समर्थन

**अलवर** । रामगढ में बसपा प्रत्याशी प्रिंसीपल दीवान सिंह का बढता जनआधार उनके विजय होने के रास्ते खोलते जा रहा है बसपा प्रत्याशी लगातार गांव-गांव ढाणी -ढाणी प्रचार प्रसार में लगे हुए है जहां उनका ग्रामीण भव्य स्वागत कर रहे है । बसपा प्रत्याशी प्रिंसीपल दीवान सिंह ने आज रामगढ क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जन सम्पर्क किया ।

### मतदान करने का संकल्प दिलाया

**शाहपुरा** । शाहपुरा विधानसभा के रोलापा प्रत्याशी जन सेवक हरिप्रसाद बलिवाल ने सोमवार को एक दर्जन गाँवों का दौरा कर लोगों से जन संपर्क किया। इस दौरान बलिवाल ने युवाओं को अपने चुनाव चिन्ह बोतल पर मत देने का संकल्प दिलाया। बलिवाल ने कहा कि शाहपुरा विधानसभा के विकास और बदलाव के लिए मेरे वोट देवे जिससे चहुंओर विकास करवाया जा सके।

### पंचांग में संशोधन की मांग

**श्रीमाधोपुर।** संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने माह नवंबर के शिविरा पंचांग में संशोधन की मांग की है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने बताया कि संघ के प्रदेश महामंत्री दयाल सिंह काजला ने सोमवार को निदेशक संस्कृत शिक्षा को पत्र प्रेषित कर माह नवंबर के विभागीय पंचांग में 27 नवंबर को गुरु नानक जयंती पर उत्सव दर्शाने से बनी असमंजस की स्थिति से अवगत करवाया।

# आंतक व धोखेबाज रूपी कांग्रेस सरकार को खत्म करना है : राव राजेंद्र सिंह


पावटा में भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनखड़ का भव्य स्वागत किया।

**पावटा।** विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का प्रचार अभियान विजय संकल्प चौपाल सभा में परिणत हुआ और भाजपा के दिग्गज नेताओं राज्यसभा सांसद व कैबिनेट मंत्री भारत सरकार भूपेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य व पूर्व उपाध्यक्ष राजस्थान विधानसभा राव

■ भाजपा नेताओं ने अपने प्रत्याशी को भारी मतों से जीताने की अपील की

राजेंद्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा राजस्थान अशोक सैनी, विराटनगर विधान सभा भाजपा प्रत्यासी कुलदीप धनकड की मौज़ूदगी में कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनावों में सबसे पहले स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को माला पहनाकर श्रद्धांजलि देते हुए विजय का संकल्प व्यक्त किया।

इससे पहले भाजपा पदाधिकारियों, समर्थकों व कार्यकर्ताओं द्वारा राज्यसभा सांसद व कैबिनेट मंत्री भारत सरकार भूपेंद्र यादव का भव्य स्वागत किया गया। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रागपुरा कस्बे के सुभाष चौक में भाजपा ने विजय संकल्प चौपाल सभा रखकर कांग्रेस और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। भाजपा नेताओं ने अपने प्रत्याशी कुलदीप धनकड को भारी समर्थन के साथ विधानसभा में भेजकर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव और विकास का शुभारंभ करने की अपील करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। पूर्व उपाध्यक्ष राजस्थान विधानसभा राव राजेंद्र सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजनैतिक व्यवस्था मे फैले अपराध, आंतक, अत्याचार, भ्रष्टाचार, धोखेबाज रूपी कांग्रेस सरकार नामक प्रदूषण को दूर कर प्रशासन व्यवस्था व वातावरण मे शुद्धता लानी होगी। जिस तरह से ध्रतराष्ट्र व दुर्योधन को समझाने के लिए ईश्वर को विराट रूप धारण करना पड़ा था। उसी तरह जनता जनार्दन को 25 नवंबर को राजनैतिक धर्म युद्ध मे विराट रूप धारण कर अपना दान जिसे मतदान कहते है देकर कांग्रेस रूपी कुशासन को समाप्त करना है। वही राज्यसभा सांसद व कैबिनेट मंत्री भारत सरकार भूपेंद्र यादव ने कहाँ कि राज्य सरकार ने 5 साल के परिवर्तन पर मिट्टी फेर दी। राजस्थान में कांग्रेस के कुशासन के चलते पिछले 5 वर्ष में भ्रष्टाचार, दंगों और अपराधों में प्रदेश को अग्रणी बना दिया है। जनता को गांरटी कार्ड दिखाकर गुमराह कर रहे है। पहले तो जनता को समझना होगा कि ये एक दूसरे की गांरटी नही दे पा रहे है वो गांरटी कार्ड लेकर घूम रहे है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहाँ है कि राजस्थान मे सरकार आने पर पेट्रोल, डीजल के दाम, इन पांच सालों मे राजस्थान की जनता को ज्यो तकलीफे झेलनी पड़ी है उनकी समीक्षा की जायेगी। देश के नौजवानो को भाजपा सरकार आने के बाद पारदर्शिता व नौकरी सिस्टम शुरू करेंगे।

## 'भाजपा के लोग ढोंगी है'

**अलवर।** अलवर के कंपनी बाग में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भाजपा के ढोंगी लोग है जो नफरत फैलाने के सिवाए कुछ नहीं करते। भाजपा नेताओं के पास ईडी और सीबीआई है तो मेरे पास काम की गारंटी और कल्याण कारी योजनाएं हैं।

सीएम अशोक गहलोत ने अलवर में कांग्रेस प्रत्याशी अजय अग्रवाल के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार रिपीट होगी तो एक घरेलू गैस सिलेंडर 450 रुपए ही मिलेगा। हम खाद्य सुरक्षा में शामिल परिवारों को इसका लाभ देंगे। हमारी सरकार प्राकृतिक आपदा के समय किसान परिवारों को 15 लाख रुपए का बीमा का लाभ देगी। मेरे पास कल्याण कारी योजनाओं की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी तो चुनावों के बाद गायब हो जाएगा तो फिर यहां विकास कार्य कौन करवाएगा? वे यहां किसी को थोप कर चले जाएंगे । गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार ने राजीव गांधी का सपना पूरा करने के लिए अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोले जिसमें प्रवेश लेना अब आसान काम नहीं रहा हे। हमारी सरकार सरकारीकॉलेज में प्रवेश लेने वाले बच्चों को टेबलेट और लैपटॉप देगी। सरकारी कर्मचारियों की पेंशन स्कीम पर पहले ही कानून बना दिया है जिससे उसे हटाया नहीं जा सकेगा। हमने जो गारंटी दी है सब पक्की हैं।

## सार-समाचार

### चंद्रशेखर आजाद की सभा आज



**टोंक।** जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे प्रचार प्रसार में भी तेजी आ रही है। पार्टी के स्टार प्रचारक प्रत्याशियों के समर्थन में जगह-जगह सभाएं कर रहे हैं। निवाई विधानसभा क्षेत्र से आरएलपी प्रत्याशी प्रहलाद नारायण बैरवा के समर्थन में मंगलवार को झिराना में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी प्रमुख हनुमान बेनीवाल और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रावण की विशाल आमसभा होगी। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और आजाद पार्टी के सुप्रीमो के दौरा राजस्थान के रण में आज एक बार फिर हनुमान और रावण साथ नजर आएंगे। ये दोनों साथ मिलकर एक ही मंच से अपने संयुक्त प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा कर वोट अपील करेंगे। गौरतलब है कि आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल और आजाद समाज पार्टी सुप्रीमो चंद्रशेखर आजाद रावण ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन किया है । हनुमान बेनीवाल और चंद्रशेखर आज ना सिर्फ जनसभा में एक मंच पर साथ दिखेंगे, बल्कि ये दोनों नेता आज एक ही हेलीकॉप्टर पर सवार होकर चुनावी दौरा करेंगे। प्रत्याशी प्रहलाद नारायण बैरवा ने बताया कि मंगलवार दोपहर 12.00 बजे झिराना केदारनाथ मंदिर के समीप मैदान में यह आम सभा होगी। इसमें आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल, आजाद समाज पार्टी के सुप्रीमो चंद्रशेखर आजाद रावण हेलीकॉप्टर से पहुंचकर हिस्सा लेंगे।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संदेश

**श्रीमाधोपुर** ।मुख्य निर्वाचन अधिकारी जयपुर के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर में मतदाता जागरूकता के लिए सतरंगी सप्ताह के तहत पांचवें दिन थीम बेस्ड गतिविधि के तहत रैली का आयोजन हुआ । विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर के रिटर्निंग अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया किस्कूल एवं कॉलेज शिक्षा विभाग के नेतृत्व में आज के लक्षित समूह युवाओं और विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक किया । स्वीप नोडल प्रभारी विनोद कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि आज की थीम का कलर पीला तथा थीम मताधिकार का प्रयोग करेंगे, वोट करेंगे, वोट करेंगे थी । इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ हुई युवाओं एवं विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से मतदाताओं को आगामी 25 नवंबर शनिवार को शत प्रतिशत मतदान करने का आ ान किया गया, साथ ही यह संदेश दिया गया कि मताधिकार का प्रयोग कर मतदाता श्रेष्ठ नेतृत्व का चुनाव कर राज्य को अग्रणी बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं । रैली का समापन राबाउमावि श्रीमाधोपुर परिसर में स्वीप की शपथ के बाद हुआ । इस आयोजन में श्रीमाधोपुर के राउमावि, राबाउमावि, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम, राजकीय कन्या महाविद्यालय, आदर्श महिला बीएड कॉलेज, महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, सरदार पटेल महाविद्यालय, एसबीएन कॉलेज, राउप्रावि नं. 2 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्वीप वार रूम प्रभारी एवं सीडीपीओ श्याम प्रकाश, डॉ.कुलदीप सिंह प्राचार्य कन्या महाविद्यालय, डॉ. बाबूलाल सैनी, प्राचार्य आदर्श महिला बीएड कॉलेज, सुरेश सामोता एएनओ एनसीसी एमजीपीजी कॉलेज, विनोद यादव व्याख्याता समेत निर्वाचन शाखा तथा अन्य विद्यालयों महाविद्यालयों के स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### गौमाता की पूजा की

**श्रीमाधोपुर** ।कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को गोपाष्टमी पर्व मनाया जाता है ,बताया गया है कि नाम से विदित है कि गाय की पूजा और प्रार्थना करने के लिए समर्पित एक पार्व है। इस दिन गौ माता की पूजा की जाती है ।आज सोमवार को गौ माता की पूजा के लिए धूप, दीप, गंध, पुष्प, अक्षत, रोली वस्त्र आदि से गाय का पूजन कर आरती उतारते हैं वहीं गाय को दलिया, मूली, रोटी आदि ग्रास देकर गाय की परिक्रमा करके गाय के पैरों में धोखा लगाकर माथे पर तिलक लगाकर सुख समृद्धि ,सौभाग्य की कामना करते हैं । श्री कृष्ण गौशाला में भी गोपाष्टमी पर्व मनाया ।

## 'भाजपा-कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करना जरूरी'

**कोटपूतली** । राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) सुप्रीमो व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद सोमवार को कोटपूतली दौरे पर रहे।

बेनीवाल व आजाद सोमवार को राजमार्ग पर ग्राम सांगटेड़ा के निकट एकलव्य डेंटल कॉलेज के पास हैलीकॉप्टर से उतरे, इसके बाद उन्होंने कस्बे के पूतली रोड़ स्थित एक निजी गार्डन में आरएलपी व आसपा के संयुक्त प्रत्याशी सतीश कुमार मांडैया के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। सभा को सम्बोधित करते हुए बेनीवाल ने कहा कि आरएलपी कार्यकर्ता प्रदेश भर में सत्ता परिवर्तन की लड़ाई लड़ रहे है। जिसमें इस बार भाई चन्द्रशेखर की केतली का भी भरपुर सहयोग मिल रहा है। बेनीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा व कांग्रेस अंग्रेजों की तरह है। अगर किसी भी गरीब किसान, मजदूर, दलित, पिछड़ा, शोषित व वंचित का भला चाहते है तो इन्हें सत्ता से बेदखल करना बेहद आवश्यक है। बेनीवाल ने वर्ष 2018 में पार्टी निर्माण के बाद किसान आन्दोलन से लेकर आरएलपी द्वारा किये गये विभिन्न धरना प्रदर्शनों पर प्रकाश डालते हुए आरएलपी प्रत्याशी सतीश मांडैया के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि सतीश कम उम्र का नौजवान है जो पुरी तन्मयता के साथ आपकी सेवा करेगा। साथ ही मुख्यमंत्री गहलोत व पीएम मोदी को घेरते हुए कहा कि उन्होंने चुनाव से पहले ही सारे हैलीकॉप्टर बुक कर लिये। जब किसी गरीब किसान व दलित का बेटा हैलीकॉप्टर में बैठता है तो इन्हें विशेष पीड़ा होती है।

वहीं आसपा प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद ने भाषण देते हुए सतीश मांडैया को चुनाव जीताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का कहना था कि अगर लोकतंत्र में भला व भागीदारी चाहते हो तो सत्ता की चाबी हाथ में होना बेहद आवश्यक है। आजाद ने भी आरएलपी व आसपा प्रत्याशी मांडैया का हाथ उठाकर उन्हें चुनाव जिताने का आह्वान किया।

# संदिग्ध साढ़े पांच लाख की नगदी पकड़ी

**लालसोट** । विधानसभा चुनाव में अवैध नकली शराब आदि के परिवहन पर रोकथाम करने के लिए बड़का पाड़ा स्थित एक्सप्रेस वे पर लगाए गए चेक पोस्ट पर एफएसटी स्टेटिक सर्विलांस टीम वह वहां लगी पुलिस सहित साथ में सीआरपीएफ द्वारा संदिग्ध परिवहन की जा रही 5 लाख 45 हजार रुपए पांच सौ की नगदी को डिटेन किया है।

पुलिस उपाधीक्षक अरविंद गोयल जानकारी देते हुए बताया कि एसएसटी स्टेटिक सर्विलांस टीम के प्रभारी राम खिलाड़ी मीणा एवं पुलिस के हरदयाल सत्य प्रकाश आदि द्वारा बड़का पाडा स्थित मुंबई दिल्ली एक्सप्रेसवे पर बनाई गई चेक पोस्ट पर सघन तलाशी करते हुए 5 लाख 45 हजार रूपए की एक हरियाणा की कार में संदिग्ध परवीन की जा रही नगदी को डिटेन कर जप्त किया एवं थाने लाया गया।



लालसोट के बड़का पड़ा टोल नाका चेक पोस्ट पर पुलिस ने कार्रवाई की।

हरियाणा की कार में संदिग्ध परिवहन की जा रही राशि मिलने पर परिवहन कर रहे साहिल द्वारा बताया गया कि वह हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है एवं उज्जैन जा रहा था। पूछताछ करने पर युवक द्वारा परिवहन की जा रही राशि को लेकर कोई अधिकृत दस्तावेज नहीं बताने के बाद राशि को लालसोट पुलिस थाने के मालखाने में जमा कराया गया।

# गोपाष्टमी पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया

**पावटा।** आज हर वर्ष की भाँति गोपाष्टमी पर्व पर श्री कृष्ण गौशाला पावटा गौ सेवको द्वारा प्रभात फेरी ( हरिनाम संकीर्तन) निकाली गई। सर्वप्रथम प्रातः 5.30 बजे से 6.00 बजे तक गौसेवक प्रातःकाल श्री कृष्ण गौशाला पावटा मे एकत्रित हुए। तत्पश्चात् प्रातः 6 बजे एक विशाल हरिनाम संकीर्तन यात्रा प्रारम्भ हुई।

वही प्रागपुरा नरसिंह मंदिर महंत श्री श्री 1008 मणिदास महाराज, राठी वाला मंदिर महंत श्री श्री 108 राधा मोहन दास महाराज, भोमिया मंदिर महंत श्री श्री 108 सेवा दास महाराज, बाबा भूतनाथ मंदिर महंत श्री श्री 108 केशवदास महाराज के सानिंध्य मे गोपाल भैया मंदिर पावटा से गोपाष्टमी के पर्व पर गौ माता सहित भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ज्यों कि नगर भ्रमण करते हुए वापस गोपाल भैया मंदिर पावटा पहुंची। वही गोपाल भैया मंदिर महंत मोहन दास महाराज द्वारा आगंतुक संतो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उसके बाद पंडित मनोज शास्त्री द्वारा गौ माता की पूजा कर श्री राम गौ सेवा समिति प्रह्लाद सैन, विनोद यादव, विनय गोयल, हिमांशु शर्मा, लोकेश टांक, प्रदीप टांक, नितेश शर्मा, अमन मिश्रा, साहिल टीलावत, सुभाष टीलावत, सहित गौ सेवको द्वारा गौ माता की झांकी निकालकर नगर भ्रमण करवाया गया।

वही प्रभात फेरी मे जिसमें सर्वप्रथम एक सुसज्जित संकीर्तन रथ जिसमें गौ माता का सुन्दर चित्र शोभायमान था। एवं गौ सेवक गौ रथ के साथ भजन गाते -बजाते व हरिनाम संकीर्तन करते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी श्री कृष्ण गौशाला पावटा से हुई ज्यो पावटा के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस श्री कृष्ण गौशाला मे जाकर विसर्जित हुई। वही पावटा सहित आस पास के क्षेत्रों की गौ शालाओ मे जगह-जगह गौ माता की विशेष आराधना कर गोपाष्टमी पर्व मनाया गया। वही महिलाओं ने गौ माता की पूजा व तिलक कर गुड़, चना व हरा चारा खिलाकर सुख समृद्धि की कामना की। वही गोपाल भैया मंदिर महंत श्री श्री 108 मोहन दास महाराज ने गौ-पूजन की महिमा व गौ माता की पवित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि आज के प्रदुषण भरे वातावरण में जहाँ विषैले कीटाणु व बीमारी पैदा करने वाले कीटाणु सर्वत्र त्राहि फैला रहे हैं, वहाँ गौ-मूत्र के सेवन से हमारे शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है व घर को गोबर से प्रतिदिन लीपने से अथवा गोबर के कंडे से बनी धूप-बत्ती आदि जलाने से घर में विषैले कीटाणुओं का नाश होता है। गाय का दूध सात्विक व पौष्टिक होता है। गाय के दूध से बना घी माईग्रेन व नेत्र रोगो के निवारण में काफी लाभदायक है। इसलिए हमें गौ-माता से प्राप्त उत्पादों का निरन्तर उपयोग करना चाहिए जिससे हम स्वस्थ रह सकें व दीर्घायु का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि परिपूर्ण परमात्मा भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं गोपाष्टमी के पावन दिन से गौ-सेवा प्रारम्भ की थी। सन्तों व धार्मिक ग्रंथों के अनुसार गौ-माता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है।

## रामलाल शर्मा ने जनसंपर्क किया

**चौमूं / कालाडेरा** ( निसं ) भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं से प्रत्याशी विधायक रामलाल शर्मा रविवार को ग्रामीण क्षेत्र और नगर परिषद के वार्डो में जाकर लोगों से जनसंपर्क किया। भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा के पहुँचने पर ग्रामवासियों, वार्डवसियो एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया तथा आमजन ने माला एवं साफ़ा पहनाकर भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। रामलाल शर्मा को कई स्थानों पर फलों और मिठाई से तोला गया। सोमवार को भोमाका की ढाणी वार्ड 22, धाना का बास, दम्बा का बास, दोलतपुरा मंडा भिड़ा, प्रगति नयाबास, बावड़ी गोपीनाथ, गोरी का बास, सबलपुरा, डोला का बास, बाई का बास, रामदेव मंदिर रेगर मोहल्ला उदयपुरिया, रेगर मोहल्ला इटावा भोपजी, भभेवा की ढाणी मोरिजा, भोजलावा तलाई, नंदाका की ढाणी हाड़ौता, केशव नगर वार्ड 11 चौमूं ,शिव मंदिर बिहारीपुरा फाटक वार्ड 7 चौमूं अशोक विहार चौमूं में जन संपर्क किया।

# मालपुरा : निर्दलीय गोपाल गुर्जर भाजपा व कांग्रेस के लिये सिर दर्द बने

**मालपुरा** (निस) सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित व जाट, गुर्जर बाहुल्य मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के चुनावी रण में कुदे भाजपा के कन्हैयालाल चौधरी व कांग्रेस के घासीलाल चौधरी के लिए इस बार निर्दलीय गोपाल गुर्जर दिन-प्रतिदिन सिर दर्द बन सर्व समाज के मिल रहै समर्थन के दम पर गले की फांस बने हुए है।

भाजपा व कांग्रेस ने इस बार भी जाट समाज पर विश्वास जताते हुए दोनो ही पार्टीयो ने जाट प्रत्याशी चुनावी मैदान मे उतार जीत का दावा कर रहै है। तो वही कांग्रेस के टिकट से वंचित होने पर पंसुरा समाज की जाजम बिछा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे मैदान मे उतरे गोपाल गुर्जर ने अपने तुफानी जनसम्पर्क अभियान व नुक्कड सभाओं के रिकॉर्ड तोड निरन्तर आगे बढने से दोनो ही प्रमुख राजनैतिक दलो के खेमो मे खलबली मची हुई है। बिते बीस साल से राजनीति मे सक्रिय रहते हुए जनता के बीच अपनी बेदाग छविं व युवाओं मे मजबूत पकड के दम पर कांग्रेस टिकट की दावेदारी करने के बावजूद टिकट नही मिलने से खफा होकर गोपाल गुर्जर ने हजारो समर्थको के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए निर्दलीय नामांकन दाखिल करने के दिन से ही लोगो का रूझान गोपाल की और बढने लगा जो निरन्तर जारी है।

सोमवार को टीम गोपाल गुर्जर की और से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमे पहुंचे गोपाल के समर्थको मे रक्तदान करने की होड मची रही। तीन मेडिकल टीमो द्वारा रक्तदान का कार्य करने के बावजूद युवाओं की भीड कम नही हुई। चार सो युवाओं ने रक्तदान कर मालपुरा ही नही अपितू टोंक जिले यहां तक की प्रदेश भर मे हुए अब तक के रक्तदान शिविरो के सारे रिकॉर्ड तोड 400 यूनिट का रक्तदान कर गोपाल को अपने खुन से तौल कर समर्थन दिया है। मैहरू गांव के गढ मे जुटी हजारो की भीड ने 51 किलो की माला व 100 फिट का साफा पहना गोपाल का जोरदार स्वागत किया। दो दर्जन से अधिक गांवों में गोपाल ने नुक्कड सभाएं कर 10 साल से काबिज विधायक पर क्षैत्र के विकास की अनदेखी करने का खुला आरोप लगाया। तो कांग्रेस आलाकमान पर भी निशान साध एक उद्योगपति को प्रत्याशी बना निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी का खुला आरोप लगाया।

भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियो के गढो मे गोपाल को मिल रहै समर्थन से बीते एक सप्ताह मे गोपाल का ग्राफ भाजपा कांग्रेस से आगे निकल गया। भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल चौधरी ने दो दर्जन नुक्कड सभाओं मे सनातन धर्म की रक्षा व राष्ट्रहित के लिए भाजपा के पक्ष मे मतदान की अपील करते हुए कहा कि इस बार का चुनाव एक नया इतिहास रचेगा। देश के 6० करोड हिन्दु परिवारो मे भारत को हिन्दु राष्ट्र बनने के सपने को साकार करेगा।

भगवा वस्त्र धारण कर गले मे भगवा दुपट्टा डाल गांवो मे जनसम्पर्क करने पहुंच रहै कन्हैयालाल को भी समर्थको द्वारा 51 किलो की माला पहना व जेसीबी मशीनो से पुष्पवर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत कर समर्थन का विश्वास दिलाते हुए लगातार तीसरी बार जीत की हैट्रिक बनाने व सरकार मे मंत्री बनने का बुजुर्ग मतदाता आर्शीवाद दे रहै है। तो कांग्रेस प्रत्याशी घासीलाल चौधरी भी जगह-जगह नुक्कड सभाऐं कर मालपुरा जिले के नाम एक वोट की अपील कर तीस साल से कांग्रेस को मिल रही करारी हार को जीत मे बदलने के लिए क्षैत्र की जनता से कांग्रेस के पक्ष मे मतदान की अपील कर रहै है।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज खैरथल में जनसभा करेंगे

**खैरथल** । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज खैरथल की नई अनाज मंडी में भाजपा प्रत्याशी रामहेत यादव के समर्थन में विशाल जनसभा को करेंगे

■ भाजपा प्रत्याशी रामहेत सिंह यादव ने विशाल जनसभा संबोधन कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने की क्षेत्र की जनता से की अपील


खैरथल में भाजपा प्रत्याशी रामहेत यादव का जगह-जगह स्वागत हुआ।

संबोधित। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रातः 10 बजे नई अनाज मंडी खैरथल में भाजपा की विशाल जनसभा को संबोधित करने पहुंचेंगे।

भाजपा प्रत्याशी रामहेत सिंह यादव ने सोमवार को खैरथल में तूफानी जनसंपर्क कर मंगलवार को नई अनाज मंडी खैरथल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की विशाल जनसभा कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर आशीर्वाद देने के लिए क्षेत्र की जनता से अपील की है। खैरथल में जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी रामहेत सिंह यादव का समर्थकों ने फूल माला पहना कर एवं पुष्प वर्षा कर भव्य सम्मान स्वागत किया। इस अवसर पर रामहेत यादव ने किशनगढ़ रोड़ बिजली घर तिराहे पर शहीद की प्रतिमा पर फूलमाला पहनकर नमन किया। इसके पश्चात झूलेलाल मंदिर में पहुंचकर संतों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान नगर परिषद सभापति हरीश रोघा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक डाटा, गोविंद रोघा, सुमित रोघा,किसान नेता टिल्लू शर्मा, नगर परिषद खैरथल के उपसभापति वरुण डाटा सहित भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं समर्थक मौजूद रहे।

## 'अलवर बना अपराधों की राजधानी'

**अलवर** । भारतीय जनता पार्टी अलवर शहर विधानसभा प्रत्याशी संजय शर्मा ने अलवर शहर के विभिन्न वार्डों संख्या 01,06,12,13,19,20,49,57का दौरा कर जनसभाओं को संबोधित किया । अपने संबोधन में प्रत्याशी संजय शर्मा ने बताया कि पिछले 5 वर्षों में जब से राजस्थान में कांग्रेस की सरकार आई है अलवर शहर सहित संपूर्ण राजस्थान में अपराधों का ग्राफ बढ़ा है । अलवर शहर अपराधों का केंद्र बन चुका है आए दिन आपराधिक घटनाएं सुनने व देखने को मिलती है आज अलवर के अंदर ना महिलाएं सुरक्षित हैं ना ही बेटियां अलवर के कांग्रेसी विधायकों पर महिला उत्पीडऩ व बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों में केस दर्ज हैं ।

अलवर शहर के अंदर सरे आम हाउसिंग सोसाइटियों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर अपराधी आकर खुलेआम गोलीबारी करके चले जाते हैं दिनदहाड़े महिलाओं के गले से सोने की चेन तोड़कर अपराधी भाग जाते हैं । यह कानून व्यवस्था पर एक प्रश्न चिन्ह है। राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद अलवर शहर की सीमाएं एक बार फिर से सुरक्षित होगी ।

# इंद्राज गुर्जर को मिल रहा भारी जनसमर्थन


कांग्रेस प्रत्याशी निवर्तमान विधायक इंद्राज गुर्जर ने जनसम्पर्क कर वोट मांगे।

**पावटा।** लगातार विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में नेता नहीं बेटे के रूप में जनता के साथ-साथ कदम-कदम मिलाकर चलने वाले विराटनगर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी निवर्तमान विधायक इंद्राज गुर्जर को भारी जनसमर्थन मिल रहा है।

कांग्रेसजनों के अलावा हर वर्ग के लोग सिर्फ इस सीट पर नया कीर्तमान स्थापित करने के लिए बेताब है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के चलते कांग्रेस प्रत्याशी निवर्तमान विधायक इंद्राज गुर्जर ने क्षेत्र मे रोजगार, शिक्षा, सडक़ और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर क्षेत्र के लोगों को लाभ देने का काम किया है। वहीं सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी निवर्तमान विधायक इंद्राज गुर्जर ने विराटनगर विधानसभा के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में पहुंचे।

इस मौके पर ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने अपनी-अपनी समस्याएं इंद्राज गुर्जर को बताई। उन्होंने अपने जनसंपर्क के दौरान कहा कि हमारे द्वारा लगातार इन मुद्दों को लेकर शासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित कर उनका हल निकाला जायेगा।



पिछला एक महीना और कुछ दिन इस टीम के साथ बहुत खास रहे हैं, जो यादें हमने बनाईं जो कुछ हमने महसूस किया, वो हमारे साथ हमेशा रहेगा। आपके कभी ना मिटने वाले प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया। - ईशान किशन

भारतीय खिलाड़ी, इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **सूर्यकुमार यादव**



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव को टीम इंडिया का कप्तान बनाया जा सकता है, जबकि के हेड वीपीएस लक्ष्मण कोच की भूमिका में नजर आ सकते हैं। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने दावा किया है कि टीम में आयरलैंड दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा रहे अधिकांश खिलाड़ियों को जगह मिल सकती है, जबकि उस दौरे के कप्तान जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज 23 नवंबर से शुरू हो रही है। पहला मुकाबला विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। यह सीरीज बेंगलुरु में 3 दिसंबर को समाप्त होगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## वर्ल्ड चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को मिले 33 करोड़

### भारत को 16.65 करोड़ से संतोष करना पड़ा

अहमदाबाद, 20 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार वनडे वर्ल्ड कप जीत लिया है। टीम ने फाइनल मुकाबले में भारत को 6 विकेट से हराया। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने 241 रन का टारगेट 43 ओवर में 4 विकेट पर चेज कर दिया। वर्ल्ड कप जीतने पर ऑस्ट्रेलियाई टीम को 33.31 करोड़ रुपए (4 मिलियन डॉलर) की इनामी राशि मिली, जबकि फाइनल हारने वाली टीम इंडिया को 16.65 करोड़ रुपए (2 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से संतोष करना पड़ा। सेमीफाइनल हारकर बाहर होने वाली न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका को 6.66 करोड़ रुपए (800,000 अमेरिकी डॉलर) मिले। वर्ल्ड कप के लीग स्टेज से बाहरी होने वाली पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और नीदरलैंड को 83.29-83.29 लाख रुपए मिले। इसके अलावा, टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी टीम को हर जीत पर करीब 33 लाख रुपए मिले।

## हार के बाद रोहित भावुक, सिराज को साथियों ने संभाला

### विराट कोहली निराश दिखे, अनुष्का ने गले लगाया

नई दिल्ली, 20 नवंबर। वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से हराया और छठी बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम इंडिया टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन पर ऑलआउट हो गई। 241 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने 43 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। फाइनल मुकाबले से पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने विराट कोहली को अपनी जर्सी दी। वहीं, ट्रेविस हेड ने शानदार कैच लिया। मैच के दौरान एक फिलिस्तीन समर्थक मैदान में घुस आया। वहीं, दूसरी पारी में स्मिथ रिव्यू नहीं लेने की वजह से आउट हो गए और लाबुशेन को जीवनदान मिला। फाइनल में हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा, मोहम्मद सिराज समेत भारतीय टीम के खिलाड़ी आंसुओं में दिखे, जबकि विराट कोहली भी उदास लग रहे थे। वे मैच के बाद बॉक्स में पत्नी अनुष्का से मिले तो उन्होंने गले लगा लिया। सचिन तेंदुलकर ने वर्ल्ड कप 2023 फाइनल से पहले विराट कोहली को अपनी जर्सी दी, जो उन्होंने अपने आखिरी वनडे में पहनी थी। जर्सी पर सचिन ने साइन किए। जर्सी के साथ ही सचिन ने विराट को एक लेटर भी दिया, जिसमें लिखा- विराट आपने हमें गौरवान्वित किया है। सचिन ने भारत के लिए आखिरी वनडे 18 मार्च 2012 को पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। इस मैच में विराट कोहली ने 183 रन बनाए थे। सचिन अपनी आखिरी पारी में 52 रन बनाकर आउट हो गए थे।

## कोच के रूप में अपने भविष्य पर नहीं सोचा : द्रविड़

अहमदाबाद, 20 नवंबर। राहुल द्रविड़ ने कहा कि उनका सारा ध्यान विश्वकप अभियान पर रहा उन्होंने मुख्य कोच पद पर बने रहने के बारे में नहीं सोचा, लेकिन समय मिलने पर वह ऐसा करेंगे। विश्वकप फाइनल मुकाबले के ऑस्ट्रेलिया से हार मिलने के बाद रविवार देर रात संवाददाता सम्मेलन में पूछे गये सवाल के जवाब में द्रविड ने कहा, मैंने इसके बारे में नहीं सोचा है। मैं अभी खेल खेलकर आया हूं। मेरे पास इस बारे में सोचने का समय नहीं है और न ही इस पर विचार करने का समय है। हां, जब मुझे ऐसा करने का समय मिलेगा तब मैं ऐसा करूंगा। लेकिन अभी इस समय, मैं पूरी तरह से विश्वकप अभियान पर केंद्रित था, और मेरे दिमाग में और कुछ नहीं था। और मैंने भविष्य में क्या होगा इसके बारे में कोई अन्य विचार नहीं किया है। जब उनसे उनकी कोचिंग के दो वर्षो के वर्षो के कार्याकाल के बारे में पूछा गया तो द्रविड़ ने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जो खुद का मूल्यांकन और विश्लेषण करेंगे, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें खिलाड़ियों के साथ काम करने पर वास्तव में गर्व है। उन्होंने कहा, मेरे पास इसके बारे में सोचने का समय नहीं है। मेरा मतलब है, मैं अभी-अभी वहां एक खेल से बाहर आया हूं, इसलिए ईमानदारी से कहूं तो मैंने वास्तव में इसके बारे में नहीं सोचा है और ईमानदारी से कहूं तो मैं वास्तव में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो स्वयं को परखने और विश्लेषण करने के लिए जा रहा हो।

## रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और इंडियन ऑयल के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

नई दिल्ली, 20 नवंबर। वंदना कटारिया के नेतृत्व वाला रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मंगलवार को तीसरी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के खिताब के लिये इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से भिड़ेगी। शिवाजी स्टेडियम में तीसरे और चौथे स्थान के लिये सशस्त्र सीमा बल का सामना भारतीय खेल प्राधिकरण से होगा। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने पहले सेमीफाइनल में अपना दबदबा दिखाते हुए सशस्त्र सीमा बल को 5-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। गतिशील भारतीय ड्रैग-फ़्लिकर, गुरजीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर से शुरुआती गोल (5) के साथ माहौल तैयार किया। कप्तान वंदना कटारिया ने शानदार फील्ड गोल (11) के साथ अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया, जिससे उनकी टीम की बत् दोगुनी हो गई। नवनीत कौर (37), प्रीति दुबे (45) और संगीता कुमारी (59) ने गोल करने का सिलसिला जारी रखा। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने भारतीय खेल प्राधिकरण पर 3-0 से शानदार जीत हासिल की। शर्मिला देवी (22) ने पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से स्कोरिंग की शुरुआत की।

# 46 दिन के वर्ल्डकप में 45 दिन भारत के

### फाइनल भले ही हारे, बैटिंग में विराट-रोहित टॉप पर, शमी ने सबसे ज्यादा विकेट लिए



अहमदाबाद, 20 नवंबर। भारत भले ही वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया, लेकिन 46 दिन चले इस टूर्नामेंट में 45 दिन चैंपियन रहा। कुल 11 मैच खेले, इनमें से 10 मैच जीतने वाली टीम इंडिया इकलौती टीम है। इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भारत के विराट कोहली टॉप पर और रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर रहे। विराट ने 765 और रोहित ने 597 रन बनाए। शमी ने सबसे ज्यादा 24 विकेट लिए।

विराट कोहली ने फाइनल में 54 रन की पारी खेली। इसी के साथ उन्होंने इस वर्ल्ड कप को 765 रन के साथ खत्म किया। वह एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। दूसरे नंबर पर भारत के ही सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने 2003 में 673 रन बनाए थे।

विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में सेंचुरी लगाई, जो उनके वनडे करियर की 50वीं सेंचुरी रही। विराट के नाम वनडे में सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड हो गया, उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। जिनके नाम 49 वनडे शतक हैं।

मोहम्मद शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा विकेट लेने के साथ ही वर्ल्ड कप में अपने 50 विकेट भी पूरे कर लिए। इसके लिए उन्होंने महज 17 पारियां लीं, जो टूर्नामेंट इतिहास में सबसे तेज है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 19 पारियों में 50 विकेट लिए थे। शमी इस वर्ल्ड कप में 24 विकेट के साथ टॉप पर रहे।

विराट वनडे में 50 शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने। उन्होंने सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा। सचिन से 173 पारियां कम लगीं। भारत ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 397 रन का स्कोर बनाया था। यह वनडे वर्ल्ड कप के नॉकआउट मैच का सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले, यह रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम दर्ज था। न्यूजीलैंड ने 2015 के वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफा 393 रन का स्कोर बनाया था। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में 597 रन बनाए। वह फाइनल में 47 रन बनाकर आउट हुए और इसी के साथ टूर्नामेंट में उनकी आक्रामक बैटिंग का सफर खत्म हुआ। वह एक वर्ल्ड कप में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। रोहित ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2019 में बतौर कप्तान 578 रन बनाए थे।

रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में 3 सिक्स लगाए। इसी के साथ टूर्नामेंट में उनके 31 सिक्स भी हो गए। वह एक वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2015 के वर्ल्ड कप में 26 सिक्स लगाए थे। 2023 के वर्ल्ड कप में रोहित ने 31 सिक्स लगाए। इससे पहले उन्होंने 2015 और 2019 के टूर्नामेंट में 23 छक्के लगाए थे, इस तरह उनके वर्ल्ड कप में 54 सिक्स हो गए। रोहित वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यहां भी क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 35 पारियों में 49 सिक्स लगाए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 में कप्तानी कर सकते हैं सूर्यकुमार

### लक्ष्मण को कोच बनाया जा सकता है, बुमराह को आराम मिल सकता है

नई दिल्ली, 20 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव को टीम इंडिया का कप्तान बनाया जा सकता है, जबकि के हेड वीपीएस लक्ष्मण कोच की भूमिका में नजर आ सकते हैं। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने दावा किया है कि टीम में आयरलैंड दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा रहे अधिकांश खिलाड़ियों को जगह मिल सकती है, जबकि उस दौरे के कप्तान जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज 23 नवंबर से शुरू हो रही है। पहला मुकाबला विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। यह सीरीज बेंगलुरु में 3 दिसंबर को समाप्त होगी। एक दिन पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल मुकाबले में 6 विकेट से हराया है। कंगारू टीम ने छठी बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारतीय टीम अपने घरेलू मैदानों पर पिछली 13 टी-20 सीरीज से नहीं हारा है। टीम को आखिरी हार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2019 में मिली थी। तब कंगारू टीम ने 2 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। वर्ल्ड कप से पहले, टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे की वनडे सीरीज 2-1 से जीती। टीम ने मोहाली में पहले वनडे मुकाबले में कंगारुओं को 5 विकेट से, फिर इंदौर में 99 रन की जीत से 2-0 की बढ़त ली। राजकोट में टीम इंडिया को 66 रन की हार का सामना पड़ा।

## मोदी ने ड्रेसिंग रूम में शमी को गले लगाया, हार के बाद खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया



अहमदाबाद, 20 नवंबर। रविवार को वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मुकाबला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हराया और छठी बार वर्ल्ड चैंपियन बनी। फाइनल में हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में पहुंचे। वहां वे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते दिखे।

इस दौरान ने मोहम्मद शमी को गले भी लगाया। टीम के तेज गेंदबाज शमी और स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इस मुलाकात की फोटो शेयर की हैं। फाइनल मैच को देखने के लिए प्रधानमंत्री अहमदाबाद पहुंचे थे। वे मैच की दूसरी इनिंग में नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंचे। मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ पैट कमिंस को वर्ल्ड कप 2023 की ट्रॉफी सौंपी।

जडेजा ने मोदी के साथ फोटो शेयर की और उसके कैप्शन में लिखा, हमारा टूर्नामेंट बहुत अच्छा था, लेकिन कल हम हार गए। हम सभी दुखी हैं, लेकिन लोगों का सपोर्ट हमें आगे बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कल ड्रेसिंग रूम में आना विशेष और बहुत प्रेरणादायक था। शमी ने भी मोदी के साथ फोटो शेयर की है। शमी ने फोटो के साथ लिखा, बदकिस्मती से कल हमारा दिन नहीं था।

इस पूरे टूर्नामेंट के दौरान हमारी टीम और मेरा समर्थन करने के लिए मैं सभी भारतीयों को धन्यवाद देना चाहता हू। मोदी को ड्रेसिंग रूम में आकर हमारी हौसला अफजाई करने के लिए हम सभी शुक्रगुजार हैं। हम निश्चित ही फिर वापसी करेंगे। भारत को वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में 6 विकेट की करारी हार का सामना करना पड़ा है। रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इस हार ने भारतीय फैंस को 2003 वर्ल्ड कप फाइनल की याद दिला दी। 20 साल पहले कंगारुओं ने हमें जोहान्सबर्ग में 125 रन से हराया था।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तानी टेस्ट टीम घोषित**

## शान मसूद नए कप्तान, बाबर-शाहीन भी स्क्वॉड में, सीरीज 14 से

इस्लामाबाद, 20 नवंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टेस्ट टीम का ऐलान कर दिया है। शान मसूद को टीम का नया कप्तान बनाया गया है, जबकि पूर्व कप्तान बाबर आजम और टी-20 टीम के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी को 18 मेंबर्स की टीम में जगह दी गई है। भारत में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने इस्तीफा दे दिया था।

पाकिस्तानी टीम को 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया में 3 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ में 14 से 18 दिसंबर, दूसरा मेलबर्न में 26 से 30 दिसंबर और तीसरा सिडनी में 3 से 7 जनवरी के बीच खेला जाएगा।

पाकिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पिछले 24 साल से टेस्ट मैच नहीं जीती है। टीम ने कंगारुओं के घर में अब तक 37 टेस्ट खेले हैं। इनमें से 4 में टीम को जीत मिल, जबकि 26 मुकाबले गंवाए। 7 मैच ड्रॉ रहे हैं।

टॉप ऑर्डर बैटर साइम अयूब और मीडियम पेसर खुर्रम शहजाद पहली बार टेस्ट टीम में चुने गए हैं। लेफ्टी बैटर अयूब ने 8 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 123.00 के स्ट्राइक रेट से 123 रन बनाए हैं, जबकि फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका एवरेज 46.47 का है। अयूब ने 14 फर्स्ट क्लास मैचों में 3 शतक और 3 अर्धशतक के सहारे 1069 रन बनाए।

पाकिस्तानी टेस्ट टीम में फहीम अशरफ, मीर हमजा और मोहम्मद वसीम जूनियर की वापसी हुई है। बांए हाथ के तेज गेंदबाज और टी-20 टीम के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी को भी टीम में शामिल हैं।

भारत में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने सभी फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी। उसकी जगह शान मसूद को टेस्ट और शाहीन शाह अफरीदी को टी-20 टीम का कप्तान बनाया गया था। वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की टीम 9 में से 4 मैच ही जीत सकी और लीग स्टेज से बाहर हो गई।

वर्ल्ड कप के बाद टीम के टीम डायरेक्टर कोच मिकी आर्थर और चयनकर्ता इंजमाम उल हक ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। बाद में पूर्व ऑलराउंडर मोहम्मद हफीज और पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज को चीफ सिलेक्टर बनाया गया। शान मसूद (कप्तान), अमिर जमाल, अब्दुल्लाह शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन अली, इमाम-उल-हक, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, नौमान अली, साइम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), सऊद शकील और शाहीन शाह अफरीदी।

## दावा : मोदी ने कमिंस को बेमन से सौंपी ट्रॉफी, हाथ भी नहीं मिलाया

नई दिल्ली, 20 नवंबर। वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराया और छठी बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। अहमदाबाद में हुए इस मैच को देखने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्टेडियम में पहुंचे थे। इस बीच वर्ल्ड कप फाइनल से जुड़े कई फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इन्हीं में से एक वीडियो क्लिप है जिसमें मोदी ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ पैट कमिंस को वर्ल्ड कप 2023 की ट्रॉफी सौंपते नजर आ रहे हैं। इस क्लिप के साथ दावा किया जा रहा है कि मोदी ने कमिंस को बेमन से वर्ल्ड कप की ट्रॉफी सौंपी, यहां तक कि उन्होंने क्रिकेटर से हाथ भी नहीं मिलाया और मुंह फेरकर चले गए। पाकिस्तानी जर्नलिस्ट वजाहत काजमी ने पर की गई अपनी पोस्ट में लिखा- भारत ने खुद को सबसे डिसग्रेसफुल होस्ट साबित किया! (अर्काइव पोस्ट)। काजमी ने 4 सेकेंड का वीडियो शेयर किया है जिसमें पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स मंच से जाते दिखाई दे रहे हैं।

## सविता तीसरी बार सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के अवार्ड के लिये नामांकित

बेंगलुरु, 20 नवंबर। वर्ष 2021 और 2022 में एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता को इस साल के एफआईएच हॉकी स्टार्स अवाड्र्स में एक ही श्रेणी में लगातार तीसरी बार नामांकित किया गया है। इस बारे अपनी खुशी का इजहार करते हुये सविता ने मिले सम्मान को टीम को समर्पित किया और कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो वर्षों तक यह पुरस्कार जीतूंगी, और फिर से नामांकित हो जाऊंगी। मैं वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं और यह मेरे, मेरे परिवार और मेरे साथियों के लिए भी गर्व का क्षण है।

## हेड-लाबुशेन की पार्टनरशिप ने छीना मैच : रोहित

अहमदाबाद, 20 नवंबर। वर्ल्ड कप के फाइनल में टीम इंडिया की हार पर कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हमने 20 से 30 रन कम बनाए। आज हमारा दिन नहीं था और हमने अच्छी बैटिंग नहीं की। रोहित ने हेड-लाबुशेन की शतकीय साझेदारी को ऑस्ट्रेलिया की जीत का श्रेय दिया। उन्होंने कहा- हेड-लाबुशेन की पार्टनरशिप ने मैच को हमसे दूर किया। दोनों की साझेदारी ने हमें खेल से पूरी तरह बाहर कर दिया। मैच के बाद भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने कहा- हमने गलत टाइम पर विकेट गंवाए। पहले रोहित, फिर विराट और लास्ट में राहुल बहुत गलत टाइम पर आउट हो गए। बाद में छठे बॉलर की कमी महसूस हुई।

आज हमारा दिन नहीं था, लेकिन गेम-1 से जैसा हमने खेला, टीम की परफॉर्मेंस से खुश हूं। राहुल और विराट जब बैटिंग कर रहे थे, तब हमें लगा कि 270 तक का स्कोर ठीक रहेगा। पारी खत्म होने के बाद लगा कि हमने 20 से 30 रन कम बनाए। हम जितनी कोशिश कर सकते थे, उतनी कोशिश की। पिच भी दूसरी पारी में बैटिंग के लिए आसान हो गई। हमें पता था कि पिच दूसरी पारी में अच्छी हो जाएगी, लेकिन हमने बैटिंग में निराश किया।

कमिंस बोले- हमने हमारा बेस्ट लास्ट मैच के लिए बचा कर रखा। हमने पूरे टूर्नामेंट में पहले बैटिंग की, आज सोचा कि दूसरी पारी में बैटिंग आसान होगी। पिच बहुत स्लो थी, हमने जितनी स्पिन सोची थी, उतनी स्पिन हुई नहीं। इस तरह के स्लो विकेट पर स्लोअर बॉल और बाउंसर का ही इस्तेमाल सही रहता है। हम 300 के अंदर टीम को रोकना चाहते थे, 240 पर रोक कर हम खुश थे। मेडिकल टीम और सिलेक्टर्स के कारण ट्रैविस हेड खेल पाए। क्राउड शानदार था, भारत में क्रिकेट देखने का पैशन बेहतरीन है। ओपनर्स ने बेहतरीन परफॉर्म किया, शुरुआती 2 मैच हारने के बाद ट्रॉफी जीतना मुझे लम्बे समय तक याद रहेगा।

भारतीय टीम के चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने कहा- हमारा दिन खराब रहा। टीम के ओवरऑल प्रदर्शन से खुश हूं। इस पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह का क्रिकेट हमने खेला, टीम ने सब को प्राउड फील कराया। फाइनल में हम अपना बेस्ट गेम नहीं खेल सके। पिछले 2 साल में जिन प्लेयर्स के साथ मैंने काम किया, उनके प्रदर्शन से बहुत स्पेशल महसूस किया।

ऑस्ट्रेलिया अच्छी टीम है, वो 8 लगातार जीत के साथ फाइनल खेलने पहुंचे। ड्रेसिंग रूम में निराशा है, प्लेयर्स और सपोर्ट स्टाफ निराश है। कुछ टाइम बाद जब इस परफॉर्मेंस पर नजर डालेंगे, तो टूर्नामेंट में खुद के प्रदर्शन से खुश ही होंगे। 2027 वर्ल्ड कप के बारे में नहीं सोच रहा 2027 वर्ल्ड कप के बारे में अभी नहीं सोच रहा। उसके लिए बहुत ज्यादा टाइम है। मुझे लगा हमने 30 से 40 रन कम बनाए। दोपहर में गेंद बहुत रुक कर आ रही थी। दूसरी पारी में इतनी ज्यादा ओस नहीं थी।

## जोकोविच ने सिनर को हराकर सातवीं बार जीता एटीपी फाइनल का खिताब

टयूरिन, 20 नवंबर। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इटली के यानिक सिनर को सीधे सेटों में हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। इस के साथ दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जोकोविच ने सत्र के आखिर की चैंपियनशिप में रोजर फेडरर के करियर के छह खिताबों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। जोकोविच ने एक घंटा 43 मिनट तक चले मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी सिनर को 6-3, 6-3 से से हराया।

# वर्ल्डकप टीम ऑफ द टूर्नामेंट में 6 भारतीय, रोहित कप्तान

### 12 प्लेयर्स में ऑस्ट्रेलिया के 2, पाकिस्तान का एक भी नहीं

नई दिल्ली, 20 नवंबर। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वर्ल्ड कप 2023 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान कर दिया है। इस टीम के कप्तान रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने इस टूर्नामेंट में लगातार 10 मैच अपनी टीम को जिताए। इस लिस्ट में सबसे ज्यादा 6 भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के दो खिलाड़ियों को जगह मिली है। इसके अलावा श्रीलंका, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के 1-1 खिलाड़ी को जगह दी गई है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया रविवार को वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारत को 6 विकेट से हराकर छठी बार चैंपियन बना है। क्विंटन डी कॉक , रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, डेरिल मिचेल, केएल राहुल, ग्लेन मैक्सवेल, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, दिलशान मदुशंका, एडम जम्पा और जेराल्ड कूट्जी। साउथ अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज ग्रुप स्टेज के दौरान शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने चार शतक बनाए, जिसमें वानखेड़े स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ 174 रनों की शानदार पारी भी शामिल है। डी कॉक ने पूरे टूर्नामेंट में 107.02 की स्ट्राइक रेट से 594 रन बनाए। टूर्नामेंट में विकेटकीपर चुने गए डी कॉक ने सबसे ज्यादा 20 डिसमिसल किए हैं। टीम इंडिया के कप्तान और ओपनर रोहित शर्मा ने मेजबान टीम के लिए इस वर्ल्ड कप में 597 रन बनाए। रोहित इस टूर्नामेंट में रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। वहीं विराट कोहली टॉप पर हैं। विराट कोहली ने फाइनल में 54 रन की पारी खेली। इसी के साथ उन्होंने इस वर्ल्ड कप को 765 रन के साथ खत्म किया। वे एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। दूसरे नंबर पर भारत के ही सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने 2003 में 673 रन बनाए थे। कोहली टूर्नामेंट की 11 पारियों में से केवल दो बार 50 से ज्यादा का स्कोर पार नहीं कर पाए, बाकी 9 परियों में उन्होंने तीन शतक और 6 अर्धशतक लगाए। न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में डेरिल मिचेल की अहम भूमिका रही। उन्होंने नौ पारियों में 69 के औसत और 111.06 के स्ट्राइक रेट से 552 रन बनाए। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 134 रन की जुझारू पारी खेली। टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज राहुल ने 11 मैचों में 452 रन बनाए। इसमें नीदरलैंड के खिलाफ 102 रन और लीग स्टेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 97 रन की पारी शामिल है। 31 साल के खिलाड़ी ने वर्ल्ड कप में 75.33 की औसत से बल्लेबाजी की, जो टूर्नामेंट के दौरान किसी भी बल्लेबाज के लिए तीसरा बेस्ट है। ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल ने नीदरलैंड के खिलाफ 40 बॉल पर शतक लगा दिया था। जो टूर्नामेंट इतिहास का सबसे तेज शतक रहा। वहीं अफगानिस्तान के खिलाफ मैक्सवेल ने 128 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 201 रन बनाए। उन्होंने इस पारी के दौरान 21 चौके और 10 छक्के लगाए। भारत के स्टार ऑलराउंडर जडेजा ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 16 विकेट चटकाए और बल्ले से 120 रन बनाए। उनका इकोनॉमी रेट टूर्नामेंट में सबसे बेहतर में से एक रहा, जो प्रति ओवर 4.25 था बुमराह ने वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया और बेहद किफायती रहे। वे बेस्ट इकोनॉमी रेट में दूसरे नंबर पर रहे। उनसे आगे भारत के ही आर अश्विन हैं। बुमराह ने 11 मैचों में 20 विकेट लिए। श्रीलंका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने 9 मैचों में 21 विकेट लिए। वे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर रहे। उनका इस वर्ल्ड कप का बेस्ट बॉलिंग फिगर 5/80 रहा, जो भारत के खिलाफ था।

# प्रियंका ने कहा, कांग्रेस विकास करती है, भाजपा जाति धर्म के नाम पर वोट मांगती है

## पायलट बोले, जब कांग्रेस महंगाई की बात करती है तो भाजपा भारत-पाकिस्तान और मंदिर-मस्जिद याद करती है




*क़ेकड़ी में प्रियंका गाँधी और सचिन पायलट ने रघु शर्मा के समर्थन में जनसभा की।*

- केकड़ी में कांग्रेस प्रत्याशी रघु शर्मा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया, प्रियंका गांधी और सचिन पायलट ने।
- सभा में रघु शर्मा की पत्नी वीरा शर्मा ने प्रियंका को चुनरी ओढ़ाई। हैलीपैड से सभास्थल तक प्रियंका गांधी और पायलट पर 51 जे.सी.बी. से पुष्प वर्षा की गई।

केकड़ी, 20 नवम्बर (निसं)। सोमवार को केकड़ी के पटेल मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रघु शर्मा के समर्थन में आयोजित आमसभा में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, भाजपा की नीतियां जनता की कमर तोड़ रही हैं। राजस्थान सरकार ने भाजपा की नीतियों से आपको बचाकर रखा है। केकड़ी में विकास के अभूतपूर्व काम हुए हैं। केकड़ी जिला बना, यहां 400 बैड का अस्पताल बना। इसी विकास के आधार पर कांग्रेस पार्टी आपसे वोट मांग रही है।

आमसभा में प्रियंका गांधी ने सबसे पहले स्थानीय देवी-देवताओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि, त्योहार में जैसे हम पूजा करते हुए घर की सफाई करते हैं, वैसे ही जब चुनाव का समय आता है तो यहां भी सफाई जरूरी है। मोदी जी कहते हैं कांग्रेस के नेता एक दूसरे को रन आउट करने में लगे हुए हैं। जबकि सच्चाई यह है कि, राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी खुद ही हिट विकेट है। इनकी पार्टी पूरी तरह से बिखरी हुई है। ये दूरबीन से पूरे राजस्थान में ढूंढ रहे हैं कि, हमारा नेता कौन बन सकता है। लेकिन इन्हें कुछ भी नहीं सूझ रहा। कांग्रेस विकास की बात करती है, जबकि भाजपा जाति व धर्म के नाम पर वोट मांगती है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि, जो सरकार चल रही है उसने अच्छे काम किए हैं या नहीं, इन सब बातों का हमें आकलन करना है। आप सभी हमारी और भाजपा के नेताओं की बात सुनें और देखें किसमें कितना वजन है। उन्होंने कहा कि, राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने किसानों का 15 हजार करोड़ रुपए का कर्जा माफ किया। भाजपा ने देश की सम्पत्ति बड़े-बड़े उद्योगपतियों को दे दी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई सभी कल्याणकारी योजनाएं बंद हो जाएगी।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि, केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण किसान, नौजवान, महिला, मध्यम वर्ग सभी परेशान हैं। जब हम महंगाई की बात करते हैं तो भाजपा भारत-पाकिस्तान करती है। जब हम नौजवान व किसान की बात करते हैं तो भाजपा को मंदिर और मस्जिद याद आता है। आने वाले 25 नवम्बर को प्रदेश का भविष्य तय होगा। हम सब को मिलकर निर्णय करना है कि, नौजवान व किसान का भविष्य क्या हो।

कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि, पिछले पांच साल में केकड़ी में विकास की गंगा बही है। विकास की इसी गति को बरकरार रखने के लिए प्रदेश में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनानी होगी।

प्रियंका गांधी व सचिन पायलट का शानदार स्वागत किया। रघु शर्मा ने प्रियंका गांधी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। रघु शर्मा की पत्नी वीरा शर्मा ने प्रियंका गांधी को चुनरी ओढ़ाई। इस मौके पर युवा नेता एवं पी.सी.सी. सदस्य सागर शर्मा तथा क्षेत्र के सभी प्रमुख कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस महासचिव रतन पवार ने किया।

प्रियंका गांधी व सचिन पायलट अलग-अलग हैलीकॉप्टर से केकड़ी पहुंचे और अजमेर रोड़ स्थित राजकीय महाविद्यालय में बनाए गए अस्थाई हैलीपेड पर उतरे।

यहां से सड़क मार्ग से, सभा स्थल गए। इस दौरान रास्ते में जगह- जगह लोगों ने उनका स्वागत किया और 51 जे.सी.बी. से पुष्प वर्षा की गई। रास्ते में प्रियंका गांधी व सचिन पायलट को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी। केकड़ी में जनसभा के बाद प्रियंका गांधी व सचिन पायलट जहाजपुर के लिए रवाना हो गए।

## चुनाव वाले पांच राज्यों में 1760 करोड़ रू. की नकदी, माल-असबाब जब्त

नयी दिल्ली, 20 नवंबर। भारतीय निर्वाचन आयोग ने बताया कि, पांच राज्यों में इस समय चल रहे विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद उसने इन राज्यों में अब तक कुल 1760 करोड़ रुपये की नकदी, शराब और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए उन्हें मुफ्त दिये जाने वाले सामान जब्त किये हैं। आयोग ने एक विज्ञिप्त में बताया कि, यह जब्ती प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग और समन्वय के साथ की गयी है। इन कार्रवाइयों में सबसे अधिक नकदी तेलंगाना में और सबसे कम (शून्य) नकदी मिज़ोरम में पकड़ी गयी है। इन राज्यों में इस बार की गयी जब्ती इन्हीं पांचों राज्यों में 2018 में कराये गये राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान इस तरह की जब्ती की तुलना में करीब सात गुना है। प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक 373 करोड़ रुपये की नकदी, 215 करोड़ रुपये की शराब, 245 करोड़ रुपये की ड्रग, 371 करोड़ रु. की बहुमूल्य धातुयें, 556 करोड़ रुपये के मुफ्त बांटने के सामान जब्त किये हैं। राजस्थान में 93.17 करोड़ रुपये की नकदी, 51.29 करोड़ की शराब, 91.71 करोड़ रु. के ड्रग्स, 73.36 करोड़ रु. के सामान पकड़े गये हैं।

# चुनाव जीतने के मामले में बेहद खराब ट्रैक रिकॉर्ड रहा है कांग्रेस के मंत्रियों का

- गहलोत सहित 2003 में सिर्फ 7 और 2013 में मात्र पांच मंत्री ही चुनाव जीत पाए थे।
- इस बार भी जितने भी मंत्री चुनाव मैदान में हैं, उनमें 5 के अलावा सभी की हालत खराब है।

जयपुर, 20 नवम्बर (का.प्र.)। राजस्थान में पिछले 20 सालों के चुनाव का एक ट्रेंड रहा है कि कांग्रेस सरकार में जितने भी मंत्री होते हैं, वे अगले चुनाव में अगर फिर से पार्टी उम्मीदवार के तौर पर मैदान में जाते हैं, तो अधिकांश चुनाव हार जाते हैं। वर्ष 1998 में जीतकर मंत्री बने नेताओं और 2008 से 2013 की कांग्रेस सरकार में मंत्री बने नेताओं का ट्रैक रिकार्ड देखें, तो जीतने वाले मंत्रियों की संख्या 20- 25 प्रतिशत के लगभग ही है।

इस बार की बात करें तो कांग्रेस सरकार के तीन मंत्री चुनाव मैदान से बाहर है हेमाराम चौधरी, लालचन्द्र कटारिया और महेश जोशी। हेमाराम चौधरी और लालचंद कटारिया ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था और महेश जोशी का टिकट पार्टी ने काट दिया। बाकी जो मंत्री चुनाव लड़ रहे हैं, उनमें से भी अधिकांश कांटे के मुकाबले में फंसे हुए हैं। वर्ष 1998 में कांग्रेस की सरकार में मंत्री रहे नेता जब 2003 में चुनाव लड़ने गए, तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित सिर्फ 7 मंत्री चुनाव जीत पाए थे।

दोनों उपमुख्यमंत्री कमला बेनीवाल और बनवारी लाल बैरवा सहित अधिकांश मंत्री चुनाव हार गए थे। इसी तरह 2008 में फिर कांग्रेस की सरकार बनी और सरकार में मंत्री बनने वाले नेता जब 2013 में चुनाव मैदान में उतरे तो जीतकर आने वाले मंत्रियों की संख्या सिर्फ पांच रह गई थी और बाकी सभी चुनाव हार गए थे। अब 2023 विधानसभा चुनाव में मतदान में 5 दिन ही बाकी रहे हैं और राजस्थान में चुनाव लड़ रहे मंत्रियों की स्थिति पर नजर डालें, तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मंत्री प्रमोद जैन भाया, प्रताप सिंह खाचरियावास, उदयलाल आंजना, बृजेंद्र ओला और मुरारी लाल मीणा ही सहज स्थिति में नजर आ रहे हैं। अधिकांश मंत्रियों की स्थिति बहुत ही खराब है कई मंत्री तो त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे हुए हैं। राजस्थान में कांग्रेस के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी भी नज़र आ रही है, इसलिए यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा कि जिस तरह से 2003 और 2013 में कांग्रेस सरकार के अधिकांश मंत्री चुनाव हार गए थे क्या इस बार भी वही स्थिति होगी।

# 'क्या कोई राज्यपाल किसी विधेयक पर मंजूरी को रोक कर बैठे रह सकता है'

## सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल के खिलाफ दायर की गई, वहां की सरकार की याचिका की सुनवाई करते हुए सवाल उठाया

- चीफ जस्टिस डी. वाय. चन्द्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने पूछा कि, क्या विधेयक को विधानसभा में पुनः नहीं भेजना राज्यपाल का जायज़ कदम है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 नवम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने आज एक कानूनी मुद्दा उठाते हुए आज प्रश्न किया कि "क्या कोई राज्यपाल किसी विधेयक को विधानसभा में पुनः भेजे बिना उस पर अपनी स्वीकृति को रोककर बैठे रह सकता है? विधेयकों को मंजूरी देने में विलम्ब करने को लेकर तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई पुनः शुरु की। इस दौरान उसने तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि के लिए कड़े सवाल किए।

शीर्ष अदालत ने पंजाब और केरल की सरकारों द्वारा दायर इसी तरह की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान पूछा "ये विधेयक वर्ष 2020 से लम्बित है। यह तीन साल से क्या कर रहे हैं?

चीफ जसिटस डी.वाय. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की एक बैंच ने सीनियर एडवोकेट के.के. वेणुगोपाल के निवेदन पर गौर किया, जिसमें राज्यपाल पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने आठ विधेयकों को अपनी मंजूरी प्रदान करने में विलम्ब किया है।

राज्यपाल रवि द्वारा दस विधेयकों को लौटाने के कुछ दिन बाद कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जतायी। इनमें से दो विधेयक तो पूववर्ती ए.आई.ए.डी.एम.के. सरकार के कार्यकाल में पारित किए गए थे। उसके बाद तमिलनाडु विधानसभा का गत शनिवार को एक विशेष सत्र आयोजित कर सभी दसों विधेयकों को पुनः स्वीकार कर राज्यपाल की मंजूरी के लिए वापस भेजा गया। कोर्ट ने इस घटनाक्रम पर आज सुबह गौर करते हुए कहा कि "विधानसभा ने विधेयक पुनः पारित कर राज्यपाल के पास भेजे हैं। देखते हैं वह अब क्या करते हैं।" कोर्ट ने यह टिप्पणी कर इस प्रकरण में आगामी 1 दिसम्बर तक के लिए सुनवाई स्थगित कर दी।

कोर्ट ने टिप्पणी की कि विधेयकों के पुनः पारित होने पर उनकी अहमियत वित्त विधेयकों के समान ही हो जाती है।

तमिलनाडु सरकार ने भाजपा द्वारा नियुक्त राज्यपाल पर विधेयकों की मंजूरी में जानबूझकर विलम्ब करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह एक निर्वाचित सरकार को कमजोर कर राज्य के विकास को अवरूद्ध कर रहे हैं।

सत्तारूढ़ द्रमुक ने कोर्ट में कहा कि राज्यपाल विधेयकों को स्वीकृत करने में जानबूझकर विलम्ब कर जनभावना की अनदेखी कर रहे है। डी.एम.के. ने कोर्ट से कहा कि राजभवन के लिए विधेयकों को मंजूरी देने की एक निश्चित समय सीमा निर्धारित की जाए। अधिकांश विधेयकों में राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त करने में राज्यपाल की "चांसलर" शक्तियों के पर कतरे गए हैं। सत्तारूढ़ डी.एम.के. मुख्यमंत्री को यूनिवर्सिटीज़ का चांसलर बनाना चाहती है। आज की सुनवाई में तमिलनाडु सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सीनियर एडवोकेट अभिषेक सिंघवी व मुकुल रोहतगी और तमिलनाडु के राज्यपाल की पैरवी कर रहे सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता के बीच तीखी नोंक-झोंक हुई। सिंघवी और रोहतगी ने कहा कि "राज्यपाल ने बिना कोई कारण बताए विधेयक लौटा दिए। उन्होंने संविधान की हर बात का उल्लंघन किया है।" इस पर सॉलीसिटर जनरल ने जवाब दिया कि "राज्यपाल महज एक टैक्निकल सुपरवाइजर नहीं है।" कोर्ट ने ध्यान दिलाया कि रवि के समक्ष कुल 181 विधेयक भेजे गए जिनमें से 162 पर उन्होंने अपनी स्वीकृति दी।

कोर्ट ने यह भी टिप्पणी कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत किसी भी राज्य के राज्यपाल के पास तीन विकल्प होते हैं- एक तो उनके समक्ष प्रस्तुत विधेयक पर अपनी सहमति देना, स्वीकृति को रोक देना या उसे भारत के राष्ट्रपति के पास भेज देना। कोर्ट ने आगे कहा कि प्रावधान कहता है कि राज्यपाल इसे पुनर्विचार के लिए राज्य सरकार के पास भी भेज सकते हैं।" कोर्ट ने प्रश्न किया कि "क्या राज्यपाल किसी विधेयक को पुनः विधानसभा लौटाए बिना उसे स्वीकृति के लिए अपने पास रोके रख सकते हैं?

रवि ने इससे पूर्व नीट परीक्षा में छूट संबंधी विधेयक को काफी विलम्ब के बाद तभी राष्ट्रपति के पास भेजा, जब कि उसे विधानसभा ने पुनः पारित ना कर दिया। ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध की मांग करने वाले एक विधेयक पर भी उन्होंने ऐसा ही रवैया अपनाया था। उन्होंने कहा था कि "विधेयक को रोके रखना उसे ना कहने का एक शिष्ट अंदाज है।" केरल और पंजाब की सरकारें भी अपने-अपने राज्यपालों के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट में गई हैं। पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को कोर्ट ने गत सप्ताह कहा था कि "वह आग से खेल रहे हैं। केरल के मामले में कोर्ट ने केन्द्र सरकार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से जवाब तलब किया है।

सीनियर एडवोकेट वेणुगोपाल ने कहा कि "यह महामारी जैसी स्थिति है। राज्यपालों को यह ऐहसास नहीं है कि वे संविधान के अनुच्छेद 168 के तहत विधायिका का हिस्सा हैं।"

केरल सरकार ने अपनी याचिका में दावा किया कि राज्य विधानसभा द्वारा पारित आठ विधेयकों पर विचार करने में राज्यपाल खान विलम्ब कर रहे हैं।

## भाजपा हाई कमान...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से कसमें खायी हैं कि, वे तो हाई कमान के, पार्टी के वफादार हैं, किसी नेता विशेष से जुड़े हुए नहीं हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि, इन चालीस उम्मीदवारों का यह माद्दा नहीं है कि, हाई कमान के निर्देश की अवहेलना कर सकें।

साथ ही "फाइनल्स" (24 का लोकसभा चुनाव) में सफलता के लिये, हाई कमान भी नहीं चाहता कि, किसी तरह भी वसुंधरा जी पूर्णतया बगावत की मुद्रा में आ जायें और भाजपा पिछले लोकसभा का रिजल्ट दोहरा नहीं पाये। गत लोकसभा चुनाव में भाजपा राजस्थान की सभी 25 सीटों पर विजयी हुई थी। इस बार यह माना जा रहा है कि, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश में भाजपा को सीटों का नुकसान होगा, लोकसभा चुनाव में। ऐसे में राजस्थान में सभी लोकसभा सीटों को जीतना और भी जरूरी हो गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि, पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को लगभग बाइस सीटें कम मिली थीं तथा कांग्रेस ने सरकार बनाई थी। पर कुछ महीनों बाद आयोजित लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पुनः पच्चीस में से पच्चीस सीटें जीती थीं। उस समय का नारा, "मोदी तेरे से बैर नहीं, पर वसुंधरा तेरी खैर नहीं" अनायास ही याद आ जाता है।

बहरहाल संसद के चुनाव में मोदी का रंग मतदाता के सिर चढ़ कर बोलता है। इस बार भी कुछ और हो ना हो, मोदी के कंधों पर ही लोकसभा चुनाव जिताने की जिम्मेवारी रहेगी। पर, यदि विपक्ष की एकता का प्रयास सफल हो गया और भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक संयुक्त उम्मीदवार उतारने की कोशिश कामयाब हो गयी तो, भाजपा के समक्ष एक दिक्कत हो सकती है। यह एक और कारण है, राजस्थान में वसुंधरा राजे को "खुश" रखने का और कम से कम खुली बगावत के मूड में आने से रोकने का। एक तरफ कुआं (वसुंधरा राजे को मु.मंत्री बनाने का विकल्प) और दूसरी ओर खाई, यानी राजस्थान में कम से कम लोकसभा चुनाव का रिजल्ट खतरे में डालने का "ऑप्शन", इनके बीच भाजपा हाई कमान ने अपनी किश्ती बड़ी "मैच्योरिटी" (समाई व समझदारी) से चलाई है।

और, आगे भी अगर भाजपा को अपनी किश्ती खेते रहना है तो, एक ही समाधान है कि, वसुंधरा राजे को "ग्रेसफुल एक्ज़िट" (सम्मानजनक विकल्प) देकर खुश नहीं तो, कम से कम संतुष्ट रखें, पूर्णतया असंतुष्ट नहीं होने दें। यह दिक्कत की बात है, पर स्वाभाविक है कि, मुख्यमंत्री की कुर्सी के सामने सभी अन्य विकल्प कुछ फीके से लगते होंगे वसुंधरा जी को। अतः केवल समझाइश से या पार्टी के हित का और हाई कमान की गरिमा का हवाला देकर वसुंधरा जी का मन बदलवाना संभव नहीं। यह तो ऐसा है कि, बीन की मनमोहक धुन सुना कर सांप को सम्मोहित कर लेना और उम्मीद करना कि वह आपकी मणि आपको सप्रेम दे देगा। केवल राजनीतिक लेन-देन दोनों पार्टियों को माफिक आ जाये, ऐसा समाधान अगर केवल शुद्ध राजनीतिक सौदेबाजी पर आधारित होगा तभी सफल होगा। अतः यह देखना काफी रोचक होगा कि, हाई कमान क्या ऑफर करता है और वसुंधरा जी उसमें क्या परिवर्तन कराती हैं, स्वीकार करने से पहले, और बातचीत की प्रक्रिया आगे बढ़ती है।

( क्रमशः )

# बीकानेर में मोदी का रोड शो: लोगों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विकास को आगे बढ़ाना चाहती है परंतु यहां कांग्रेस की सरकार ने पांच वर्षों में राज्य को पीछे धकेल दिया। मोदी ने कहा रानीवाड़ा के प्राचीन हनुमान मंदिर में दलित पुजारी हैं यहां महिलाओं एवं दलितों को कांग्रेस गालियां कांग्रेस दे रही हैं। मोदी ने कहा, महिलाओं के विरुद्ध अत्याचार करने वाला घमण्डिया गठबन्धन कभी भला नहीं कर सकता। राजस्थान मुख्यमंत्री कहते हैं थाने में महिलाएं फर्जी बातें लिखवाती हैं। दिल्ली के कांग्रेसी नेता जादूगर की बात मानते हैं।

मोदी ने मोबाईल खर्च घटने, बेहतर कोविड प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि पाली जिले में 35 हजार आवास बनाए गए और अधिक बन सकते थे परंतु कांग्रेस सरकार ने गम्भीरता से नही लिया। हर घर नल कनेक्शन में भी घोटाला किया। उन्होंने कहा कि पानी चाहिए तो कांग्रेस से मुक्ति पानी होगी। पर्यटन पर चर्चा करते हुए मोदी ने कहा पाली से गोरमघाट तक हैरिटेज ट्रेन चलाई गई एवं रेलवे स्टेशनों के आधुनिकरण किया जा रहा हैं। फ्रेट कॉरिडोर से भी क्षेत्र में उन्नित होगी। उन्होंने आउवा के ठाकुर खुशाल सिंह एवं स्थानीय देवताओं को नमन किया और उन्होंने कहा कि वे वोट मांगने नहीं आए, 3 दिसम्बर को शपथ ग्रहण का निमंत्रण देने आए हैं।

इस मौके पर पाली से सांसद पी.पी. चौधरी तथा पाली की सभी विधानसभा सीटों के प्रत्याशी भी मौजूद थे।



*बीकानेर में हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य रोड शो।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पीलीबंगा के गांधी स्टेडियम में 'विजय संकल्प सभा' को भी संबोधित किया तथा हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर जिलों के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदाताओं को साधने का प्रयास किया।

33 मिनट के भाषण में मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि 2014 से पहले पदमश्री पुरस्कार दिए जाते थे परंतु वे उनको मिलते थे, जिनकी सत्ता में बैठे लोगों तक पहुंच होती थी परंतु हमने गांव, ढाणी में बैठे समर्पित भाव से काम करने वाले लोगों को सम्मान दिया। करीब 50 हजार लोगों की भीड़ से अभिभूत मोदी ने जनता के हाथ खड़े करवाकर पूछा कि बेईमानों से मुक्ति मिलनी चाहिए कि नहीं, जनता ने कहा मिलनी चाहिए। मोदी ने कहा कि सबसे पहले उन्हें चुनावों में पराजित कर सजा देनी होगी। मोदी ने लोगों से राजस्थान की यही पुकार, आ रही है भाजपा सरकार' के नारे लगवाए। मोदी ने कहा कि गुरु परम्परा, संत परम्परा, नाम जपो कीरत करो, यह सीख हमारे गुरुओं ने दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कीरत करने वालों के लिए पी.एम. विश्वकर्मा योजना लाई जा रही है। कीरत करने वाले को सम्मान दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा और अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हमने देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का काम किया। करोना काल में जब पूरी दुनियां पर मौत मंडरा रही थी तब भी आपका यह सेवक सोता नहीं था। मैने तब भी प्रण लिया था कि 80 करोड़ देशवासियों का चूल्हा बुझने नहीं दूंगा। मोदी ने कहा कि हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर में नशे के तस्करों का जाल बिछा है भाजपा की सरकार बनते ही इन्हें जेल भेज दिया जाएगा। मोदी ने कहा कि हमने मानवता की सेवा के लिए कार्य किया है। अफगानिस्तान में युद्ध के समय अदब से गुरु ग्रंथ साहिब को लाना, करतारपुर कॉरिडोर को खुलवाना, साहिबजादों के बलिदान दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाने का काम आपके इस सेवक ने किया। मोदी ने क्षेत्र में दूषित पेयजल की वजह से बढ़ रहे कैंसर रोगियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिले, इसके लिए जल जीवन मिशन अभियान के तहत यह कार्य किया जाएगा। इससे पूर्व मंच पर पहुंचने पर उपस्थित भाजपा प्रत्याशियों ने मोदी का स्वागत किया।

## आज प्र.मंत्री का ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रोड शो को लेकर जयपुर में एस.पी.जी. ने मोर्चा संभाल लिया है। पुराना शहर और तंग गलियों आदि के चलते सुरक्षा के साथ ही आवाजाही को लेकर भी प्लान बनाया जा रहा है। रोड शो के माध्यम से प्रधानमंत्री जयपुर शहर व देहात की डेढ़ दर्जन सीटों का माहौल बदलने की कोशिश करेंगे। बताया जा रहा है कि, प्रधानमंत्री मोदी करीब साढ़े पांच बजे एयरपोर्ट पहुँचेंगे। इसके बाद वे जवाहर सर्किल, ओ.टी.एस. चौराहा, गांधीनगर सर्किल, जेडीए सर्किल, एल्बर्ट हॉल, एम.आई. रोड होते हुए सांगानेरी गेट पहुंचेंगे। सांगानेरी गेट पर प्रधानमंत्री मोदी खुले रथ में सवार होंगे और रोड शो शुरू होगा। रोड शो बापू बाजार, नेहरू बाजार, किशनपोल, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार व गेट, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार हुए सांगानेरी गेट पर ही समाप्त होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी करीब 8 बजे एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा के साथ जगह जगह स्वागत किया जाएगा।

# सहारा का "अनक्लेम्ड फण्ड" सरकारी खजाने में मिलाने की तैयारी?

## सेबी के पास सहारा का 25,000 करोड़ रूपया जमा है, जिसके लिए किसी ने भी दावा नहीं किया है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 नवम्बर। केन्द्र सरकार अगले वर्ष होने जा रहे लोकसभा चुनावों से महीनों पूर्व सहारा के 25 हजार करोड़ से अधिक के लावारिस कॉर्पस फण्ड्स को ट्रांसफर करने की विधिक प्रक्रिया पर काम कर रही है। ये फण्ड्स सेबी के पास रखे हुए हैं।

सहारा ग्रुप के चेयरमैन सुब्रत रॉय के हाल ही हुए निधन के बाद ये लावारिस फण्ड्स फिर से सुर्खियों में आ गए हैं और उम्मीद है कि अब इन्हें भारत की समेकित निधि में ट्रांसफर किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इनका उपयोग भारत सरकार द्वारा गरीबों और सामाजिक कल्याण के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं को गति प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

जिन विधिक प्रक्रियाओं पर काम किया जा रहा है, उनके अन्तर्गत निवेशकों को उनकी राशि रिफण्ड करने का भी एक प्रावधान बनाया जाएगा। तथापि और अन्य निवेशकों के आगे आने की संभावना ना के बराबर है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की पहल पर जब सहारा सेबी रिफण्ड अकाउण्ट तैयार किया गया था तब गत दशक की राशि का दावा करने वाले बहुत कम निवेशकों ने इसमें आवेदन किया था।

सेबी ने वर्ष 2011 में सहारा रीयल एस्टेट कॉरपोरेशन लिमिटेड और सहारा हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड को आदेश दिया था उसने 3 करोड़ निवेशकों का 25 हजार करोड़ का जो कॉर्पस फण्ड निर्मित किया था, उन्हें उनकी रकम रिफण्ड की जाए। इन निवेशकों ने सहारा के पूर्ण परिवर्तनीय बॉण्ड्स खरीदे थे। मार्केट रैग्यूलेटर सेबी ने माना था कि सहारा ग्रुप कम्पनियों ने नियमों का उल्लंघन कर फण्ड्स जुटाए है। सेबी ने आदेश दिया था कि इस राशि को 15 प्रतिशत ब्याज जोड़कर निवेशकों को रिफण्ड किया जाए।

सहारा ग्रुप ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, हालांकि शीर्ष अदालत ने सेबी के आदेश को सही माना और सहारा कम्पनियों को निर्देश दिए कि वे सेबी में फण्ड्स जमा कराएं। ग्रुप के चेयरमैन सुब्रत रॉय को सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनुपालना ना करने को लेकर वर्ष 2014 में गिरफ्तार किया गया था और इस ग्रुप ने जब सेबी द्वारा नियंत्रित विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों के स्पेशल अकाउण्ट्स में 24 हजार करोड़ रूपए जमा कराए तो रॉय को वर्ष 2016 में जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

इस वर्ष 31 मार्च को सहारा-सेबी रिफण्ड अकाउण्ट में उपार्जित ब्याज सहित कुल 25 हजार 163 करोड़ रूपए जमा थे। इस अकाउण्ट से अब तक 17 हजार 526 निवेशकों को 138 करोड़ की राशि रिफण्ड की गई है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908